RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्षः 4, अंकः 130 | ग्वालियर संस्करण, 21 दिसम्बर बुधवार 2024 | पृष्ठः 8+4 मूल्य 2 रुपए

## संसदीय सौंध की समिति कक्ष में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री किशन रेड्डी जी की अध्यक्षता में खान मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति बैठक

### सम्मिलित हुए ग्वालियर सांसद भरत सिंह कुशवाहा






**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**

नई दिल्ली के संसदीय सौंध की समिति कक्ष में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री किशन रेड्डी जी की अध्यक्षता में खान मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक में सहभागिता की। बैठक में एजेंडे के अनुसार कार्यसूची के साथ जलवायु परिवर्तन से जुड़ी रणनीतियों, सतत विकास, कोयला क्षेत्र में हरित ऊर्जा से संबंधित पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक में अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा करते हुए कहा कि पर्यावरण का संरक्षण और जल प्रबंधन आज एक चुनौती है। कोल माइंस की खदानों से ऊर्जा के क्षेत्र में उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई है। लेकिन चिंतनीय विषय यह है कि कोयला उत्खनन वाले क्षेत्रों में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है और स्थानीय जलस्त्रोत पर भी संकट खड़ा हुआ है। अत- पर्यावरण संरक्षण और जल प्रबंधन के लिए कोल कंपनियों से सरकार की गाइडलाइंस का सख्ती से पालन कराना चाहिए।इसके साथ ही खनन के उपरांत क्षेत्र का समतलीकरण होना चाहिए और पर्यावरणविदों के सुझाव पर स्थानीय जलवायु के अनुकूल वाले पौधे रोपित किया जाए। इसके लिए कंपनियों की जवाबदेही तय की जाए और पौधारोपण नहीं करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएं। इसके साथ खनन श्रेत्रों में पारंपरिक जलस्त्रोत को नष्ट करने वाले कंपनियों पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

## एक नजर...


### जन कल्याण पर्व अंतर्गत तीन विद्यालयों में करियर काउंसलिंग शिविर का सफल आयोजन'




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

ग्वालियर / समग्र शिक्षा अभियान(सेकेण्ड्री एजुकेशन) लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपालके निर्देशानुसार जन कल्याण पर्व अंतर्गत एम एल बी स्कूल मुरार, क्रमांक- 2 स्कूल मुरार, कन्या विद्यालय थाटीपुर में करियर काउंसलिंग शिविरों का गरिमामयीआयोजन किया गया । जिसमें विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग की गई । करियर काउंसलर श्याम किशोर शर्मा एवं श्रीमती निधि शर्मा ने करियर योजना, कौशल आधारित रोजगार के महत्व, उच्च शिक्षा के विकल्प, विदेश में पढ़ाई के लिए आवश्यक प्रक्रिया, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, छात्र उद्यमिता के बारे में संवाद, उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के विकल्प, स्थानीय रोजगार के अवसर, प्रजेन्टेशन एवं ब्रोशर के माध्यम से सत्र को संवेदात्मक और रोचक एवं विद्यार्थियों के विचार को महत्व देते हुए उनके करियर से संबंधित प्रश्नों का समाधान कर मार्गदर्शन प्रदान किया ।श्याम किशोर शर्मा ने प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया । मॉनिटरिंग सेल में अशोक कुमार दीक्षित ( नोडल अधिकारी) राजेश कुमार श्रीवास्तव संभागीय व्यावसायिक समन्वयक, डॉ. दीप्ति गौ?, ( मनोविशेषज्ञ काउंसलर ) उपस्थित रहे । कार्यक्रम में प्राचार्य विजय पिपरोलिया, रेणु बेदी, राजीव बंथरिया, विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना से कीर्ति पंत, मंजू अग्रवाल, ममता अग्रवाल, राज किशोरी शर्मा, मयूरी चतुर्वेदी सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं ब?ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे

### कोहरा आदि के कारण वाहनों से टक्कर न हो इसलिए रेडियम पट्टी नगर पालिका परिषद अम्बाह द्वारा अवारा पशुओं की लगाई जा रही है



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**
**पंकज जैन**

अम्बाह। नगर पालिका परिषद अंबाह द्वारा शहर मैं आवारा पशुओं के रेडियम बेल्ट ( चमकीली पट्टी ) लगाई जा रही हैं जिससे रात्री मै वाहनों ओर पशुओं के टकराने से होने वाली रोड दुर्घटना को रोक जा सके, अंधेरे एवं कोहरा आदि के कारण वाहनों से टक्कर न हो इसलिए रेडियम पट्टी लगाई जा रही हैं, श्री शारिब कौसर , सीएमओ अंबाह द्वारा इस कार्य हेतु नोडल श्री रोहित सिंह और श्री रवि शर्मा को बनाया गया है।।

### नगर पालिका परिषद अम्बाह द्वारा माथुर वैश्य धर्मशाला के पास वार्ड क्रमांक 5 मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत केम्प का आयोजन किया गया।




**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज**

अम्बाह । दिनांक 20.12.2024 को नगर पालिका परिषद अम्बाह द्वारा वार्ड क्रमांक 05 माथुर वैश्य धर्मशाला के पास अम्बाह में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अन्तर्गत केम्प का आयोजन किया गया है । इस केम्प में वृद्धावस्था पेंशन, पीएम स्वनिधि, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,नल कनेक्शन नवीन, आय प्रमाण, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुये जिनका तत्काल निराकरण स्वीकत किये गये उक्त केम्प में श्री शारिब कौसर मुख्य नगर पालिका अधिकरी एवं नगर पालिका परिषद की टीम, महिला वाल विकास, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। साथ ही श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अम्बाह द्वारा भी औचक निरीक्षण कर केम्प उपस्थित कर्मचारियो को निर्देशित किया गया। दिनांक 23.12.2024 एवं 24.12.2024 को वार्ड क्रमांक 06 पुराना थाना केम्पस अम्बाह दिनांक 25.12.2024 एवं 26.12.2024 को गल्ला मण्डी वार्ड क्रमांक 07 अम्बाह आगामी केम्प का आयोजन किया जाएगा।

## उटीला मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष सुधाकर पाठक का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत





**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

ग्वालियर- ग्रामीण के उटीला मंडल के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष सुधाकर पाठक का मंडल के सदस्यों के एव कार्यकर्ताओ द्वारा स्वागत कर बधाई प्रेषित की गई इस अवसर पर उटीला मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष सुधाकर पाठक ने अपने साथियों के साथ ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाहा व देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर (रामू भैया जी ) का स्वागत कर आशीर्वाद ग्रहण किया इस अवसर पर उनके साथ मनोज शर्मा हरेंद्र राणा सरपंच गुरी, चन्दन सिंह राणा सरपंच अरोली, आशाराम लोधी ,सोनू पाठक जिला उपाध्यक्ष, प्रमोद शर्मा मंडल उपाध्यक्ष, हरिशंकर चौहान हरिबघेल किसान मोर्चा,मोहन जाटव , आकाश शर्मा, भूरा बघेल , बेताल जाटव,रवि पाल एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे

## बाल संप्रेक्षण गृह में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**




ग्वालियर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री पी सी गुप्ता के निर्देशन व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीष दवंडे में बाल संप्रेक्षण गृह ग्वालियर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर के माध्यम से बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता और बाल संरक्षण योजनाओं की जानकारी दी गई। इस शिविर में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री अरविंद सिंह चौहान व डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री प्रवीण मित्तल ने बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहें बालकों को बालकों को मैत्री पूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनका संरक्षण योजना, निशुल्क विधिक सहायता,किशोर न्याय बालकों का देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया। इस अवसर पर बाल संप्रेक्षण गृह का स्टाफ़ व गृह में रह रहे विधि विरोधी बालक उपस्थित रहे।

## पिछोर में राज्य स्तरीय विधायक कप टूर्नामेंट का आयोजन प्रारंभ आज का मैच गाजियाबाद एकादश नागपुर के बीच खेला गया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता ,राकेश लोधी पिछोर,9589655424**

खबर शिवपुरी जिले के अंतर्गत पिछोर विधानसभा से है। जहां पर पिछोर नगर के छत्रसाल स्टेडियम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी जी के द्वारा श्रीमंत महाराज कैलाश वासी राजमाता माधवी राजे सिंधिया जी पुन्य स्मृति में राज्य स्तरीय विधायक कप लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसमें आज का मैच गाजियाबाद एकादश नागपुर के बीच खेला गया। वहीं पर पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा जी एवं विधायक प्रतिनिधि सुनील लोधी और भाजपा कार्यकर्ताओं ने दोनों टीमों



के खिलाड़ियों से परिचय किया और टॉस करवाया जिसमें गाजियाबाद टीम ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया और नागपुर एकादश ने बल्लेबाजी की और बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 242 रनों का लक्ष्य गाजियाबाद एकादश को दिया।गाजियाबाद टीम ने स्कोर का पीछा करते हुए,19 ओवर में ही लक्ष्य को पार कर दिया और गाजियाबाद एकादश की जीत घोषित हुई।इसी दौरान नागपुर एकादश की हार हुई।आज शुक्रवार को शाम लगभग 5~00 बजे मैच हुआ संपन्न।गाजियाबाद एकादश ने जीत हासिल की और वहीं पर अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बिकराट को मैन ऑफ द मैच दिया गया।इसी दौरान मुख्य अतिथि के रूप में, पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा,विधायक प्रतिनिधि सुनील लोधी जी,जगत सिंह पाल, विधायक निज सचिव महेश लोधी,नीतू मिश्रा जी, कपूर लोधी,मुकेश पंसारी जी,बसंत गुप्ता जी नरेंद्र पांडे जी,अंपायर- कमल सिंह बाथम ऊर्फ शेरा और जोंटी गुरु ऊर्फ अतरसिंह गौर रहे।कॉमेंटेटर राकेश पुरोहित पिछोर और मातादीन लोधी जी बसई,इसी दौरान कई हजारों की संख्या में नगरीय एवं क्षेत्रीय ग्रामीण लोग उपस्थित रहे जिन्होंने क्रिकेट का भरपूर आनंद लिया,और खिलाड़ियों का तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया।

## ग्रह मंत्री अमित शाह के विरोध में लहार में विरोध कर ज्ञापन सौंपा

### संविधान निर्माता का अपमान सहन नहीं अमित शाह पर हो एफआईआर :— वीरु धनोलिया

**दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान /रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान**

लहार, राजसभा में ग्रह मंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के लिए किए गए आपत्ति जनक शब्द के विरोध में लहार में एसडीएम के मध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित रहे वीरू धनोलिया ने कहा की भारतीय संविधान निर्माता बाबा भीम राव अंबेडकर जी का अपमान सहन नहीं किया जाएगा , देश के ग्रह मंत्री अमित शाह ने जो आंबेडकर जी के बारे में बोला वह निंदनीय है ऐसे शब्दों का उपयोग करना बाबा सहाब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी का अपमान है। जिसके लिए श्री अमित शाह जी को देश से माफी मांगनी चाहिए ,और श्री अमित शाह पर कानूनी कारवाई होनी चाहिए आगे



धनोलिया ने कहा कि कभी कोई नेता संविधान बदलने की बात करता है तो कभी संविधान की प्रीति जलाई जाती है अभी महाराष्ट के मुबई में बाबा सहाब की प्रतिमा के पास संविधान की प्रति जलाई गई उन लोगों पर भी कनूनी करवाई की जाए एवं ग्राम मझिया बदायूं में असामाजिक तत्व ने बौद्ध विहार को तोड़ दिया ऐसे कई घटनाएं आए दिन होती रहती है इन सभी पर अंकुश लगाया जाए आज ज्ञापन में गोपी लाल कुशवाह , जितेंद्र बघेल सामाजिक क्रांति मोर्चा उपाध्यक्ष , मौसम मल्होत्रा जिला अध्यक्ष भीमसेना,एड पीबी जारोलिया, कृष्ण नारायण कुशवाह ,सतीश निराला, रवि चक्रवर्ती कमलेश दोहरे,एड प्रशांत जारोलिया, एड जितेंद्र जरतोलिया, एड अखण्ड प्रताप,मोंटी रायपुरिया,अरविंद्र मेहरा,संजय अंचल ,पंकज,आदित्य, अरुण, प्रभाकर,तिलक सिंह , विपिन यादव सरपंच प्रदीप धनोलिया,राजवीर, समरत, सुलभ कुशवाह,राधे, मुनिल शाक्य, नवीन, लक्ष्मण कुशवाह, हिम्मत,दंगल कुशवाह ,महाराज सिंह बसपा विनोद कस्तवार सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## हस्तशिल्प प्रदर्शिनी और तेजस्वी विक्रय केंद्र में इस वर्ष बालरंग 2024 समारोह का उद्घाटन राजेन्द्र सिंह अपर संचालक , अरविन चौरगड़े संयुक्त संचालक द्वारा गया एवं अन्य अधिकारी के उपस्थिति में किया गया

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा



भोपाल।। विद्यालयीन छात्र - छात्राओं में निहित सृजनात्मकता को नया आयाम उपलब्ध कराते हुए विभिन्न विद्यालयों के छात्रों द्वारा स्वनिर्मित क्राफ्ट प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा स्वनिर्मित ग्रीटिंग कार्ड,डेकोरेटिव दिए ,डेकोरेटिव मटकी,फ्लावर पॉट ,लिपन आर्ट,पेन स्टैंड,वाल डेकोरेटिव रिंग ,मूर्तियाँ ,ज्वेलरी,झूमर,लिड़ाफे,पेंटिंग,की- चैन ,जूटबैग ,बासुरी ,चूड़ियाँ,फैब्रिक सामग्री ,मक्रेम बैग आदि प्रदर्शित किए जा रहे हैतेजस्वी मध्यप्रदेश कार्यक्रम का लक्ष्य है की मध्य प्रदेश के युवाओं में ड़ोखिम लेने की क्षमता ,कुछ नया सीखने साथ ही स्वतंत्रत सोच को बड़ावा देते हुए स्वावलंबी भारत के सपने को साकार करनाविद्यार्थी द्वारा गोंड पेंटिंग,स्टोन आर्ट ,हेंडीक्राफ्ट डेकोरेटिव आइटम ,आर्गेनिक खाद , नोटबुक , हर्बल सॉप,इत्यादि स्टाल के आकर्षण के केंद्र बिंदु है।
इस प्रदर्शनी की संयोजक श्रीमती रत्ना वाधवानी क्षेत्रीय ग्रंथपाल शासकीय मौलाना आज़ाद केंद्रीय पुस्तकालय भोपाल है तथा सहयोगी के रूप तेजस्वी टीम से ममता गुप्ता, मंजू गर्ग, प्रियंक वर्मा, पूजा त्रिपाठी है।

## जनदर्शन में ट्रांसफार्मर की मांग, तीन दिन में समाधान



देबाशीष गांगुली
(संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

कोरिया। जनदर्शन कार्यक्रम में 17 दिसंबर को ग्राम बेलिया के ग्रामीणों ने हसदो नदी के पास ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी को आवेदन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में स्थापित ट्रांसफार्मर को हटाए जाने से करीब 20 एकड़ क्षेत्र में लगी गेहूं और चना जैसी फसलें प्रभावित हो रही थीं।कलेक्टर ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। विभाग ने तीन दिन के भीतर हसदो नदी के पास स्टॉप डेम में ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया।

**कृषकों को विशेष छूट का प्रावधान**-कनिष्ठ यंत्री, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी, सोनहत ने बताया कि फिलहाल ट्रांसफार्मर चालू नहीं किया गया है, क्योंकि अब-तक किसी ग्रामीण ने कृषि पंप के लिए विद्युत कनेक्शन का आवेदन नहीं किया है। विभाग ने जानकारी दी कि 3 एचपी कनेक्शन के लिए 6000 यूनिट प्रति वर्ष और 5 एचपी कनेक्शन के लिए 7500 यूनिट प्रति वर्ष की छूट किसानों को दी जाती है। इसके लिए कृषकों को जमीन के दस्तावेजों के साथ आवेदन करना होगा।

**ग्रामीणों ने जताया आभार**-ग्रामीणों ने त्वरित कार्रवाई के लिए कलेक्टर और बिजली विभाग का आभार प्रकट किया है। ट्रांसफार्मर से बिजली कनेक्शन लेने से फसलों को समय पर सिंचाई का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी कृषि उत्पादकता में सुधार होने की संभावना है।

## जिले में राशनकार्ड नवीनीकरण की तिथि 28 फरवरी 2025 तक बड़ी




देबाशीष गांगुली
(संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

एमसीबी। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन पर खाद्य विभाग जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा सभी राशनकार्डधारियों के लिये यह जानकारी प्रसारित की गई है कि शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में प्रचलित राशनकार्डो के नवीनीकरण की तिथि 28 फरवरी 2025 तक बड़ायी गयी है। जिन राशनकार्डधारियों ने अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं करवाया हैं वे दिए गए अवधि तक अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण करा सकते हैं। नवीनीकरण हेतु राशन कार्ड के सदस्यों का ई-केवाईसी होना अनिवार्य है। दिसंबर 2023 की स्थिति में जिले में कुल 105946 राशनकार्ड प्रचलित थे। जिनमें से 97310 राशन कार्डो का नवीनीकरण किया जा चुका है।

# पानी के अभाव में सूख रही गेहूं फसल,प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

### नहर बंद होने से सुखना खिरिया गांव के किसानों में नाराजगी,बोले अधिकारी नहीं कर रहे सुनवाई

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
लोकेंद्र सोलंकी

भितरवार --- खाद की समस्या का सामना कर चुके किसानों को अब गेहूं की फसल की सिंचाई के लिए समय पर पानी नहीं मिल रहा। एक माह से अधिक समय के गेहूं को पल्लवित करने के लिए क्षेत्र के कई पानी के लिए तरस रहे हैं। जिसका उदाहरण सुखना खिरिया गांव बना है। जहां नहर बंद होने से किसान फसल को सिंचित करने आवश्यक पानी के लिए भटक रहे हैं। जानकारी के अनुसार धान कटाई के बाद क्षेत्र के अधिकांश किसानों ने अपने खेतों में गेहूं की फसल की बोबनी कर दी है। कई गांवों में फसल बुबाई को एक माह से अधिक का समय हो गया है। जिससे अब फसल को पल्लवित करने के लिए पानी की आवश्यकता पड़ने लगी है। नहर बंद किए जाने से किसानों को समय पर फसल के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे किसानों में शासन प्रशासन के खिलाफ नाराजगी का माहौल पैदा हो गया है।



शुक्रवार को नगर के समीप स्थित ग्राम सुखना खिरिया में किसानों की ऐसी ही नाराजगी देखने को मिली। बंद नहर पर और खेतों में खड़े किसानों ने पानी के अभाव में सूख रही गेहूं की फसल को दिखाते हुए कहा कि एक माह से अधिक समय की इस फसल को पानी की बहुत आवश्यकता है। जिसे देखते हुए हमने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कई बार नहर खोलने की मांग की। लेकिन उन्होंने कोई सुनबाई नहीं की। सभी किसानों ने नाराजगी भरे स्वर में कहा कि अगर समय रहते नहर नहीं खोली तो हम सभी किसान आंदोलन के मार्ग पर उतरने के लिए मजबूर होंगे। वहीं इसी प्रकार क्षेत्र के अन्य गांवों में भी किसान फसल की सिंचाई के लिए पानी न मिलने से परेशान हैं।

**इनका कहना हैं .....**

एक माह से अधिक समय के गेहूं हो गए जो पानी न मिलने पर सूख रहे हैं। कई दिनों से नहर बंद हैं कोई सुनबाई नहीं कर रहा।

**सुघर सिंह कुशवाह, किसान**

**इनका कहना हैं .....**

नहर खुलवाने के लिए कई बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों से मांग की। लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। पानी के अभाव में गेहूं की फसल नष्ट हो रही है।

**जितेंद्र रावत, किसान**

## बातों से फोटो खिंचवाने से काम नहीं चलेगा,उपाध्यक्ष ने अध्यक्ष पर कसा तंज

### काली माता प्रांगण से गंदे की पानी निकासी के लिए अध्यक्ष के बाद उपाध्यक्ष भी आए आगे,सौंपा ज्ञापन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
लोकेंद्र सोलंकी

भितरवार पांच - छह महीने से काली माता प्रांगण में नाले का गंदा पानी जमा हो रहा है। हम धरातल के जमीनी नेता हैं। निकलते समय लोगों ने इस समस्या से अवगत कराया। निकाय के अधिकारी और अध्यक्ष ने भी इसको लेकर छह सात बार निरीक्षण किया। लेकिन अब तक गंदे पानी की निकासी का कोई ठोस उपाय नहीं किया। बातों से और फोटो खिंचवाने से काम नहीं चलेगा। जल्द से जल्द मंदिर परिसर में जमा हो रहे नाले के पानी की निकासी कराई जाए। यह बात नगर परिषद उपाध्यक्ष मन्नू यादव ने एसडीएम को ज्ञापन देते समय कही। उल्लेखनीय हैं। कि नगर के वार्ड क्रमांक 7 काली माता मंदिर प्रांगण एक नाले से बहकर जमा हो रहे गंदे पानी की समस्या को देख मंगलवार को सीएमओ के साथ मौके पर पहुंचे नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव



अग्रवाल ने ठेकेदार से नाला निर्माण करने की बात कही थी। और निकाय के जिम्मेदारों को जल्द से जल्द गंदे पानी की निकासी की प्रक्रिया के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए थे। निकाय के अध्यक्ष के बाद इस समस्या को लेकर शुक्रवार को नगर परिषद उपाध्यक्ष मन्नू यादव आगे आए हैं। वे कुछ लोगों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम डीएन सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उल्लेख किया कि काली माता मंदिर परिसर में एक खुले नाले का गंदा पानी कई दिनों से बह रहा है। रहवासियों की नालियों और कुछ लोगों के ओवर फ्लो हुए शौचालय के गड्ढों के फैल रहे गंदे पानी की वजह से मंदिर आने वाले निकलने में श्रद्धालुओं को हो परेशानी हो रही है। जिसे देखते हुए जल्द से जल्द नाले के पानी की निकासी की व्यवस्था की जाए। वहीं इस दौरान उपाध्यक्ष श्री यादव ने चेतावनी देते कहा कि अगर इस समस्या का जल्द निराकरण नहीं हुआ तो। हम श्रद्धालु और वार्डवासियों के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान उपाध्यक्ष ने निकाय के अध्यक्ष और अधिकारियों पर तंज कसते हुए कहा सिर्फ फोटो खिंचाने और बातों से काम नहीं चलेगा।

## सोनकच्छ के ग्राम सांवेर सहित अन्य हनुमान मंदिरों पर हनुमान महोत्सव अष्टमी पर होंगे विशेष आयोजन



श्री खेड़ापति हनुमान भक्त मंडल सांवेर द्वारा 23 दिसंबर को 18 वा हनुमान अष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा श्री खेड़ापति भक्त मंडल के सदस्य द्वारा बताया गया श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर ग्राम सांवेर पर खेड़ापति सरकार की चैतन्य मूर्ति का मोतियोंव सितारों से जड़ित पोशको से सिंगार किया जाएगा मंदिर परिसर को फूल मालाओं से सजाया जाएगा विद्युत साज की जाएगी हनुमान अष्टमी पर एक दिन महोत्सव के तहत 23 दिसंबर को सुबह 7~00 बजे से पंडित नवीन जी जोशी के द्वारा श्री खेड़ापति सरकार का चोला चढ़कर सुंदरकांड पाठ के उच्चारण के साथ पूजन व हवन किया जाएगा हवन के बाद श्री खेड़ापति सरकार की आरती कर सुबह से देर रात तक देसी घी से निर्मित नियुक्ति की महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा शाम 6~00 बजे से श्री खेड़ा पत्ती सरकार को चोला चढ़ाकर छप्पन भोग लगाया जाएगा शाम 7~00 बजे से गुरु कृपा म्यूजिक कल और भोपाल व अन्य शहरों के कलाकार भजन संध्या में प्रस्तुति देंगे इसके बाद महा आरती कर महा प्रसादी का वितरण किया जाएगा इसी तरह से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी हनुमान मंदिरों पर हनुमान अष्टमी पर सुबह से ही शाम तक अनेक धार्मिक आयोजन किए जाएंगे देवी सिंह राजपूत

## अमित शाह की ओछी मानसिकता से भाजपा का दलित विरोधी चेहरा हुआ उजागर



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

कांग्रेस ने सिरोंज संयुक्त तत्वाधान में पुराना बस स्टैंड पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष धरने का आयोजन किया गया कांग्रेस ने गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी की घोर निंदा करते हुये शाह की कड़े शब्दों में आलोचना की है।

# मैनेजर की पुत्री शृष्टि ने माँगी न्याय की गुहार

दिनेश शुक्ला
दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

आलोट- परिवार के मुखिया का किसी के कारण आत्म हत्या करना पूरे परिवार को झकझोर कर रख देता है उसके जाने के बाद परिवार पर क्या बीतती है यह दर्द शब्दो मे बया नहीं किया जा सकता है। ओर परिवार को यदि इंसाफ नही मिलता तो उस परिवार के लिए ओर दुख दाई होता है। इसी दर्द को वेयरहाउस के मैनेजर आर डी शर्मा की बेटी ने सोशल मीडिया पर जाहिर करते हुवे अपने पिता पर हुवे अत्याचार और उसके बाद उनके द्वारा आत्महत्या करने का दर्द बयां करते हुवे आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले उनके दोषियों को सजा दिलवाने की गुहार की है। बता दे कि म प्र वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के मैंनेज़र आर डी शर्मा द्वारा दो भाजपा



नेताओ की मानसिक प्रताड़ना से तंग होकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी थी शर्मा की मोत के बाद के बाद 24 वेयर हाउस को सील कर दिया गया था जिनकी जाँच कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के द्वारा की जा रही है जाँच में कही ना कही बड़ी गड़बड़ी आने की संभावना लग रही है अभी अधिकारियों के द्वारा कोई भी बयान नहीं दिये जा रहे है इधर शर्मा की पुत्री ने ट्यूटर हैंडल एक्स कई नेता जिसमे नरेंद्र मोदी राहुल गांधी, अमित शाह मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव सहित कई मीडिया चेनल के सम्पादक को टैग करते हुवे पोस्ट लिखा है कि मेरे पापा को इंसाफ दिलाने में मदद करे मेरे पापा ने अपनी जान गवा दी दो गोदाम मालिक मंनोज काला ओर राजेश परमार के मानसिक अत्याचार ने उन्हें अंदर से तोड़ दिया हमारा परिवार बिखर चुका है में हाथ जोड़कर सरकार और अधिकारियों से विनती करती हूं कि इस अन्याय के खिलाफ कदम उठाए पापा को इंसाफ दिलाने में मदद करे। ताकि कोई और परिवार ऐसा दर्द ना सहे। और सोसल मीडिया पर अपनी पिता की फेसबुक आईडी पर न्याय की माँग करी है। वही अबतक पूरे घटना क्रम के दौरान प्रशासन के द्वरा आलोट क्षेत्र के सभी वेयर हाउस को सील कर उनके स्टॉक की जांच विगत तीन दिनों से की जा रही है लेकिन जांच में क्या निकल कर आया यह अभी भी सार्वजनिक नहीं किया गया है। वही पुलिस भी अब तक दोषियों की तलाश नहीं कर पाई है जिसकी वजह से परिवार दुखी है और शर्मा की पुत्री श्रष्टि शर्मा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुवे अपने पिता को इंसाफ दिलाने की मांग की है।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा,ग्वालियर महानगर द्वारा आज जिला कांग्रेस कार्यालय,ग्वालियर के बाहर उग्र प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला दहन किया

दैनिक केसरीया हिन्दुस्तान

ग्वालियर भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने बताया कि आज जिस प्रकार कांग्रेस नेता राहुल गांधी संसद के अंदर भाजपा सांसदों के साथ धक्का मुक्की कर अमर्यादित आचरण का परिचय दिया है जो कि देश की राजनीति में संसदीय गरिमा के विपरीत है व कतई शोभनीय नहीं हैहद तो तब हो गई जब नागालैंड से भाजपा की राज्यसभा सांसद फांगनॉन कोन्याक ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया हैबीते 2 दिनों से कांग्रेस पार्टी के सांसद सदन की कार्यवाही को बाधित कर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम पर अपने झूठ को छुपाने का प्रयास कर रही हैसच तो यह है कि बाबा साहब को मंत्री पद से इस्तीफा देने को मजबूर किया गया साथ ही जब बाबा साहब आंबेडकर मुंबई से लोकसभा चुनाव लड़ने गए तो देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने उन्हें









चुनाव हरवाया व जिस व्यक्ति डॉ अंबेडकर को चुनाव को चुनाव में पराजित किया उन्हें कांग्रेस ने पद्म भूषण से सम्मानित किया गया कांग्रेस का दोहरा चरित्र जनता के सामने लाने के लिए युवा **मोर्चा मैदान में उतर चुका है**-आज भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए रस्ते पर चलकर जन हितैषी नीतियों का निर्माण कर जनहित के कार्य कर रही हैकांग्रेस कार्यालय पर हुए प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी,मनोज तोमर,विनोद शर्मा,विनय जैन,राजू पलिया,दीपक शर्मा,धर्मेंद्र राणा,गिर्राज कंसाना,राहुल भदौरिया,विवेक चौहान,रोहित भाटिया,अमित जैन,ज्ञानेंद्र भदौरिया,राजकुमार यादव,यशराज तोमर,सुमित शर्मा,लखन तोमर ,अखिल राजौरिया,गौरव किशोर,पूनम पाल,विवेक पाल, हिमांशु शर्मा,रोहित शर्मा,राहुल राजावत,प्रतीक शर्मा,मनोज राजपूत,धर्मेंद्र यादव,मनोज शुक्ल,यश पाराशर,सूर्य खतरी आदि बड़ी संख्या में युवा साथी मौजूद रहे

# कांग्रेस ने भारत रत्न बाबासाहेब के योगदान को नकारा ... सांसद मिश्रा



सीधी। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कांग्रेस द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा किए गए अपमान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। सांसद ने अन्य सैकड़ो सांसद साथियों के साथ कांग्रेस द्वारा बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान किए जाने के खिलाफ शुक्रवार को संसद भवन के मकर द्वार पर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के पश्चात सांसद डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा बाबा साहेब के योगदान को नकारना देश के संविधान और समाज के खिलाफ है। भारत रत्न बाबा साहेब अम्बेडकर को कांग्रेस ने दो बार लोकसभा चुनाव हरवाया, सदन में नही आने दिया, अपने परिवार को भारत रत्न देने के वजह से बाबा साहेब को भारत रत्न नही दिया, कांग्रेस की ही देश विरोधी नीतियों का ही परिणाम रहा कि बाबा साहब को अपने मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना पडा। कांग्रेस ने हमेशा से ही बाबा साहेब अम्बेडकर व उनके विचारों का विरोध करती रही हैं।

# नव वर्ष पर मड़रिया में सजेगी गजल की महफिल

सीधी। नव वर्ष 2025 का जश्न ×1 दिसम्बर की शाम खास अंदाज में स्थानीय मड़रिया में श्रीगंगा उत्सव व प्रकाश तिवारी मधुर फि ल्म्स की प्रस्तुति पर गजल.ए.ख़ास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक द्वारा बताया गया कि ×1 दिसम्बर की महफि ल में देश के प्रख्यात गजल गायक चन्दन दास की गजलों से शमा बाधने का काम करेगें वही हिन्दी सिनेमा के जाने.माने कलाकार रजा मुराद की उपस्थित में विन्ध्य क्षेत्र की शान कहे जाने वाले गायक व कलाकार प्रकाश तिवारी मधुर द्वारा भी मनोरंजक गीतों की प्रस्तुति से साल के आखिरी दिन की शाम को यादगार बनायेगे।

# हत्यारिन माँ को मिली आजीवन सश्रम कारावास की सजा



सीधी। सीधी न्यायालय के द्वारा आरोपिया श्रीमती पंचरजिया भुजवा पत्नी कौशलेश भुजवा ×7 वर्ष, निवासी ग्राम.देवरी, थाना.बहरी, सीधी को धारा ×02, ×18, 201 भादवि में दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास एवं नौ हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। बताया गया कि सियाराम भुजवा द्वारा थाना बहरी में 5 फरवरी 2019 को सूचना दी कि वह सुबह 6 बजे अपने गेहू के खेत तरफ गया तो पाया किए गेंहू के फसल में एक अज्ञात शिशु मृत अवस्था में पड़ा है। कोई अज्ञात महिला ब'ची को पैदा कर जन्म को छिपाने के लिए उसके गेंहू के खेत में फेक दिया है जिस पर से मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपिया पंचरजिया भुजवा को ब'ची पैदा हुई थी, जिसे उसने रात का समय सुनसान होने एवं ब'ची पैदा होने के कारण उसने अपनी नवजात ब'ची को हाथ में उठाकर ले जाकर घर से कुछ दूर खेत में फेंक दी थी। थाना बहरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पश्चात् अभियोग पत्र न्यायालय सीधी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक बृजेश किशोर पाण्डेय के द्वारा आरोपिया को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया।

# संविधान और बाबा साहब अंबेडकर से घृणा करती है भाजपा - ज्ञान

सीधी। संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध और केंद्रीय मंत्री परिषद से उनके इस्तीफे की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने रा'यपाल के नाम का ज्ञापन एसडीएम गोपदबनास को सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा रा'यसभा में केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ.बी.आर. अंबेडकर पर दिए गए आपत्तिजनक बयान की जितनी निंदा की जाए वह कम है केंद्रीय मंत्री अमित शाह का बयान ये सिद्ध करता है कि भाजपा अंबेडकर के सिद्धांतों के खिलाफ है। ये कभी भी नहीं चाहेंगे कि देश लोकतंत्र और संविधान से चले। भाजपा बाबा साहब और संविधान से घृणा करती है और इस



देश से लोकतंत्र और संविधान को समाप्त करना चाहती है। कांग्रेस रा'यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की की गई टिप्पणी पर विरोध दर्ज कराते हुए मांग करती हैं कि वे देश से माफी मांगें और अपना इस्तीफा दें।

# परेड ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक ने किया जनरल परेड का निरीक्षण, किया पुरस्कृत



सीधी। पुलिस विभाग में अनुशासन बनाये रखने के लिये नियमित परेड का महत्वपूर्ण योगदान है। पुलिस फोर्स में परेड को अनुशासन का जड़ माना जाता है परेड होने से पुलिस फोर्स में अनुशासन के साथ ही एक साथ टीम के रूप में कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। इसी तरताम्य में 20 दिसंबर को प्लाटून कमान्डर उनि तरुण बेड़िया द्वारा सुबह 7 बजे परेड निरीक्षण हेतु पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड में प्लाटूनो को खड़ा किया गया तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक का परेड स्थल पर आगमन हुआ एवं पुलिस अधीक्षक को परेड की सलामी दी गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्लाटून वार तैयार परेड का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जवानों की वेशभूषा, दाढ़ी कटिंग, उनके खड़े होने की दशा और वेपन का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान जनरल परेड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, डीएसपी मुख्यालय गायत्री तिवारी, एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी, एसडीओपी कुसमी रोशनी ठाकुर प्रभारी रक्षित निरीक्षक तरुण बेड़िया सहित 6 निरीक्षक, 1× उपनिरीक्षक, 10 सहायक उप निरीक्षक, 80 प्रधान आरक्षक आरक्षक सहित पुलिस लाईन, थानो, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लगे 110 अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## वार्षिक निरीक्षण में जमोड़ी थाना पहुचे पुलिस कप्तान, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा द्वारा शुक्रवार को वर्ष भर में किये गये कार्यो का लेखा जोखा लेने के उद्देश्य से वार्षिक निरीक्षण पर थाना जमोड़ी पहुंचे। जहाँ पुलिस द्वारा सलामी से सम्मानित किया गया, तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण कर उपस्थित बल के समस्याओं की जानकारी ली तथा उनका यथा उचित निराकरण कर निरंतर परेड करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना के विभिन्न मामलों का गहनता से निरीक्षण करते हुए पुलिस के समक्ष अनुसंधान में उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत होकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कप्तान ने थाने के कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, पुरुष हवालात, महिला हवालात, शस्त्रागार, विवेचक कक्ष, प्रधान आरक्षक लेखक कक्ष, शिकायत शाखा, सीसीटीएनएस, समंस वारंट शाखा थाना परिसर का निरीक्षण कर थाना परिसर में साफसफाई का भी अवलोकन किये। थाना प्रभारी उनि विशाल शर्मा से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली एवं थाने में दर्ज विभिन्न अपराधों के अनुसंधानकर्ताओं से अपराधों की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस डायरी को अद्यतन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने तथा मुसाफिर चेकिंग करने का निर्देश भी दिये। उन्होंने अपराध के ग्राफ को देखकर न्यायालय से जुडे मामलों के त्वरित निष्पादन करने, हत्या और अन्य गंभीर मामलों के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तारी करने, गुम इन्सान एवं अपहरण के मामलो का गंभीरता से त्वरित निराकरण करनें, पास्को के प्रकरणों में ठोस वैधानिक कार्यवाही करनें का निर्देश दिये। इसके साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट में लगातार कार्यवाही करने एवं जागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किये। सीएम हेल्पलाईन एवं सीसीटीएनएस में अ'छा कार्य कर टॉप रैकिंग में बने रहने हेतु निर्देशित कियें। मौके पर उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी, रीडर पुलिस अधीक्षक निरीक्षक कन्हैया सिंह एवं निज सहायक पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्निहोत्री सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।






दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर,शनिवार 21 दिसम्बर 2024 खबरें बेबाक, बेखौफ बेझिझक



## अमहिया पुलिस द्वारा शातिर अपराधी को अड़ीबाजी के आरोप में किया गिरफ्तार भेजा गया जेल , आरोपी पर पूर्व से हैं 21 अपराध दर्ज।



**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा श्री अनिल सोनकर के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक-1 रीवा श्रीमती डा. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर महिला ड़रियादिया के अड़ीबाजी करने वाले आरोपी चिराग खान पिता फजलु खान उम्र 31 वर्ष निवासी सफारी होटल के सामने अमहिया थाना अमहिया जिला रीवा जिसके पूर्व में भिन्न भिन्न थाने में 21 अपराध दर्ज है को गिरफ्तार कर पेश न्यायालय किया गया जहां से न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी -चिराग खान पिता फजलु खान उम्र 31 वर्ष निवासी सफारी होटल के सामने अमहिया थाना अमहिया जिला रीवा

**महत्वपूर्ण भूमिका:**-उनि शिवा अग्रवाल, प्र0आर0 960 ओमप्रकाश रावत, आर.577 पीयूष मिश्रा आर0 विक्रम वर्मा, आर 204 विकास तिवारी, आर विजय साहू की सराहनीय भूमिका रही

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर दर्ज एफ आई आर के विरोध में गांधी पार्क में धरना दिया




**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**मो. 9977365001**

श्योपुर-कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर दर्ज की गई एफआईआर तक धरना दिया और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेसियों ने अमित शाह पर डॉ भीमराव आंबेडकर का संसद में अपशब्द बोलकर अपमान करने के आरोप लगाकर उनके इस्तीफे की मांग की।कांग्रेसियों का आरोप है कि, उनके नेता राहुल गांधी पर केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर झूठी एफआईआर दर्ज कराई गई है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर संसद में भाजपा सांसदों से कथित विवाद के बाद हत्या के प्रयास सहित अन्य गम्भीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दलित समाज के प्रतिष्ठित नेता है, उनका अपमान किया गया, यह घटना निंदनीय है, जिसका विरोध कांग्रेस करती रहेगी। इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल सिंह चौहान, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, रामलखन हिरणीखेड़ा, राहुल चौहान सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।।

## गांव की ओर'2024 अभियान आज पौड़ी फतेहपुर में लगेगा शिविर
### सभी अधिकारी-कर्मचारी बस से जायेंगे पौड़ी फतेहपुर

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

दमोह-पथरिया विधानसभा के अंतर्गत आने वाले विकास खंड बटियागढ़ के ग्राम पौड़ी फतेहपुर में प्रत्येक वर्ष 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भारत सरकार द्वारा 19 से 24 दिसम्बर 2024 तक सुशासन सप्ताह मनाये जाने का निर्णय लिया गया है, सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ÷प्रशासन गांव की ओर÷ 2024 अभियान चलाया जायेगा, जिसमें जन समस्याओं का निराकरण किया जाकर अधिक से अधिक व्यक्तियों को सेवाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले के समस्त विभाग प्रमुखों से कहा है सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ग्राम पौढ़ी फतेहपुर तहसील बटियागढ़ में आज 21 दिसंबर को शासन का शिविर आयोजित किया जायेगा, शिविर में जिले के समस्त विभाग प्रमुखों को सहभागिता निभाने के लिये कलेक्ट्रेट परिसर में आज 21 दिसम्बर को प्रातः 09 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें। समस्त जिला अधिकारियों को कार्यालय द्वारा अधिग्रहित की गई बस के माध्यम से शिविर स्थान ग्राम पौढ़ी फतेहपुर तहसील बटियागढ ले जाया जायेगा। शिविर स्थान ग्राम पौढ़ी फतेहपुर तहसील बटियागढ़ तक अधिकारी/कर्मचारियों को पहुंचाने के लिये वाहन क्रमांक स्क्क34-ष्ठ-2548 अधिग्रहित किया गया है।

## मंडल अध्यक्ष रामबाबू गुर्जर का नजीराबाद में हुआ भव्य स्वागत



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**पत्रकार प्रेम सिंह कुशवाहा जी**

नजीराबाद --भारतीय जनता पार्टी भोपाल ग्रामीण के नजीराबाद मंडल से नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रामबाबू गुर्जर का आज नजीराबाद आगमन पर कस्बे के सभी वरिष्ठ नेताओं एंव समाजसेवी कार्यकर्ता बंधुजनों द्वारा जगह-जगह आतिशबाजी चलाकर मिठाईयां बांटकर एंव साल श्रीफल व साफा बंधवाकर भव्य स्वागत किया,, मंडल अध्यक्ष की घोषणा उपरांत अपने प्रथम आगमन पर नजीराबाद मंडल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एंव समाजसेवी बंधुओं से स्नेहल भेंट कर सभी का आशीर्वाद प्राप्त कर आभार जताया, सांथ में पार्टी के विस्तार हेतु सभी से अपना सांथ मांगा,,चर्चा के दौरान आपने पूर्व कार्यकाल की सराहना करते हुए वर्तमान में पार्टी का ओर अच्छा काम होगा इस पर पुरजोर बल दिया,,

आपने कहा की मंडल अध्यक्ष में नहीं बल्कि पार्टी के समस्त कार्यकर्ता बंधुजनों आप हो मैं तो केवल जरिया हूं,,

मंडल अध्यक्ष के आगमन पर भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है

# रुपए के लालच में चाचा-चाची का मर्डर- टीकमगढ़ में भतीजे ने कुल्हाड़ी से किया वार, 70 हजार रुपए बरामद

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**मनोज सिंह**

टीकमगढ़ जिले के पलेरा थाना क्षेत्र के गौना गांव में हुई बुजुर्ग दंपती की हत्या के आरोपी को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी मनोहर मंडलोई ने दोपहर 2 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि मृतक दंपती के भतीजे ने ही अपने चाचा-चाची की हत्या दी थी।एसपी मनोहर मंडलोई ने बताया कि 17 दिसंबर को ग्राम गौना में अज्ञात आरोपी ने धारदार हथियार से विहारी लाल अहिरवार की हत्या कर दी थी। साथ ही उसकी पत्नी धनकू अहिरवार के साथ बेरहमी से मारपीट की थी। महिला को इलाज के लिए झांसी रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पलेरा थाना पुलिस ने धारा 103 (1), 109 (1) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एफएसएल, फिंगर प्रिन्ट और डॉग स्कवाड टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। अज्ञात




आरोपी की तलाश के लिए तीन अलग अलग टीमों का गठन किया गया। इस दौरान मूलचंद्र उर्फ मुलुआ (34) पिता ऊदल अहिरवार निवासी ग्राम गौना को संदेह होने पर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया।

**पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया**-मृतक बिहारीलाल अहिरवार और धनकू बाई अहिरवार उसके सगे चाचा चाची थे। आरोपी मूलचंद्र को यह जानकारी थी कि बिहारी लाल अहिरवार के पास नगद पैसा है, जो वह अपने घर पर रखे हैं। आरोपी ने अपने घर से कुल्हाड़ी लेकर मृतक के घर के बगल के रास्ते से घर के अंदर घुसकर बिहारीलाल और धनकू बाई अहिरवार से पैसे मांगे। बिहारीलाल अहिरवार ने पैसे देने से मना किया तो आरोपी ने उस पर कुल्हाड़ी से जान से मारने की नियत से सिर पर कई वार किए। जिससे बिहारीलाल अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई थी और धनकू बाई अहिरवार गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई थी।

आरोपी मूलचंद्र अहिरवार ने मृतक के घर से पेटी में रखे 70 हजार रुपए चुराए और मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी और लूटे गए 70 हजार रुपए बरामद कर लिए हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मेधावी भैया बहनों की कार्यशाला आयोजित की गई




**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

श्री राधा कृष्ण मोदी सरस्वती विद्या मंदिर सीहोर में मेधावी छात्र-छात्राओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आष्टा, जावर, इछावर तथा सीहोर से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के 32 बहने 12 भैया शामिल हुए। अतिथि के रूप में एमएलबी स्कूल के शिक्षक श्री अरुषेन्द्र जी शर्मा (अंग्रेजी विषय के व्याख्याता) तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी - सीहोर सुश्री दीपा कीर(पूर्व छात्रा) उपस्थिति रहीं। इनका सभी को परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया की परीक्षा में तनाव को दूर रखते हुए शांत और एकाग्रचित से संपूर्ण कोर्स का अंक योजना के आधार पर अध्ययन करें। प्रतिदिन 10 से 12 घंटे का समय निकालें। अपने खान-पान और स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अति जागरण ना करें पर्याप्त नींद ले। इस प्रकार आप अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। कार्यशाला में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के पश्चात श्रीमती अर्चना तिवारी दीदी द्वारा वंदना कराई गई। अतिथि परिचय संस्था प्राचार्य श्रीजगन्नाथ सुहागपुरे जी द्वारा कराया गया। संचालन श्रीमती विद्या अन्वेकर दीदी ने किया। कार्यक्रम में जावर इछावर एवं आष्टा शिशु मंदिर से आए प्राचार्य श्री हरपाल सिंह जी सोलंकी एवं श्री अनिल जी बघेल भी उपस्थित रहे।आभार संस्था के प्राचार्य जी द्वारा किया गया।

# गणित को पढ़ा नहीं, गणित में जिया जाता हैं




**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में राष्टीय गणित दिवस 2024 के उपलक्ष्यस में गणित सप्ताह मनाया जा रहा हैं। इसके दूसरे दिन महाविद्यालय के प्राचायडॉ. रोहिताश्वा कुमार शर्मा ने छात्रों को गणित के महत्व को वर्णित करते हुए बताया की गणित को पढ़ा नहीं बल्कि गणित में जिया जाता हैं। जो व्यक्ति गणितीय सोच के साथ आगे बढ़ता है उसे किसी भी काम में असफलता नहीं देखनी पड़ती है उन्होंने छात्रों से कहॉ कि गणित को पढ़ने के साथ-साथ उसमें जीना भी सीखें ताकि तार्किक दृष्टिकोण के साथ आप अपने जीवन के सही निर्णय ले सके। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ उदय डोलस ने बताया कि इस दिन भारतीय मूल के गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जी के जीवन वृत पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही साथ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में श्रीनिवास रामानुजन एवं गणित से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न छात्रों से पूछे गए । जिसमें छात्रों ने काफी उत्साह के साथ सहभागिता की सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि इस कार्यक्रम में गणित संकाय के अलावा भी अन्य संकाय के छात्रों ने भी बड़ी संख्या मे अपनी सक्रिय भागीदारी दी।

# कलेक्टर ने बालिका छात्रावास का किया निरीक्षण

## बालिका ने कलेक्टर से कहा कि मैं कलेक्टर बनूंगी और सबका न्याय करूंगी

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

रीवा। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ग्राम उमरी में सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से पठन-पाठन की व्यवस्था, भोजन तथा आवास की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि सभी बेटियाँ अच्छे से अपनी पड़ाई पूरी करें और अच्छा कॅरियर बनाएं। आपकी पड़ाई में किसी तरह की कमी नहीं रहने दी जाएगी। कलेक्टर ने छात्राओं से



उनके भविष्य के संबंध में जिज्ञासावश प्रश्न किए। कक्षा छठवीं की छात्रा ने कहा कि वह शिक्षक बनेगी। एक अन्य छात्रा ने पुलिस अधिकारी बनने की बात कही। कक्षा सातवीं की छात्रा ने कहा कि मैं कलेक्टर बनूंगी और सबका न्याय करूंगी। कलेक्टर ने छात्रा के दृड़ निश्चय की प्रसंशा करते हुए कहा कि अपना लक्ष्य तय करें और उसे पूरा करने के लिए लगन के साथ पड़ाई करें तो सब कुछ बनना संभव है।कलेक्टर ने छात्रावास के छात्राओं के कक्ष, भोजन कक्ष एवं भण्डार का निरीक्षण किया। छात्राओं के कमरे में समुचित प्रकाश न होने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने छात्रावास के समीप स्थित स्कूल में तीन दिन में गणित और अंग्रेजी के शिक्षक की व्यवस्था करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। छात्रावास में समुचित व्यवस्थाएं न होने पर बीआरसी और अधीक्षिका छात्रावास को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, बीआरसी, शिक्षकगण तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

# वार्ड 5 में मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर आयोजित

## विभिन्न योजनाओं में 19 हितग्राहियों को किया लाभान्वितमुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान एवं जनकल्याण



पर्व अंतर्गत आयोजित किये जा रहे शिविरो की श्रृंखला में नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में आज वार्ड नंबर 05 स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, उपाध्यक्ष श्री संजय महाना, सीएमओ श्री राधेरमण यादव, नोडल अधिकारी श्री आदित्य चौहान, शिविर प्रभारी श्री कृष्णगोपाल शर्मा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्री ओमवीर सिंह रघुवंशी, नगरपालिका से श्री शकील अहमद कुरैशी, आंगनबाडी कार्यकर्ता श्रीमती कविता गुप्ता एवं श्रीमती प्रिंयका वर्मा, आयुष्मान प्रभारी श्री महेश मीणा, श्री ओमप्रकाश गुप्ता, श्री दिव्यांश गर्ग, श्री सोहेल खान, श्री गौरव बंसल, श्री विदित राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। नगरपालिका श्योपुर के नोडल अधिकारी श्री आदित्य चौहान ने बताया कि शिविर में कुल 19 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। सभी आवेदनो का सकारात्मक निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। शिविर के दौरान 7 हितग्राहियों को खाद्यान पात्रता पर्ची का लाभ दिया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत 2 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। दो हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रदान की गई, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत एक, आयुष्मान भारत योजना के तहत तीन हितग्राही लाभान्वित हुए। इसी प्रकार 4 हितग्राहियों को जन्म प्रमाण पत्र प्रदान कर लाभान्वित किया गया।


## केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के तहत आज तहसील हटा एवं पटेरा के विभिन्न ग्रामों में कलश यात्रा एवं जन जागरण कार्यक्रमों का हुआ आयोजन




**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

दमोह - जिले विकासखंड हटा एवं पटेरा में चल रहे केन-बेतवा लिंक राष्टीय परियोजना के प्रचार-प्रसार के तहत आज कलश यात्रा एवं जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन दमोह जिले की तहसील हटा एवं पटेरा के विभिन्न ग्रामों में किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी शुभम अग्रवाल कार्यपालन यंत्री सिंचाई विभाग एवं प्रकाश गौतम जिला पंचायत दमोह है।आज के इस कार्यक्रम में लोगों को परियोजना से संबंधित जानकारी प्रदाय की गई और परियोजना से होने वाले लाभों को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में जगह-जगह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदर्शन किया गया एवं सभी विद्यालयों में निबंध लेखन चित्रकला की प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी ग्राम वासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कलश यात्रा के कार्यक्रम में बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया और इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दो दिन में ही बदल गया भाजपा संगठन का मूड, मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति रद्द




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला**

सिंगरौली- करीब दो दिन पहले मंडल अध्यक्षी ताज लेकर घूम रहे भाजपा नेताओं को तगडा झटका लगा है जब उनकी नियुक्ति को संगठन द्वारा रद्द कर दिया गया। अब इसके पीछे की चाहे जो भी वजह रही है इस निर्णय से जहां चुने गये मंडल अध्यक्षों की साख को धक्का लगा है वहीं भाजपा संगठन के निर्णय पर भी सवाल खडे हो रहे हैं कि आखिर दो दिन में ही ऐसा क्या हो गया कि संगठन को नौढिया, जियावन व सरई के मंडल अध्यक्षों की सूची रद्द करनी पड़ी। हसी - खुसी का महौल अब गम में बदल गया। चारों ओर मिली बधाईया दो दिन भी नहीं टिक पायी।

संगठन पर उठ रहे सवाल-आखिर कार संगठन से कहा चूक हुई कि वह नौढिया , जियावन व सरई के अध्यक्षों का चयन सही नहीं कर पाया यही वजह रही कि उसे दो दिन के अंदर सूची को रद्द करना पडा। कहीं न कहीं संगठन से चयन में चूक हुई जिसकी वजह से भारी दबाब पडा और सूची रद्द करनी पड़ी या फिर चूने गये कार्यकर्ता उस काबित नहीं थे। या फिर वजह कुछ और हो सकती है सही वजह तो संगठन के लोग ही जान पायेंगे लेकिन राजनीतिक गलियारों में तरह तरह के अटकले लगायी जा रही है। जियावन व नौढिया में संगठन व सत्ता के बीच बन रही यह भी वजह हो सकती है।

नये मंडल अध्यक्ष के लिये जोर अजमाइस -अब नौढिया, सरई एवं जियावन में नये मंडल अध्यक्ष का चयन होगा। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता जोर अजमाइस में जुट गये हैं कई पदाधिकारियों में इसके लिए हाथ पैर मारना चालू कर दिया है अब भाजपा कार्यकर्ता अपने - अपने समर्थकों को मंडल अध्यक्ष के रुप में देखना चाहते हैं। वही स्थानीय भाजपा संगठन में मजबूत पकड रखने वाले भाजपा नेताओं ने अपने चहतों को अध्यक्षी दिलाने के लिए कमर कस ली है। वहीं भाजपा के सत्ता से जुडे नेताओं की ज्यादा चल रही है वहीं संगठन के नेता भी अपने चहतों के लिए राह बना रहे हैं।

# लैंक्सेस इंडिया ने जीता फिक्की केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स अवार्ड 2024 का डिजिटेक फ्रंट रनर ऑफ द ईयर सम्मान

नागदा- लैंक्सेस इंडिया ने केमिकल सेक्टर में 'डिजिटेक फ्रंट रनर ऑफ द ईयर' कैटेगरी में फिक्की केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स अवार्ड 2024 जीता है। यह सम्मान भारत सरकार की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री, श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कंपनी को प्रदान किया। इस खास मौके पर रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की सचिव, श्रीमती निवेदिता शुक्ला वर्मा, और उद्योग जगत के कई प्रमुख साझेदार भी उपस्थित थे।लैंक्सेस इंडिया के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, नमितेश रॉय चौधरी, ने कंपनी की ओर से यह अवार्ड स्वीकार किया। उनके साथ पीटीएसई के पूर्णकालिक निदेशक और प्रमुख, बालाराम खोट भी मौजूद थे। यह पुरस्कार 17 अक्टूबर 2024 को मुंबई में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया।यह पुरस्कार लैंक्सेस की डिजिटलीकरण के प्रति प्रतिबद्धता




का सम्मान करता है। यह हमारी उन क्षमताओं और प्रयासों को मान्यता देता है, जिनका उद्देश्य प्रक्रियाओं को बेहतर बनाना, संपत्तियों की विश्वसनीयता बढ़ाना, सुरक्षा सुनिश्चित करना, लागत में बचत करना और स्थिरता को बढ़ावा देना है। हमारी वैल्यू चेन में डिजिटल समाधानों को रणनीतिक रूप से लागू कर, हम निरंतर बेहतर संचालन और पर्यावरण के अनुकूल वृद्धि को प्रोत्साहित कर रहे हैं।फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री हर साल इंडिया केम श्रृंखला के तहत केमिकल और पेट्रोकेमिकल अवार्ड्स सेरेमनी का आयोजन करता है। यह समारोह उन कंपनियों को सम्मानित करता है, जिन्होंने केमिकल और पेट्रोकेमिकल उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस सम्मान पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए, लैंक्सेस इंडिया के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, नमितेश रॉय चौधरी ने कहा, ÷इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाकर हम बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। नई तकनीकों और डिजिटल सोच को अपनाकर हम अपनी प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाते हैं और उत्पादकता, कनेक्टिविटी और संपूर्ण प्रदर्शन में सुधार करते हैं। इससे हमारे ग्राहकों, कर्मचारियों और अन्य हितधारकों को सीधा लाभ मिलता है, जो हमारी सफलता का आधार है।÷

# मैहर नगर पालिका अधिकारी CMO को 20000 रु की रिश्वत लेते रीवा लोकायुक्त की टीम ने रंगेहाथ पकड़ा

**प्रवीण गौतम**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

मैहर- शिकायतकर्ता के लंबित बिलों के भुगतान भुगतान के लिए कमीशन 30000 रुपए रिश्वत की मांग की थी , शिकायत प्राप्त होने पर लोकायुक्त संभाग रीवा के प्रभारी पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार द्वारा सत्यापन कराया गया, शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपी ने शिकायतकर्ता से 20,000 रुपए रिश्वत मांगे थे,



आज दिनांक 20.12.2024 को प्रभारी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टीम गठित कर आरोपी लालजी ताम्रकार को शिकायतकर्ता से 20,000 रुपए रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया है,आगे की कार्यवाही अधिकारियों द्वारा जारी है

## ट्रेपकर्ता अधिकारी जिया उल हक निरीक्षक

ट्रेप दल के सदस्य - जिया उल हक निरीक्षक द्वारा अपनी टीम के साथ कार्यवाही की जा रही है।

# मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के नवनियुक्त पदाधिकारी का अकोदिया नगर में पत्रकारों ने स्वागत किया



**संवाददाता– सुनील कुमार जाट**

अकोदिया मंडी नगर अकोदिया में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश संयुक्त सचिव मनोज जैन एवं मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना चिंटू भैया के नगर अकोदिया में प्रथम आगमन पर अकोदिया नगर के ब्लॉक अध्यक्ष पत्रकार लाखन सिंह राणा पत्रकार सुनील वर्मा पत्रकार अनिल शर्मा पत्रकार आयुष चांडक पत्रकार सुनील जाट पत्रकार देवकरण झांझ पत्रकार प्रेम परस्ते गजेंद्र अंजना देव कुमार भिलाला राजमल जी शर्मा सुरेश जी मालवी पत्रकार पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राहुल विश्वकर्मा शुभम दैनिक भास्कर संजय शर्मा प्रेस फोटोग्राफर ने मनोज जैन एवं अभिषेक सक्सेना चिंटू जी का हर फूलों से स्वागत किया सम्मान किया एवं नए दायित्व की शुभकामनाएं बधाइयां दी

# आबकारी विभाग की मिलीभगत से शराब का गोरखधंधा जोरों पर

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

रायसेन। शहर सहित जिले भर में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है शराब तस्कर बेखोफ होकर शराब गांव-गांव और शहर में बेच रहे हैं भाई यह सबकुछ सहायक आबकारी आयुक्त की मिलीभगत से चल रहा है।चाहे नेशनल हाइवे स्टेट हाइवे किनारे संचालित होटलों और ढाबों और रिसोर्ट में शराबखोरी के मामलों को जिला आबकारी विभाग रायसेन अनदेखा करने से यहां अपराधिक वारदातों में काफी इजाफा हो रहा है। होटल और ढाबा संचालकों द्वारा लोगों को बैठाकर बगैर लायसेंस के शराब तो पिलाई ही जा रही है, कई जगह खुलेआम अवैध शराब बेची भी जा रही है।रात्रिकालिन बस और ट्रक ड्राइवरों को हाइवे के किनारे सहजता के साथ शराब उपलब्ध हो जाने से यहां जगह-जगह शराबियों द्वारा मारपीट की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। आबकारी विभाग और पुलिस कर्मियों को अवैध शराब बिक्री के संबंध में विस्तृत जानकारी होने के बाद भी इन स्थानों पर चेकिंग नहीं की जा रही है। आबकारी विभाग रायसेन की अनदेखी उदासिनता के चलते ही शहर के आस-पास अवैध शराब के जगह-जगह अड्डे चलने लगे हैं।होटल ढाबे रात में मयखानों में बदल जाते हैं।शराब के शौकीनों द्वारा जाम छलकाने का दौर देर रात तक बेरोकटोक चलता रहता है।पिछले दिनो पुलिस ने यहां जबलपुर इस दिशा में कोई पहल नहीं करने से यहां फिर अवैध शराब का धंधा तेजी से फलने-फूलने लगा है।बताया जाता है कि गौहरगंज ओबेदुल्लागंज रोड, बाड़ी बरेली



जयपुर हाइवे पर सुल्तानपुर जोड़ के एक ढाबा संचालक के पास से अंग्रेजी शराब का बड़ा जखीरा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। इस वारदात के बाद आबकारी विभाग का अमला ने पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चला कर अवैध शराब के अडडों पर दबिश देने की बात कही थी। पर आबकारी अमला ने उदयपुरा रोड और 25 से अधिक ठिकानों पर अवैध शराब का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। इन होटल ढाबों में कई जगह गांजा एवं अन्य मादक पदार्थ का भी कारोबार किया जा रहा है। होटल और ढाबों में शराबखोरी पर नियंत्रण करने के लिए आबकारी विभाग ने अभी तक सूचना के पोस्टर नहीं चस्पा कराए हैं। इससे लंबी दूरी के ट्रक ड्राइवर बैखोफ होकर शराबखोरी करते हुए देखे जा रहे हैं।

**गोपनीय सूचना पर कार्रवाई नही**–हाईवे के किनारे संचालित होटल और ढाबों में शराबखोरी की घटना से परेशान कई भोले भाले लोग कुसंगति में फंसकर बर्बाद हो रहे हैं।गोपनीय सूचना आबकारी विभाग के आला अधिकारियों को मोबाइल से सूचना देने के बाद भी शराब तस्करों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते हैं।

बाइट मैं नहीं देते आबकारी कमिश्नर से लो या फिर कलेक्टर से.... सहायक **आबकारी आयुक्त के बिगड़े बोल**–रायसेन जिले की सहायक आबकारी आयुक्त के उसे वक्त बोल बिगड़ गए जब कुछ इलेक्ट्रॉनिक चैनल के मीडिया कर्मी उनसे एक खबर के मामले में बाइट लेने पहुंचे। सहायक आबकारी आयुक्त बोली मैं किसी तरह की बाइक नहीं देती या तो आबकारी कमिश्नर का वर्जन लो या फिर कलेक्टर अरविंद दुबे से वर्जन ले सकते हो ।जबकि यह आबकारी विभाग चला रही है ।इस नाते बाइट देने का अधिकार उन्हीं के पास है ।वर्जन देने के मामले में बात को वह टाल देती है।

# धार पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में ऑपरेशन

**प्रहार के तहत धार पुलिस द्वारा अवैध फायर आर्म्स निर्माता व तस्कर गिरोह के 03 आरोपियो को गिरफ्तार कर 15 नग अवैध 12 बोर के देशी कट्टे, 06 अधबनी पिस्टल, 02 मैग्जीन, 02 जिंदा राउण्ड सहित अवैध फायर आर्म्स निर्माण फैक्ट्री का पर्दाफाश करने में मिली महत्वपूर्ण सफलता।**

**धार से रघुनाथ सेन**

थाना मनावर पुलिस टीम व्दारा चौकी बाकानेर के गुरुव्दारे के पीछे नाले के पास बने पुराने खंडहर से कुख्यात अवैध फायर आर्म्स निर्माता व तस्कर राहुल पंजाबी (सिकलीगर) सहित 02 अन्य आरोपियो को अवैध फायर आर्म्स फेक्ट्री सहित गिरफ्तार किया।

टीम द्वारा 03 आरोपियो के कब्जे से 15 नग अवैध 12 बोर के देशी कट्टे, 06 नग अधबनी पिस्टल, 02 राउण्ड, 02 मैग्जीन, अवैध फायर आर्म्स निर्माण का कारखाना उपकरण कुल मश्रुका कीमती 1,62,000 /- रुपये को जप्त किया।

गिरफ्तारशुदा आरोपियो में आरोपी राहुल सिकलीगर पर जिला धार के थाना मनावर पर 03 अवैध फायर आर्म्स के अपराध पंजीबद्ध है।

कुख्यात आदतन आरोपी राहुल पंजाबी व्दारा अपने साथियों के साथ पुनः अवैध फायर आर्म्स निर्माण कार्य करने पर प्रकरण में धारा 111 (संगठित गिरोह) की गंभीर धारा लगाई गई हैं।पुलिस महानिरीक्षक इन्दौर(ग्रामीण)जोन इन्दौर श्री अनुराग व पुलिस उप महानिरीक्षक इन्दौर (ग्रामीण)रेंज इन्दौर श्री निमिष अग्रवाल के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक धार श्री मनोज कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में धार जिले में अवैध हथियार निर्माता व तस्करी के कार्य में संलिप्त गिरोह की पतारसी व धडपकड़ हेतु जिले के समस्त नपुअ/एसडीओपी को उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इसी




तारतम्य में कल दिनांक 19.12.2024 को थाना मनावर के बाकानेर चौकी प्रभारी अश्विन चौहान को मुखबीर व्दारा सूचना मिली कि ग्राम बाकानेर में गुरुव्दारे के पीछे नाले के पास बने पुराने खंडहर में अवैध फायर आर्म्स तस्कर राहुल पंजाबी अपने साथियों के साथ अवैध हथियारो का निर्माण कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर से अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनावर श्रीमती अनु बेनिवाल (भा.पु.से.) के निर्देशन व थाना प्रभारी मनावर निरीक्षक ईश्वरसिंह चौहान के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुए मौके पर घेराबंदी कर दबिश देकर अवैध फायर आर्म्स निर्माण करते 03 व्यक्तियो को रंगे हाथ पकडा जिनके कब्जे से मौके पर से 04 देशी कट्टे, 06 अधबनी देशी पिस्टल, 02 जिंदा राउण्ड, 02 मैग्जीन व हथियार बनाने की फैक्ट्री उपकरण-लोहे की हथोडी, राउण्ड बनाने का साँचा, लोहे की संडासी, ड्रील मशीन, ग्लाईडर मशीन, पिस्टल के फर्मे, लोहे की नाल के टूकडे, स्प्रिंग, छैनी, लोहे के पतरे आदि को विधिवत जप्त कर तीनों आरोपियो के विरूद्ध थाना मनावर में अपराध क्रमांक 985/24 धारा 25,27, 25(1ꣳ) आर्म्स एक्ट व 111(2)(ङ),111(3) बीएनएस का पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया । 03 आरोपियों से पुछताछ करते उनके व्दारा बनाई गये कुछ देशी फायर आर्म्स खंडहर में व उसके आसपास छिपाकर बैचने हेतु रखना बताया गया। बाद पुलिस व्दारा मेटल डिटेक्टर के साथ पुनः घटना स्थल खंडहर पर जाकर सर्चिंग की गई तो वहाँ से कुल 11 नग अवैध देशी कट्टे जप्त किये गये। इस प्रकार आरोपियों के कब्जे से कुल 15 नग अवैध 12 बोर के देशी कट्टे, 06 अधबनी पिस्टल, 02 राउण्ड, 02 मैग्जीन, अवैध फायर आर्म्स निर्माण का कारखाना उपकरण कुल मश्रुका कीमती 1,62,000 /- रुपये को जप्त किया।श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय श्री कैलाश मकवाना एवं पुलिस महानिरीक्षक इन्दौर(ग्रामीण)जोन इन्दौर श्री अनुराग व पुलिस उप महानिरीक्षक इन्दौर (ग्रामीण)रेंज इन्दौर श्री निमिष अग्रवाल व्दारा धार पुलिस व्दारा किये गये उक्त कार्य की सराहना की गई हैं एवं टीम को उचित पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई हैं।

## गिरफ्तार आरोपियो के नाम

1राहुल पिता किशोरसिंह पंजाबी जाति सिकलीगर उम्र 31 वर्ष निवासी सिकलीगर मोहल्ला बाकानेर थाना मनावर जिला धार (म.प्र.)
2जगतसिंह पिता सेवासिंह भाटिया जाति सिकलीगर उम्र 32 वर्ष निवासी सिकलीगर मोहल्ला बाकानेर थाना मनावर जिला धार (म.प्र.)
3अजयसिंह पिता भगतसिंह सिकलीगर उम्र 20 वर्ष निवासी सिकलीगर मोहल्ला बाकानेर थाना मनावर जिला धार

## जप्त मश्रुका का विवरण

1.तीनों आरोपियो से मौके से 04 देशी कट्टे, 06 अधबनी देशी पिस्टल, 02 जिंदा राउण्ड, 02 मैग्जीन व अवैध फायर आर्म्स निर्माण के उपकरण कुल 15 नग अवैध 12 बोर के देशी कट्टे, 06 अधबनी पिस्टल, 02 राउण्ड, 02 मैग्जीन, व आर्म्स निर्माण फैक्ट्री के उपकरण कुल मश्रुका कीमती 1,62,000/- रुपये
2.आरोपियो की निशादेही से 11 नग अवैध देशी 12 बोर के कट्टे

सराहनीय कार्यवाही-आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी मनावर निरीक्षक ईश्वरसिंह चौहान,उनि अश्विन चौहान, आर.राहुल बांगर, आर. अंकित,आर. जितेन्द्र जामकर, आर. राकेश, म.आर. फुलवंती की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# इंदौर भाजपा मंडल अध्यक्षको की घोषणा के बाद नगर अध्यक्ष की हलचल तेज



**गोल्डी राठौर , दैनिक केसरिया हिंदुस्तान , इंदौर, (मध्य प्रदेश)**

प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर शहर में भाजपा में हलचल तेज हो गई हैं,इंदौर के प्रभारी मंत्री के रूप में जो जिम्मेदारी मुख्यमंत्री ने अपने पास रखी हे उसकी सबसे बड़ी परीक्षा का समय बहुत ही नजदीक हे , भाजपा मंडलों की घोषणा के बाद अब नगर और जिले के अध्यक्षों की घोषणा भी जल्द ही हो जाएगी और हो सकता हे जल्द इंदौर में भाजपा के नए अध्यक्ष की घोषणा हो जाए।। नगर अध्यक्ष के लिए इंदौर में किसकी चलेगी ये तो वक्त ही बताएगा पर जिस तरह से इंदौर में भाजपा की स्थिति हे उसको देखते हुए यही लगता हे शहर में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का दबदबा कायम रहेगा और सब कुछ सही रहा तो मंत्री पुत्र को भाजपा इंदौर नगर की कमान मिल सकती हे ,अभी तक के जो समीकरण इंदौर भाजपा में बने हे उससे नहीं लगता कि मुख्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ जाकर कोई ज्यादा दखलंदाजी करेंगे , अगर आकाश विजयवर्गीय पर कोई भी आपत्ति आती हे तो कैलाश विजयवर्गीय के पास और भी विकल्प मौजूद हे , जब से प्रदेश की राजनीति में कैलाश विजयवर्गीय की घर वापसी हुई हे तब से प्रदेश में उनको लेकर बहुत सी बाते भी होने लगी हे जिसमें हाल ही में कैबिनेट मीटिंगों में मंत्री जी का शामिल नहीं होना और महाराष्ट्र चुनाव में एक शहर में रहकर मुख्यमंत्री से दूरी बनाना अब यह सब एक संयोग था कुछ और ये तो भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व तय करेगा पर चर्चाओं का बाजार जरूर गरम हे ऐसा में अगर शहर में भाजपा नगर अध्यक्ष को लेकर मुख्यमंत्री कोई टांग अड़ाते हे तो इसका असर हमें प्रदेश की राजनीति पर भी देखने को मिल सकता हे।।

**कौन कौन हे इंदौर नगर भाजपा अध्यक्ष बनने का दावेदार**–शहर के नगर अध्यक्ष बनने के लिए भाजपा के पास कम से कम दो दर्शन से अधिक दावेदार पर इन नामों पर सबकी निगाहे टिकी रहेगी - आकाश विजयवर्गीय , संदीप दुबे , टीनू जैन , जीतू यादव , हरिनारायण यादव , एकलव्य गौड़ , गंगा पाण्डेय , नानूराम कुमावत और भी कुछ नाम हे जिसपर चर्चा हो सकती हे।।

# विदिशा के अटल बिहारी वाजपई मेडिकल कॉलेज में चल रहा है वार्षिकोत्सव के दौरान खेलों का हुआ समापन



**नीरज दुबे**

विदिशा के अटल बिहारी वाजपई मेडिकल कॉलेज में चल रहे वार्षिकोत्सव के दौरान पिछले पांच दिनों से विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित किया जा रहे थे ... जिसमें क्रिकेट फुटबॉल बैडमिंटन वॉलीबॉल और अन्य खेल शामिल थे इन खेलों में विजेता टीम और खिलाड़ियों को आज पुरस्कार वितरण किए गए पुरस्कार वितरण के दौरान मध्य प्रदेश मुकद्दर टीम के कप्तान अमन चौकसे, तीरंदाजी मे एशियन गेम्स की पदक जीत चुकी आशी चौकसे, और जूडो की खिलाडी वंदना सूर्यवंशी अतिथी के रूप मे शामिल हुए...इस प्रतियोगिता के आयोजन में शामिल डॉक्टर विवेक चौक से ने बताया कि 5 दिनों के दौरान खिलाड़ियों द्वारा साल भर पढ़ाई करने के बाद जी भरकर खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया अपने हुनर को प्रदर्शित किया

# जिलेभर के कोटवारो ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को सोपा ज्ञापन

**- शासन द्वारा इस बार वर्दी की राशि देने की वजह सिली सिलाई वर्दी देने पर जताई आपत्ति**



**नीरज दुबे**

विदिशा-आज जिलेभर के कोटवार विदिशा पहुंचे जहां उन्होंने कलेक्ट्रेट में कलेक्टर के नाम लिखित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सोंपा ज्ञापन के जरिए उन्होंने बताया कि पिछले सालों की तरह इस बार कोटवारों को वर्दी के लिए राशि नहीं दी जा रही बल्कि सिली सिलाई वर्दी दी जा रही है जो प्रत्येक कोटवार के माप की होगी इसकी कोई गारंटी नहीं है... उन्होंने कहा कि पिछले साल जिस तरीके से राशि दी जाती थी उसी तरीके से राशि दी जानी चाहिए हम अपने माप के अनुसार उसे सिलवा लेंगे... साथ ही जूते टॉर्च आदि के लिए भी सामग्री खरीद कर दी जा रही है उसको लेकर भी ज्ञापन दिया गया है.. बताया गया कि जिलेभर में 1300 से ज्यादा कोटवार है

# SDM बेटा करेगा आंगनबाड़ी में पड़ाई, खुद बताई फैसले के पीछे की वजह



**हिंदुस्तान केसरिया**
**सूरज सनाढ्य**

**मैहर/ रामनगर** आज के दौर में जहां हर माता-पिता अपने बच्चों को महंगे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने की होड़ में लगे हैं, वहीं मैहर जिले की रामनगर अनुभाग की स्ब्ररू डॉक्टर आरती सिंह ने एक नई मिसाल पेश की है. उन्होंने अपने बेटे जैथविक पटेल का दाखिला आंगनबाड़ी केंद्र में कराया. डॉ. आरती सिंह गुरुवार को रामनगर के इटमा कला आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के लिए पहुंची थीं. निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योत्स्ना जायसवाल और सहायिका सरला कुशवाहा से बातचीत की. इसके बाद स्ब्ररू डॉक्टर आरती ने अपने बेटे का नाम भी रजिस्टर में दर्ज करने को कहा. उनके इस फैसले के बाद हैरान रह गए. उन्होंने बताया कि ये कदम सरकारी शिक्षा और आंगनबाड़ियों में सुधार को बढ़ावा देने के लिए उठाया है.

**बच्चों के साथ बिताया समय**–दाखिले के बाद स्ब्ररूने बच्चों के साथ खेल-खेल में सीखने की गतिविधियां कीं. उन्होंने बच्चों के साथ बड़े और छोटे समूह बनाने का खेल खेला. इस दौरान बच्चे काफी खुश दिखे. वहां मौजूद सुपरवाइजर सतनाम कौर और अन्य अधिकारी भी इस पहल को देखकर प्रभावित हुए.

## एक नजर...

### -भिण्ड में मिट्टी माफियाओं के हौसले बुलंद।



-कलेक्टर की कार्यवाही के बाद भी नही रुक रही अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई।
-बिना किसी अनुमति के धड़ल्ले से खुदाई करवा रहे मिट्टी माफिया।
-बीहड़ों में जमकर चल रही जेसीबी।
-माफियाओं के आगे बौना साबित हो रहा जिला प्रशासन।
-कलेक्टर की पूर्व में कार्यवाही के बाद भी वही जेसीबी फिर पहुँची खुदाई करने।
-देहात थाना क्षेत्र के उदोतपुरा मिहोनी के बीहड़ का मामला।

### शब्बू गोरी हज कमेटी के जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त



**आसिम दाद खान दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

जिला हड़ कमेटी के अध्यक्ष डॉ. आमिर सरकार ने समाज सेवी, सभी को साथ लेकर चलने वाले शब्बू गोरी को जिला हड़ कमेटी मे मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है शब्बू गोरी को हज कमेटी के जिला मीडिया प्रभारी पद पर नियुक्त होने पर उनके शुभ चिंतको ने बधाई दी है । शब्बू गोरी की नियुक्ति जिला हज कमेटी के अध्यक्ष डॉ आमिर सरकार द्वारा की गई है। आमिर सरकार ने कहा कि शब्बू गोरी की खिदमत को देखते हुए और समाज के प्रति जागरूकता देखते हुए उन्हें हज कमेटी का जिला मीडिया **प्रभारी बनाया गया है। उनकी नियुक्ति पर**- पार्षद राजा कुरैशी, प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ वसीम, एडवोकेट शोएब खान, निजाम,अल्ताफ,कमर हाफिज, आसिम दाद खान,वाजिद खान,हामिद,जुबेर, हसीन खां,साहित अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

### बौद्ध भिक्षुओं के अनुयायीयों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा



**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

एटा अलीगंज बौद्ध विकास समिति एवं बौद्ध आर्मी संगठन के पदाधिकारीयों ने एक साथ मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा दिए गए ज्ञापन में कहा कि जिला बदायूं में स्थित सम्राट अशोक पर्यटक स्थल बुद्ध विहार सूर्यकुंड मझिया बदायूं में भगवान बुद्ध की प्रतिमा तोड़ने पूज्य भंन्ते लोगों को अपमानित करने व कब्जा करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया उन्होंने बताया कि भगवान बुद्ध ने अपने समय में वर्षा वास किया था और बौद्ध बुद्ध के नीचे बैठकर अपने अनुयायियों को उपदेश दिए थे यहां पर कई प्राचीन काल के बौद्ध मठ बने हुए थे काफी लंबे समय से पूज्य बौद्ध भिक्षु लोग इस बुद्ध विहार में रहकर भगवान बुद्ध की प्रार्थना पूजा अर्चना करते आ रहे हैं इस बुद्ध विहार के सौंदर्यीकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने 99.96 लाख रुपए दिए थे बीते 7 दिसंबर को असमाजिक तत्वों ने फर्जी आरोप लगाकर थाना सिविल लाइन पुलिस बल बुलाकर बौद्ध भिक्षुओं को थाने में ले जाकर बंद कर दिया गया और बौद्ध भिक्षुओं का शांति भंग में 5-5 लाख रुपए से मुचलका भरकर छोड़ा गया और उनके नीची सामान अनाज की बोरियां बौद्ध अनुयायीयों की बैठने की कुर्सियां चौकिया गंदा बिस्तर आदि के साथ बौद्ध भिक्षुओं को अपमानित किया जबकि भारत सरकार और केंद्र सरकार बौद्ध भिक्षुओं का आदर सम्मान देकर धम्म को प्रोत्साहन दे रही है। लेकिन जनपद बदायूं में विभिन्न स्तर के नेताओं द्वारा शहर की जान बूझकर के फिजा बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है और बौद्ध भिक्षुओं का सामान बाहर फेंक कर भगा दिया और बुद्ध विहार में चौकी इंचार्ज ने जबरदस्ती अपना तारा डाल दिया सामाजिक तत्वों द्वारा ऐसे निंदनीय कार्य करके केंद्र और राज्य सरकार की छवि धूमिल करने और माहौल बिगाड़ने की लगातार कोशिश की जा रही है इस घटना से बदायूं ही नहीं बल्कि प्रदेश और देश में भगवान बुद्ध में आस्था रखने वाले लोगों में आक्रोश जारी है इसके संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा है मांग है की घटना में हस्तक्षेप कर बौद्ध भिक्षुओं को पुनः बुद्ध विहार में स्थापित करते हुए चौकी इंचार्ज और इंस्पेक्टर को निलंबित कर कठोर कार्यवाही करें ताकि भगवान बुद्ध को मानने वाले लोगों के आस्था के साथ भविष्य में कोई खिलवाड़ ना कर सके इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया लाल शाक्य, प्रदेश सचिव इंद्रपाल शाक्य, जिलाध्यक्ष एटा विवेक शाक्य, सुमित शाक्य एडवोकेट, नरेंद्र सिंह, आदित्य शाक्य, सत्यसिंह, अवनीश, पुरुषोत्तम, दुर्विजय शाक्य, ऋषि शाक्य, सुरेश चंद्र, सुधीर कुमार,विष्टोष , प्रमोद, राजकुमार, शिवकुमार, दीपक, अनुभव ,सुरजीत ,दिनेश, योगेंद्र हिरदेश,आदि लोग उपस्थित रहे।

### राजस्व की पैमाइश में नाले पर नहीं पाया गया अवैध निर्माण कोर्ट के स्टे आर्डर लाने का एक सप्ताह का दिया गया समय



शंकरगढ़। क्षेत्र के अभयपुर में नाले पर अवैध निर्माण की शिकायत पर शुक्रवार को राजस्व की टीम पहुंची और नाले की पैमाइश की मौके पर पाया गया की नाले पर कोई भी अवैध निर्माण नहीं है । काम रुकवाने के लिए कोर्ट का स्टे आर्डर लाने के लिए विपक्षियों को एक सप्ताह का समय दिया गया है शंकरगढ़ के अभयपुर में एक जगह नाला तथा जमीन को लेकर कुछ किसान धरने पर बैठे हैं । तहसीलदार बारा के आदेश पर शुक्रवार को नाले की पैमाइश की गई जिसमे नाले पर कोई अवैध निर्माण नहीं पाया गया। जमीनों पर काम रुकवाने के लिए प्रभारी निरीक्षक शंकरगढ़ ने कोर्ट का स्टे आर्डर लाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। इस बीच उक्त जमीनों पर कोई काम न करने का निर्देश दिया गया।

## उर्स का पहला दिन स्थानीय कव्वालों के नाम रहा शानदार कलाम पेश किए





**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान भगवान मुजाल्दा-** धार शहंशाहे मालवा हजरत मौलाना कमालुद्दीन चिश्ती के सालाना 693 वें उर्स की शुरुआत गुरुवार से हो गई है।गुरुवार की रात स्थानीय कव्वालों ने बाबा कमाल की शान में कलाम पड़े महफिल की शुरुआत अस्ताने के पगड़ीबन कव्वाल नाहर खा शमशेर खा निसार खां कव्वाल ने की उनके बाद यूसुफ फारूक कव्वाल जावरा ने अपने कलाम पेश किए।अस्ताने के पगड़ीबन कव्वाल नाहर खा के पोते जाफर शादाब कव्वाल ने तेरे करम से मेरी सलामत है जिंदगी तेरा करम न होतो कयामत है जिंदगी शेर पर खूब तारीफे बटोरीं।जावरा के ही यूसुफ फारूक कव्वाल ने क्या भूल हुई मुझसे आखरी जो ख्वाब में आना छोड़ दिया कलाम पड़ा।जयपुर से आए मशहूर कव्वाल टिम्मू गुलफाम ने बाबा की शान में बेहतरीन कलाम पेश कर श्रद्धालुओं को नजराना देने पर मजबूर कर दिया उन्होंने मंगते है उनके उनके करम की बात न पूछो हम है गुलाम उनकी गुलामी पर नाज है पड़ अकीदतमंदों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान बाबा के अस्ताने पर हाजरी देने वाले सभी धर्मों के श्रद्धालुओ की भारी भीड़ उमड़ी।इस मोके पर उर्स कमेटी के अध्यक्ष सुहेल निसार उपाध्यक्ष शकील अहमद सचिव जावेद अंजुम रफीउद्दीन सैयद अब्दुल सलाम लल्ला जुल्फिकार उद्दीन विक्की सैयद शेख जावेद बाबा वारसी अजीज खान गुलरेज मंसूरी शफीक मंसूरी नदीम नईम कुरेशी सफदर हुसैन विक्की शेख मोइनुद्दीन मोनू सलाउद्दीन सल्ला सहित उर्स कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### लक्सर के बालावाली तिराहे पर सैक?ो कांग्रेसियों ने एकत्रित होकर गृहमंत्री अमित शाह का फूंका पुतला, जमकर लगाए अमित शाह मुर्दाबाद के नारे



**विशेष संवाददाता- अनिल वर्मा/ हिंदुस्तान केसरिया**

लक्सर/ क्षेत्र स्थित बालावाली तिराहे पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने एकत्रित होकर ग्रहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका। जिसमे पुतला दहन का कारण उन्होंने भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्य सभा में अपमान जनक टिप्पणी करना बताया। जिसके विरोध में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। इस दौरान उन्होंने अमित शाह मुर्दाबाद के जम कर नारे लगाए और अमित शाह द्वारा मा?ी मांगे जाने की मांग की। जिसमें यह पुतला दहन का कार्यक्रम लक्सर के बालावाली तिराहा पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान राजीव चौधरी ने कहा कि रस की प्रयोगशाला से निकले हुए बीजेपी नेताओ की सोच बाबासाहेब की विचारधारा और उनके संविधान के खिलाफ है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब के बारे में इतने निजता और अपमानजनक टिप्पणी की गई है। जिसका कांग्रेस विरोध करती है और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा स्तीफा दिए जाने की मांग करती है। उनके इस बयान से बाबा साहब बीआर अंबेडकर के अनुयायियों सहित संपूर्ण भारत के निवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। इसके लिए गृहमंत्री अमित शाह को पद से हटा दिया जाना चाहिए, भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर लोकतंत्र के धरोहर हैं। बाबा साहब के खिलाफ जिस तरह से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अभद्र टिप्पणियां की है, यह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने इस टिपणी से लोकतांत्रिक ढांचा पर कुठाराघात किया है। गृह मंत्री के इस कृत से देश की आम जनता सहित दलितों की भावनाओ को ठेस पहुंचाई है, अमित शाह को माफ नहीं किया जायेगा। कांग्रेस नेता बालेश्वर ने कहा कि भाजपा की नीति हमेशा से ही संविधान विरोधी रही है सत्ता में आने से पहले से ही भाजपा नेता संविधान विरोधी भाषण देते रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब के बारे में की गई टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा इतनी निर्लज्जता से की गई टिप्पणी बहुत ही अशोभनीय है जिसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते है।

## घटिया में मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर का आयोजन

### कलेक्टर निरज सिंह ने उपस्थित होकर सुनी आमजन की बात





**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

कलेक्टर श्री नीरजकुमार सिंह व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उज्जैन श्रीमती जयतिसिंह द्वारा जनपद पंचायत घट्टिया में औदिच्य ब्राहम्ण धर्मशाला में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान, मनरेगा, पीएचई, 70 प्लस के आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक ली गई जिसमें अभियान हेतु घर-घर सर्वे करने वाली टीम जिसमें पटवारी सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं से ÷वन टू वन÷ बात करते हुए सर्वे फार्म व उनकी प्रविष्टि की विस्तृत चर्चा कर ग्रामीणजनों के 70 प्लस के आयुष्मान कार्ड शतप्रतिशत बनाने, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना व दिव्यांगजनों के मेडिकल सार्टिफिकेट बनाने हेतु कलेक्टर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया। बैठक में ग्राम पंचायत घट्टिया, नजरपुर, बनडा, उज्जैनिया, रूदाहेडा, गुराडिया गुर्जर सहित चार क्लस्टर की ग्राम पंचायतों की विस्तृत समीक्षा की गई, समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत नजरपुर की मुख्यमत्री जनकल्याण अभियान की समस्त सर्वे टीम को लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए, व मनरेगा योजना में लेबर बजट के विरूद्ध संतोषजनक प्रगति न करने वाली ग्राम पंचायत बनडा, गुराडिया गुर्जर, सलामता, तुलाहेडा, भुतिया, नजरपुर, भीलखेडा व कदवाली के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को शोकाज जारी किये गये। साथ ही आगामी 15 दिवस बाद पुनः समीक्षा बैठक ली जावेगी, जिसमें दिये गये निर्देशों के अनुसार अपेक्षित प्रगति लाई जावें।बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री राजाराम करजरे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री जीएस मुझाल्दा, तहसीदार घट्टिया, जिले से नियुक्त सेक्टर ऑफिसर, नोडल ऑफिसर, समस्त विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारी, विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

### बाबासाहब अम्बेडकर भारत की आत्मा हैं : राजू आर्य



**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

**गृहमंत्री जी को बाबासाहेब के मुद्दे पर स्पष्टीकरण देना चाहिए**

एटा। बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और संविधान के अपमान को लेकर संसद से विधानसभा लखनऊ तक विपक्ष हमलावर है। वहीं देशभर में भी विभिन्न राजनीतिक दलों ने बाबा साहेब आंबेडकर के अपमान को लेकर कड़ी निंदा की है। हिंदूवादी नेता रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य ने कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का अपमान करने वाले भारत के संविधान और लोकतंत्र का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान कर रहे हैं। भारत की आजादी मिलने के बाद भारतीय संविधान को बनाने वालों ने यह कभी नहीं सोचा था कि देश की सत्ता पर बैठे हुए गृहमंत्री जैसे बड़े पद पर बैठा व्यक्ति आंबेडकर का अपमान करेंगे। डॉ. आंबेडकर ने संविधान के माध्यम से दलितों, पिछड़ों, वंचितों, महिलाओं और समाज के उन सभी वर्गों के लिए अधिकार दिया जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े थे। समता मूलक लोकतांत्रिक अधिकार देने के लिए संविधान में प्रावधान किया था। उन्होंने कहा बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान करना संविधान विरोधी है। देश की 85 प्रतिशत जनसंख्या के लिए बाबासाहेब आंबेडकर भगवान हैं लोग उन्हें भगवान की तरह पूजते हैं इसलिए भविष्य में राजनेताओं को बाबासाहेब पर सोच-समझकर बोलना चाहिए।

## भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग, श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा भक्ति का संदेश देता है,नलवा-दसोड़ा मार्ग के छीमरीखेड़ा मे भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह

**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सनावद-नलवा-दसोड़ा मार्ग के छीमरीखेड़ा मे चल रही चल रही रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक पंडित दिनेश शर्मा ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।इस दौरान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह प्रसंग में श्रद्धालु झूम उठे। साथ ही श्री कृष्ण और रुक्मणी की सजीव झांकी भी सजाई गई।श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी रूपमणी का विवाह संसार को भक्ति का संदेश देता है। इनका विवाह आदर्श का प्रतीक है। भगवान की जो भक्ति करते हैं प्रभु उनके सभी दुख दूर करते हैं। भगवान का विवाह पति पत्नी में अटूट प्रेम का संदेश देता है पर आज पति पत्नी के बीच सिर्फ भोग विलास बन गया है। भगवान ने कृष्ण अवतार में जहां एक तरफ गोपियों के चीर चुलाकर उन्हें भक्ति और प्रेम की शिक्षा दी वहीं प्रभु ने द्रोपदी का चीर बढ़ाकर उसकी लाज रखी। आज धर्म के मार्ग पर चलने का समय आ गया है हम जब तक धर्म के मार्ग पर नहीं चलेंगे तब तक हमारा मोक्ष उद्धार नहीं है। उन्होंने कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर





अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, तो वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे,उन्होंने कथा में कहा कि जिस घर में नारी का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है और उस घर की समृद्धि भी बढ़ती है, वहीं जिस कुल में नारी का अपमान होता है उस कुल का विनाश हो जाता है। ऐसे में हमें हर जगह नारियों का सम्मान करना चाहिए। मनुष्य शरीर नश्वर है। इसका हमें अहंकार नहीं करना चाहिए। न जाने कब श्वास रुक जाए, परंतु आत्मा अमर है। यह एक देह से दूसरी देह में जन्म लेती रहती है। उन्होंने बताया कि आत्मा ही परमात्मा का अंश है। जो इंसान सच्चे मन से निर्मल होकर प्रभु भजन करता है, उस आत्मा का परमात्मा में मिलन हो जाता है। फिर उसे चौरासी के चक्कर से मुक्ति मिल जाती है। कथा में श्रीकृष्ण, रुक्मिणी विवाह धूमधाम से मनाया गया। श्री कृष्ण,रुक्मिणी विवाह की जीवंत झांकी सजाई गई।कृष्ण, रुक्मिणी विवाह के भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करते रहे।

**नशा शराब का नहीं, भगवान की भक्ति का होना चाहिए**-वर्तमान में नशा फैशन बन गया है, जिसे देखो किसी न किसी नशे में लिप्त रहता है। आधुनिकता की चकाचौंध में युवा संस्कार भूलकर फैशन का दीवाना हो गया है। नशे और फैशन ने युवा वर्ग को बर्बाद कर दिया है। मनुष्य को नशा करना चाहिए, लेकिन नशा ऐसा हो जिसमें समाज का कल्याण है।उन्होंने कहा कि नशा भगवान की भक्ति का हो, नशा दीन-दुखियों की सेवा करने का हो। यदि ऐसा नशा करना हो तो ठीक है, लेकिन आज इंसान ये सब चीजें छोड़कर शराब, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू सहित अन्य नशे में डूबा है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग नशा करना शान समझते हैं, लेकिन यह नशा सेवन करने वाले के साथ ही पूरे परिवार को ले डूबेगा। आज समाज में नशा करना फैशन बन गया है। नशा नाश का कारण है और इससे परिवार और समाज का पतन निश्चित है।

## कांग्रेस नेता के वेयर हाउस से 16हजार बोरी गेहूं गायब-12 हजार बोरियों में भूसा और डस्ट मिला; 3 करोड़ से अधिक का सरकारी गेहूं में हेराफेरी

### घटिया12 हजार बोरियों में भूसा और डस्ट मिला; 3 करोड़ से अधिक का सरकारी गेहूं में हेराफेरी

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

जांच टीम वेयर हाउस पहुंची तो गेहूं की गड़बड़ी सामने आती गई। यहां जो बोरियां मिली, उनमें भी डस्ट, भूसा और छानन भरा मिला।जिले में सरकारी गेहूं की हेराफेरी का बड़ा मामला सामने आया है। किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदा गया गेहूं प्रशासन ने कांग्रेस नेता विजय सिंह गौतम के वेयर हाउस में रखा था। इसकी कीमत 3 करोड़ रुपए से अधिक थी। अब वेयर हाउस से 16168 बोरी (50-50 किलो की) गायब है। वहीं करीब 12 हजार गेहूं की बोरियों में केवल डस्ट, भूसा और छानन भरा मिला।घट्टिया तहसील के पानबिहार क्षेत्र के ग्राम बच्चूखेड़ी में श्री गौतम वेयर हाउस है। इसकी प्रोपाइटर लक्ष्मीबाई और संचालक कांग्रेस नेता विजय सिंह हैं। इस वेयर हाउस में प्रशासन ने वर्ष 2020-21 में खरीदा गेहूं अनुबंध के तहत रखा था, ताकि उसे कंट्रोल दुकान से वितरित करवाया जा सके या जरूरत के हिसाब से अन्य योजनाओं में उपयोग लिया जा सके।

**ऐसे पकड़ में आई गड़बड़ी** - यह वेयर हाउस घट्टिया की खिलचीपुर शाखा के तहत आता है। शाखा प्रबंधक भगवान पटेल ने वेयर हाउस में रखे गेहूं की गुणवत्ता (वर्तमान में अनाज उपयोग लायक है या नहीं) चेक करने का आग्रह जिला स्तर के अधिकारियों से किया था। टीम जब वेयर हाउस पर निरीक्षण करने पहुंची तो इन्हें यहां गड़बड़ी की आशंका हुई थी। इसके बाद जांच के लिए टीम बनी। गुरुवार को एसडीएम राजाराम करजरे के नेतृत्व 8-10 अधिकारी जांच के लिए वेयर हाउस पहुंचे थे। इन्होंने मौके पर पंचनामा



बनाया और वेयर हाउस को सील कर दिया। संभवत- टीम शुक्रवार तक जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप देगी। सबसे पहले पढ़ें... गड़बड़ी की जांच रिपोर्ट रिकॉर्ड के हिसाब से वेयर हाउस में 28 हजार 174 बोरी (50 किलो की) होना चाहिए थी।जबकि वेयर हाउस में केवल 12 हजार 6 बोरी मिली, यानि 16 हजार 168 बोरियां गायब थी।वेयर हाउस में जो 12 हजार 6 बोरियां मिली, उनमें गेहूं की बजाय डस्ट,भूसा व छानन भरा मिला। वो भी 50 किलो नहीं था, कम मात्रा में था।इस तरह जो गायब हुई (16 हजार 168 बोरी) और जो वेयर हाउस में मिली (12 हजार 6 बोरी) का जांच टीम के हिसाब से कुल गेहूं 14 हजार 87 क्विंटल होता है। जिसकी कीमत 2400 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से 3 करोड़ रुपए से अधिक है। इतनी ही राशि के गेहूं की गड़बड़ी होना मानी जा रही हैं।

(जैसा- भगवान पटेल, शाखा प्रबंधक खिलचीपुर ने बताया)

**10 बार अधिकारियों को रिमाइंडर भेजा, गेहूं नहीं उठाया वो सड़ गया**-इधर, इस पूरे मामले में जब वेयर हाउस के संचालक विजय सिंह गौतम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि तीन महीने से उनके पास वेयर हाउस की चाबी तक नहीं है। चाबी वेयर हाउस कॉर्पोरेशन वालों ने ले ली। उनका बकाया डेड़ करोड़ रुपया भी उन्हें नहीं दिया जा रहा है। पांच साल पहले गेहूं वेयर हाउस में रखा था, मैंने करीब 10 रिमाइंडर अधिकारियों को भेजे कि वे उनका गेहूं उठा लें, लेकिन उन्होंने नहीं उठाया। अब गेहूं की हालत ये हो गई कि बोरी उठाए तो वो पूरी तरह से सड़ गया है। अब इसमें मेरा क्या कसूर हवेयर हाउस की जांच की है। तीन करोड़ से अधिक कीमत का गेहूं गायब मिला है। जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप रहे हैं। जो बोरियां मिली हैं उनमें गेहूं की बजाय डस्ट, कंकड़ जैसा कुछ भरा हुआ है। - राजाराम करजरे, एसडीएम, घट्टिया

सरकारी अनाज के गायब होने का मामला गंभीर है। जांच रिपोर्ट आ रही हैं, उस हिसाब से कार्रवाई करेंगे। - **नीरज कुमार सिंह, कलेक्टर**

# भीम आर्मी प्रदेश महामंत्री राजू के नेतृत्व में, बाबा साहब के अनुयायियों ने डा.भीम राव अंबेडकर पर गलत टिप्पणी करने को लेकर गृह मंत्री का फूंका पुतला



**विशेष संवाददाता- अनिल वर्मा/ हिंदुस्तान केसरिया**

लक्सर/ क्षेत्र के टांडा महतोली गाँव मे आज बाबा साहब के अनुयायियों ने एकत्रित होकर ग्रह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया है। जिसमे पुतला दहन का कारण उन्होंने यह बताया कि समाज सुधारक भारत संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्य सभा में अपमान जनक टिप्पणी की गई है। जिसके विरोध में आज बृहस्पतिवार को बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के अनुयायियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया है। इस दौरान उन्होंने अमित शाह मुर्दाबाद के जम कर नारे लगाए और अमित शाह द्वारा मा?ी मांगे जाने की मांग की है। जिसमें यह पुतला दहन का कार्यक्रम टांडा महतोली के अंबेडकर चौक पर राजू भाई भीम आर्मी प्रदेश महामंत्री के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान भीम आर्मी के प्रदेश महामंत्री राजू ने कहा कि महान समाज सुधारक भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर लोकतंत्र के धरोहर हैं। बाबा साहब के खिलाफ जिस तरह से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अभद्र टिप्पणियां की है, यह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण के साथ लोकतांत्रिक ढांचा पर कुठाराघात भी है। गृह मंत्री के इस कृत से देश की आम जनता सहित, दलितों की भावनाओ को ठेस पहुंचाई है ओर दलित अमितशाह को माफ नहीं किया जायेगा। इस मौके पर लंकेश्वर बाबा राष्ट्रीय प्रवक्ता नेशनल भीम आर्मी ने कहा कि इन लोगों की मानसिकता संकीर्ण हो चुकी है जो बाबा साहब के ऊपर टिपणियां बार-बार करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने सभी के लिए काम किया है किसी विशेष समुदाय के लिए नहीं और बाबा साहब अंबेडकर वो सिंबल है। जिनको भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी जाने जाते हैं, ऐसे महान पुरुष का अपमान करना ब?ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि होश में आ जाओ वर्ना जिस दिन बाबा साहब के अनुयाई उधम सिंह बन गए तुम लोगों को बचाना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लिख देंगे ऐसा इतिहास तो तुम लोगों को पढ़ना मुश्किल हो जायेगा।

# सर्दी से राहत के लिए विद्यालय प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने छात्रों में स्वेटर वितरित किया।



**केसरिया हिंदुस्तान, संगीता दीक्षित, बाराबंकी।**

बाराबंकी। तहसील सिरौलीगौसपुर के अंतर्गत जनता इण्टर कालेज बदोसराय में बुधवार को स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार यादव ने कक्षा छह से बारह तक करीब साठ बच्चों को स्वेटर वितरित किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य नियाज अहमद अंसारी, सैय्यद आदिल काज़मी, ग्राम प्रधान निसार मेंहदी, विद्यालय के प्रधानाचार्य राम किशुन सहित समस्त अध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष यादव ने किया।

# गलत इंजेक्शन लगाने से बच्चे की मौत परिजनों ने काटा हंगामा।

**केसरिया हिंदुस्तान, संगीता दीक्षित, बाराबंकी।**



बाराबंकी। तहसील सिरौलीगौसपुर के अंतर्गत आपरेशन से पूर्व इंजेक्शन लगाने के बाद बच्चे की तत्काल मौत हो गई। मौत के बाद लापरवाही एवं गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने हंगामा कर दिया। परिजनों के हंगामा करते ही अस्पताल के कर्मचारी भाग खडे हुए घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची बदोसराय पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम मरकामऊ क़स्बे में संचालित शिव पटेल नर्सिंग होम में ग्राम फरेन्दहा मजरे अमराई गांव थाना रामनगर के निवासी प्रदीप कुमार ने अपने लगभग 3 वर्षीय पुत्र रिशु को बतौडी का आपरेशन कराने के लिए भर्ती कराया था। गुरुवार को लगभग 11 बजे आपरेशन से पूर्व बच्चे को डाक्टर द्वारा दो इंजेक्शन लगाए गए। इंजेक्शन लगाने के कुछ पलों बाद ही बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने डाक्टर पर गलत तरीके से इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए बच्चे का शव गोद में लेकर हंगामा शुरू कर दिया। अस्पताल के बाहर ग्रामीणों की भीड जुट गई। बच्चे की मौत के बाद परिजनों के हंगामे से भयभीत अस्पताल के डाक्टर व कर्मचारी मौके से भाग गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली बदोसराय पुलिस ने अस्पताल संचालक सुमित पुत्र रामखेलावन निवासी देवली थाना रामनगर को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी सन्तोष कुमार ने बताया है कि शव का पंचायत नामा भरकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## फुलकारी WOA ने सोइरी ऑफ फ्लेवर्स 'ए कलिनरी जर्नी' का आयोजन किया

# फुलकारी, अमृतसर की महिलाओं ने सबसे आकर्षक स्थल 'द बाग' में एक अविस्मरणीय दोपहर द ग्रीन प्लेट 'फार्म से टेबल तक' का आयोजन किया

**लगभग 250 उत्साही महिलाओं ने भाग लिया, यह कार्यक्रम ऊर्जा, नए विचारों और नए जोश से भरा हुआ था।**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार, सुशील पदम अमृतसर पंजाब**



यह दोपहर राजेश थपलियाल के साथ पाक यात्रा से कम नहीं थी, जो न केवल अंतरराष्ट्रीय ख्याति के भारतीय शेफ हैं, बल्कि प्रकृति और वन्यजीव फोटोग्राफर भी हैं। उन्हें फाइव स्टार होटलों, शीर्ष रेटेड रेस्तरां जैसे आनंदा इन द हिमालयाज़, हयात होटल, द रिट्ज कार्लटन और बुद्ध बार सहित कई अन्य में काम करने का अनुभव और प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त है। राजेश थपलियाल को भारतीय, फ्रेंच, स्कैंडिनेवियाई, जापानी, पैन एशियाई और आयुर्वेदिक व्यंजनों में विशेषज्ञता हासिल है। उन्हें पाककला के साथ-साथ प्रकृति और वन्यजीव फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं में कई पुरस्कार मिले हैं। सूरज की किरणें सुंदर ढंग से सजाए गए टेबलों पर पड़ रही थीं, जबकि हवा में ताज़ी जड़ी-बूटियों और पूरी तरह से भुनी हुई सामग्री की मादक खुशबू थी। द बाग नामक आयोजन स्थल प्राकृतिक सुंदरता से नहाया हुआ था, जो एक शांत नखलिस्तान का एहसास कराता था, इसके हरे-भरे परिवेश में, परोसे जा रहे व्यंजनों की कलात्मकता की प्रशंसा की जा रही थी। दोपहर के समय हंसी-मज़ाक और बातचीत का दौर चलता रहा, जिसमें स्वाद और कहानियों का सही तालमेल था।महान पाक विशेषज्ञ ने अपने शांत आत्मविश्वास के साथ सूक्ष्म साग उगाने, स्वादिष्ट हिमालयन नमक बनाने और एक बेहतरीन क्यूरेट किए गए ऑर्गेनिक मेनू का स्वाद चखने की कला के बारे में बात की। यह महान विशेषज्ञ द्वारा तैयार किया गया अपनी तरह का एक शानदार 3 कोर्स लंच था।इस कार्यक्रम में फुलकारी की अध्यक्ष शीतल सोहल, उपाध्यक्ष मीनाक्षी खन्ना, सचिव वृंदा कपूर और शिवानी आहूजा, कोषाध्यक्ष रूबी बत्रा और मिल्ली लूथरा और पीआर और मार्केटिंग हेड स्निग्धा गोयल की सक्रिय भागीदारी रही। फुलकारी के कई कार्यकारी सदस्य भी मौजूद थे।फुलकारी की पूर्व अध्यक्ष संध्या सिक्का, दीपा स्वानी, टीना अग्रवाल और आरती खन्ना भी मौजूद थीं। पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता फुलकारी ड्ढ्ढ ने की। फुलकारी ड्ढ्ढ ने प्लैटिनम और कार्यक्रम के शीर्षक प्रायोजक जेसी मोटर्स, गोल्ड प्रायोजक ऐस वेकेशन एंड ट्रैवल्स और सिल्वर प्रायोजक द शॉल स्टूडियो, क्रिएटिव ह्ढ॥ और रेड स्न्रूका आभार व्यक्त किया।

# ट्रांसफार्मर से सटे केबल धू- धू जलने से मचा हड़कंप, विद्युत बाधित



निचलौल ( महराजगंज)ठूठीबारी कस्बे के शान्ति नगर मुहल्ले मे लगे 400 केवीए के ट्रांसफार्मर से सटे विद्युत केबल में आग लगने से ग्रामीणों में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। ग्रामीणों को भ्रम हुआ कि ट्रांसफार्मर जल रहा है।सूचना पर विद्युत विच्छेदन कर दिया गया। मौके पर पहुंचे लाइन मैन मनोज कुमार व अमर कुमार द्वारा ग्रामीणों को सही तथ्य से अवगत कराया गया। तब जाके लोगो ने राहत की सांस ली। कुछ देर बाद विद्युत कर्मियों ने जले हुए केबल को काटकर विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी गई। इस बाबत रजनीश गौंड ने बताया कि पहले से लगा हुआ केबल जर्जर हो गया। जल्द ही नया केबल लगा दिया जाएगा।

## बबेरू विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पाराबिहारी में बड़ी दर्दनाक दुर्घटना

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**



बबेरू तहसील के थाना बिसंडा के ग्राम पाराबिहारी के आगे दरिया बाबा मोड़ पर अचानक सवारियों से भरा ई रिक्शा पलटने से एक युवती की दर्दनाक मौत के साथ कई लोगों के गम्भीर रूप से घायल अवस्था में काफी देर तक पड़े रहने पर एम्बुलेंस न पहुंचने की जानकारी जैसे ही मुझको मिली तो हम श्वद्दद्ध चण्डीगढ़ रहते हुए वही से तुरन्त एम्बुलेंस अधिकारी सहित ह्यद्ध्श बिसंडा इंस्पेक्टर बबेरू एवं अपर पुलिस अधीक्षक बांदा से फोन वार्ता कर तत्काल मदद के लिए आग्रह किया जिससे तुरन्त मौके पर पुलिस एवं एंबुलेंस पहुंची घायलों को जिला अस्पताल बांदा भिजवाया गया साथ ही मृतक की बाड़ी का पंचनामा पोस्टमॉर्टम की अग्रिम कार्यवाही शुरू की गई। हर सम्भव मदद सहयोग के लिए वचनबद्ध

# संविधान हमारा -संविधान हमारा

मनोज वाल्मीकि नगीना।माननियो के बडबोले मर्यादाहिन बोल से देश की राजनीति के गिरते स्तर मे तीन दशकों बाद भी सुधार के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। जिससे भारतीय संविधान और लोकतंत्र कि व्यवस्था चरमरा रही है। बल्कि इन माननीयो की बदजुबानी से उन पड़ोसी मुल्को औऔर चंद कट्टरपंथियो को बल मिल रहा है जो कभी भारत के हो ही नहीं सकते, और यह सब देश की सत्ता के लिए हो रहा है। देश के राजनेताओं की हर करनी और कथनी को सारे देश की आवाम जानती है, कौन देश का है कौन समाज का है कौन नहीं। कौन देश और समाज का नहीं यह आवाम उसको उसकी औकात दिखा ही देती है, और दिखाती आ रही है। फिर भी यह सब देखने के बाद भी राज नायकों में जरा भी सुधार नहीं हो रहा है यह कभी लोकतंत्र का मजाक उड़ाते हैं तो कभी भारतीय संविधान की खिल्लियां उडा रहे है। कांग्रेस के युवराज वे सांसद राहुल गांधी वे प्रियंका गांधी जिनको देश की राजनीति विरासत में मिली है उनको भारत सरकार पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाने के अलावा उसके पास और कोई मुद्दा नहीं है, इसी मुद्दे को समाजवादी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आम आदमी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत देश का पूरा विपक्ष सड़क से लेकर संसद तक संविधान की चर्चा करते नहीं थकते जबकि केंद्र और प्रोतों और राज्यसभा में संविधान के जानकारों के सवालों का जवाब उपरोक्त माननीय नहीं दे सके



क्योंकि हाथ में संविधान उठाकर चलना तो सीख लिया लेकिन संविधान को पढ़ना नहीं सीखा जिससे बार-बार लोकसभा और राज्यसभा सदनों के सत्र में अपमानित और बेइज्जत होना उन्हें पढ़ रहा है लेकिन उन्हें अपमान की चिंता नहीं है उनका तो लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ संविधान की पगडंडी पर चढ़कर देश की सत्ता हथियाना है। क्योंकि संविधान दो भागों में बटा हुआ है। संविधान हमारा--संविधान हमारा इसके मायने यह है कि भारत में अल्पसंख्यक माने जाने वाले मुसलमानो के हक में न्यायालय कोई फैसला सुना देता है तो कहने लगते हैं कि यह भारतीय संविधान की देन है हमसे कौन छीन सकता है। और यदि कोई फैसला उनके विरुद्ध आजाए तो वही भारत सरकार के साथ-साथ संविधान को कोस ने लगते हैं, बल्कि हाथों में पत्थर वे डंडे लेकर सड़कों पर उतर आते हैं जिसका एक ताजा उदाहरण संभल की जामा मस्जिद का न्यायालय के आदेश पर सर्वेक्षण करना है जिसको लेकर वहां के कट्टरपंथियो ने वहां के पुलिस प्रशासन पर पत्थरों से जानलेवा हमला करना है। जबकि पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, तमिलनाडु, मणिपुर, जम्मू कश्मीर, केरल, आदि प्रदेशों में कट्टरपंथियो द्वारा अधिकारी यो पुलिस प्रशासन और सनातन समाज के लोगों और महिलाओं पर पत्थर फेंकना एक रिवाज बना लिया है, जिसे पूरा देश और विदेश देख रहा है। पश्चिम बंगाल में ही संदेश खली के कट्टर पंक्तियों ने दलित बस्तिया फुक डाली और महिलाओं के साथ रेप की वारदातें की यह घटना देश में सुर्खियां बनी। शाहबानो केस में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने का फैसला दिया, इसके विरोध में मुसलमान विरोध के लिए सड़कों पर उतारे लेकिन कट्टर पंक्तियों के दबाव में आकर उस समय की सरकार ने कोर्ट के फैसला बदल दिया जिससे कट्टरपंती खुश हो गए वह भी संविधान हमारा था। पिछली सरकारों ने त्रुष्टि कारण के कारण संविधान में अनेक परिवर्तन किया तब भी संविधान हमारा था। देश के अल्पसंख्यकों को इस पर संतोष और भारतीय संविधान का एहसान मानना चाहिए क्योंकि इसी संविधान में उनके धार्मिक स्थलों जो देश भर में नामचिन दरगाहए हैं उन सभी को भारत सरकार की पाबंदियों से मुक्त रखा गया और आज भी मुक्त है इन पर प्रतिदिन सैकड़ो करोड़ रूपया चढ़ने और दान में आता है जो दरगाह, मदरसन, और दीन दुखियों के नाम पर खर्च किया जाता है। जबकि भारत के सभी नाम चिन्ह मंदिरों को भारत सरकार के अधीन रखा गया है जिन पर अरबो रुपयो और सोना चांदी प्रतिदिन चढ़ाया और दान आता है जिस पर भारत सरकार का शंशंहीं अधिकार होता है यह सब डॉक्टर भीमराव जी ने संविधान में अंकित किया है जो आज भी चला आ रहा है। फिर भी यही समाज भारतीय संविधान और भारत सरकार पर सवालिया निशान खड़े कर अनेको अनेक मनगढ़ंत आरोप मढने लग जाते हैं। बात यहीं पर खत्म नहीं होती, उनके साथ सभी विपक्षीय नेता खड़े होकर उनकी हां में हां मिलाने लग जाते हैं।

# बिशनपुर झरड़ा में स्थित पंजाब स्क्रीनिंग प्लांट स्वामी द्वारा कब्जाई गई अवैध ग्राम सभा की भूमि को राजस्व विभाग की टीम ने जेसीबी का पंजा चलकर कराया कब्जा मुक्त



**विशेष संवाददाता- अनिल वर्मा/ हिंदुस्तान केसरिया**

हरिद्वार/ ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत बिशनपुर झारड़ा में स्थित पंजाब स्क्रीनिंग प्लांट के अंदर अवैध तरीके से कब्जाई गई ग्राम सभा की 0.1850 हेक्टेयर भूमि को हरिद्वार एसडीएम अजयवीर सिंह ने राजस्व की टीम एवं पुलिस बल के साथ पहुँच कर कब्ड़ा मुक्त कराई है। आपको बतादें की बीते कुछ महीनों पहले क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति द्वारा अधोस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रार्थना देकर अवगत कराया गया था। जिसमे उक्त व्यक्ति द्वारा बताया गया था कि ग्राम सभा की भूमि खसरा नं0- 752, रकबई 0.1850 हेक्टेयर भूमि पर ग्राम बिशनपुर झरडा मुस्तहकम परगना तहसील ज्वालापुर में स्थित पंजाब स्क्रीन प्लांट स्वामी द्वारा अवैध कब्जा किया हुआ है। इस सम्बन्ध में हरिद्वार तहसीलदार ने अपनी आख्या द्वारा अवगत कराया की ग्राम बिशनपुर झरडा मुस्त परगना ज्वालापुर तहसील में खसरा संख्या 752, रकबई 0.1850 हेक्टेयर भूमि, श्रेणी 5-1 नवीन परती के रूप में अंकित चली आ रही है। इस सम्बन्ध में मौके पर पहुँचकर अवैध अतिक्रमणकर्ताओं एवं अन्यों की उपस्थिति में जांच पैमाईश कर उक्त भूमि को कब्ड़ा मुक्त कराया जाए। जिसमें टीम ने पंजाब स्क्रीनिंग प्लांट में मौके पर पहुँचकर पैमाइश की तो देखने मे आया कि अवैध अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा पंजाब स्क्रीन प्लांट मशीन व पूरब एवं दक्षिण दिशा में दीवार बनाकर अवैध अतिक्रमण किया हुआ है। जिसके चलते अवैध कब्जाधारको को अवगत करातें हुए एक सप्ताह के अंदर अवैध अतिक्रमण में स्क्रीन प्लांट मशीन एवं पूरब व दक्षिण दिशा की दीवार को स्वयं ही हटाए जाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया। इसके बावजूद एक महीना बीत जाने के बाद भी अवैध कब्ड़ाधारको द्वारा उक्त अतिक्रमण को नही हटाया गया। जिसके पश्च्यात प्रश्नगत प्रकरण संवेदनशील होने के कारण उक्त अतिक्रमण को उच्चधिकारियों की उपस्थिति एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए समुचित पुलिस बल की उपस्थिति में एसडीएम एवं तहसीलदार सहित राजस्व की समस्त टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँची। जिसमें राजस्व की टीम ने पथरी थाना पुलिस बल के साथ अवैध कब्ड़ाधारको से ग्राम सभा की उक्त भूमि पर से स्क्रीनिंग प्लांट मशीन व दीवारों को जेसीबी का पंजा चलाकर अवैध कब्जे को मुक्त कराया।

# प्रशासन गांव ड़ी ओर अभियान ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर किया गया समस्याओं का समाधान

**286 में से 252 आवेदनों का मौके पर ही किया गया निराकरण**



**दिल्ली केसरिया हिंदुस्तान से कमलेश रजक**

बलौदाबाजार == राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव ड़ी ओर मनाया जा रहा है। इसके तहत 19 दिसम्बर को जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत लाहोद भाटापारा के ग्राम पंचायत तरेंगा सिमगा के ग्राम पंचायत बनसांकरा पलारी के ग्राम पंचायत अमेरा एवं कसडोल के ग्राम पंचायत छरछेद में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न समस्याओं एवं मांगो से सम्बंधित 286 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 252 का शिविर में ही निराकरण किया गया। शेष 34 आवेदनों का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लाहोद शिविर में प्राप्त 42 आवेदनों में से सभी का निराकरण किया गया। इसी प्रकार भाटापारा के ग्राम पंचायत तरेंगा में 70 सिमगा के ग्राम पंचायत बनसांकरा में 63 बैकोनी में 5 आवेदनों में से सभी का निराकरण किया गया। पलारी के ग्राम पंचायत अमेरा में 68 में से 47 का निराकरण एवं कसडोल के ग्राम पंचायत छरछेद में 38में से 25 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में विभागों द्वारा संचालित योजनाओं ड़ी जानकारी लोगों को दी गई।

# धोबी समाज का महिला सम्मेलन शपथ ग्रहण एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन आज

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से कमलेश रजक**

बलौदाबाजार ==बलौदाबाजार जिला धोबी समाज का जिला स्तरीय महिला सम्मेलन जिला पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम 21 दिसंबर दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से जिला मुख्यालय में दशहरा मैदान के सामने नगर भवन रखा गया है। मीडिया प्रभारी कमलेश रजक संजय रजक ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने राज परिक्षेत्र एवं जिला पदाधिकारियो के साथ-साथ महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक महिला प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष शीलादेवी रजक की टीम सक्रियता के साथ जुटी हुई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व खेलकूद एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा होंगे।अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष धोबी समाज श्रीराम रजक के द्वारा किया जाएगा। अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष धोबी समाज मनोज निर्मलकर पूर्व विधायक बिलाईगढ़ एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष लोकेश कनौजे बलौदाबाजार नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा एवं भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव कृष्णकुमार निर्मलकर प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय कनौजे प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कनौजे महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक आईटीसेल प्रदेश अध्यक्ष धोबी समाज कमलेश रजक प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम रजक महिला प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव नेमबाई रजक प्रदेश महिला प्रकोष्ठ प्रदेश संगठन मंत्री नीलू निर्मलकर महिला प्रकोष्ठ प्रदेश कोषाध्यक्ष संतोषी निर्मलकर बेमेतरा जिला अध्यक्ष अनिल रजक बिलासपुर जिला अध्यक्ष नरेंद्र निर्मलकर मुंगेली जिला अध्यक्ष दिलीप रजक खैरागढ़ जिला अध्यक्ष अशोक निर्मलकर महासमुंद जिला अध्यक्ष पंचूराम निर्मलकर कर्मचारी प्रकोष्ठ बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष बालकुमार रजक केंद्रीय अध्यक्ष लवन पन्नालाल रजक तरेंगा राज अध्यक्ष त्रिलोचन रजक कसडोल राज अध्यक्ष मानसिंग निर्मलकर सहित राज परिक्षेत्र जिला एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

# मरम्मत और सर्विस में फिसड्डी शुभ मोटर्स शहडोल, मारुति सुज़ुकी कंपनी से हुई शिकायत

**सर्विस सेंटर में नहीं उपलब्ध जरूरी कलपुर्जे, मारुति के ग्राहकों को मरम्मत हेतु करना होगा इंतजार**

ऊंची दुकान फीका पकवान कहावत तो आपने सुनी ही होगी ऐसा ही कुछ हाल है शहडोल की शुभ मोटर संभाग गेट का... जहां सेल्स के टाइम पर सर्विस की बड़ी-बड़ी बातें की जाती है अतिआधुनिक वर्कशॉप बताया जाता है लेकिन जब दुर्घटनाग्रस्त वाहन के मरम्मत होने की बात आती है तो पार्टस गुड़गांव दिल्ली से मंगाने की बात कही जाती है गाड़ी को महीने के लिए टाल दिया जाता है, इतना ही नहीं शहडोल शुभ मोटर्स के पास लोनार सर्विस भी उपलब्ध नहीं है जबकि हुंडई मोटर्स सहित अन्य शोरूम संचालक सर्विस में विलंब होने पर लोनार कार सर्विस ग्राहक को उपलब्ध कराते हैं, गौरतलब है कि पूर्व में भी आदिवासी की भूमि पर कब्जे को लेकर मारुति सुजुकी शुभ चर्चे में रही है तो वहीं डबल बिल सहित अन्य मामलों को लेकर भी समय समय पर सुर्खियों में रहने वाली मारुति शुभ की आफ्टर सेल सर्विस अब मानो शून्य की ओर अग्रसर है जिसे कहीं ना कहीं मारुति कंपनी की साख पर बट्टा लग रहा है।




MARUTI SUZUKI ARENA

### गुड़गांव से मंगाए जायेंगे पार्ट

वाहन स्वामी ने बताया कि कि जब वाहन स्वामी द्वारा सर्विस मैनेजर से स्टॉक की अनुपलब्धता के बारे में पूछा गया तो सर्विस टीम द्वारा बताया गया कि हमारे पास गाड़ियों के मामूली कलपुर्जे ही उपलब्ध रहते हैं बड़े पार्ट्स हम मंगा कर नहीं रखते और मारुति कंपनी के पास भी उपलब्ध नहीं रहता लगभग एक महीने में पार्ट उपलब्ध होंगे इसके बाद ही गाड़ी की मरम्मत हो पाएगी, साथ ही कई ऑर्डर बैक ऑर्डर पर पड़े हुए हैं मारुति पार्ट्स को उपलब्ध नहीं कर पा रही है जिसकी वजह से कई और भी गाड़ियां अटकी पड़ी हैं। अब सवाल यह उठता है कि शुभ मोटर्स की शहडोल अनूपपुर उमरिया सहित जबलपुर में शाखाएं हैं ऐसे में जबलपुर तक में गाड़ी के मुख्य कलपुर्जे उपलब्ध न होना शुभ मोटर्स की कार्यशैली और वादों पर सवालिया निशान खड़ा कर रही है।

**रिजवान खान**

शहडोल। अगर आप भी शुभ मोटर शहडोल से मारुति की कोई कार खरीदने का सोच रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है, जी हां मारुति सुजुकी शुभ मोटर शहडोल से प्रताड़ित ग्राहक ने बताया कि 13 लाख की कार क्रय करते समय मारुति सुजुकी की सेल्स टीम ने उपभोक्ता को बड़े-बड़े वायदे किए थे कि अति आधुनिक वर्कशॉप हर प्रकार की मरम्मत 72 घंटे के भीतर, टोइंग एवं लोनार सुविधा, फ्री वॉशिंग कूपन... जैसे दर्जनों वायदे किए गए थे लेकिन वही जब गाड़ी मरम्मत के लिए पहुंचती है तो पार्ट्स उपलब्ध न होने का हवाला देकर महीनों की वेटिंग सर्विस टीम द्वारा बताई जाती है और सीधे मुंह बात भी नहीं की जाती, कम शब्दों में प्रतीत ऐसा होता है की गाड़ी बेचने के लिए हर तरह के वायदे किए जाते हैं और बाद में मारुति की जो मूलभूत सुविधाएं हैं वो भी उपलब्ध नहीं कराई जाती है साथ ही सवाल जबाव की दशा में सेल्स और सर्विस मैनेजर दुर्व्यवहार पर उतारू होते हैं।

बदलते बयानों का सिलसिला जारी

मारुति सुजुकी की टोल फ्री कस्टमर सर्विस

### लोनर और सर्विस कार भी नहीं मौजूद

उपभोक्ता द्वारा बताया गया कि पूर्व में गाड़ी की मरम्मत के दौरान तत्कालीन जीएम सेल्स पंकज द्विवेदी द्वारा उन्हें लोनर कार की सर्विस उपलब्ध कराई गई थी लेकिन वर्तमान में लोनार कार के पूछने पर शोरूम प्रबंधन द्वारा समुचित जवाब के स्थान पर अभद्रता की जा रही है, इसके अलावा प्रबंधन द्वारा बताया गया कि हमारे पास लोनार सर्विस कार उपलब्ध नहीं है जबलपुर शोरूम में मात्र एक लोनार कार उपलब्ध है जो इस समय आउट आफ ऑर्डर है जिस वजह से लोनर कार भी उपलब्ध नहीं हो पाएगी, लोनार कार शहडोल में उपलब्ध न होने की वस्तु स्थिति ग्रुप जीएम सुशांत नायडू द्वारा स्पष्ट की गई थी।

### टेरेटरी मैनेजर ने लगाई फटकार

इस संबंध में जब ग्राहक द्वारा टेरिटरी मैनेजर विवेक चौहान से दूरभाष में संपर्क कर उन्हें अवगत कराया गया कि जी एम सर्विस शहडोल शुभ मोटर्स द्वारा पार्ट उपलब्ध न होने पर एक महीने से अधिक का समय बताया गया है तो फोन पर ही विवेक चौहान द्वारा जीएम सर्विस को फटकार लगाई गई कि ग्राहक को यह सब बातें पहले से क्यों बोलते हो...!! इसके अलावा यह भी स्पष्ट कहा गया कि ग्राहक की गाड़ी का काम जल्दी करो लेकिन रवैया सर्विस सेंटर प्रबंधन का फिर भी ढुलमुल ही रहा।

### ग्राहक हो जाएं सावधान

बताया जा रहा है कि मारुति शुभ मोटर्स में सर्विस के नाम पर अभद्रता एवं लीपापोती अब शुभ मोटर्स में आम हो चुकी है पूर्व में भी एक गाड़ी के मालिक द्वारा शहडोल जिला प्रशासन से शिकायत की गई थी वैगनआर गाड़ी के मालिक की शिकायत भी रसूक के दम पर दबा दी गई.. इसके अलावा सेल्स के मीठे वादों के आधार पर गाड़ियों की बिक्री की जा रही है जबकि ग्राहक दर-दर भटकने को मजबूर हैं ग्राहक द्वारा बताया गया कि उसने इस आशय की शिकायत मारुति कंपनी से भी की थी लेकिन मारुति टीम द्वारा भी समुचित प्रति उत्तर शिकायत के संबंध में प्राप्त नहीं हुआ।

## इनका कहना है

हमारे यहां लोनर कार हैं ग्राहकों को दी हुई हैं हैं तो कई लोनर कार किसको दी हुई है जानकारी नहीं एक ऑल्टो है और मुझे पता नहीं मै एक तारीख से ज्वाइन किया हूं।

सौरभ सिंह

**जीएम, सर्विस शुभ मोटर्स शहडोल**

कुछ सामान जो आसपास के डीलरशिप में उपलब्ध नहीं है उनको आने में समय लगेगा वह मारुति से मंगाया जाएगा यह बात हमारे द्वारा कहा गया था लगभग एक माह का समय दिया गया है कोशिश की जा रही है की गाड़ी पहले ही तैयार कर दी जाए, हमारे पास शुभ मोटर्स शहडोल में कोई भी लोनार कर उपलब्ध नहीं है जबलपुर में उपलब्ध हो तो पता नहीं है।

**अजीत पांडेय**
**अतिरिक्त जीएम सर्विस, शुभ मोटर्स शहडोल**

का कहना है कि लोनार कार की सर्विस उपलब्ध कराई जानी चाहिए,मरम्मत में इतना समय भी नहींलगना चाहिए, जीएम सेल्स राम द्विवेदी ग्राहक को बताते हैं कि लोनार कर सर्विस उपलब्ध नहीं है, ग्रुप जीएम सर्विस सुशांत नायडू भी बताते हैं कि लोनार कार की सर्विस उपलब्ध है लेकिन पूरे शुभ मोटर्स ग्रुप में एक ही लोनर कार है जो जबलपुर में है, वह भी किसी कारण से उपलब्ध नहीं कराई जा सकती संभवत किसी को दी हुई है, लेकिन जीएम सर्विस शहडोल हमारी टीम से बात करते हुए सौरभ सिंह ने बताया कि शहडोल शुभ मोटर में लोनर सर्विस कारें हैं लेकिन कहा गई है किसे दी गई हैं इसकी जानकारी नहीं है। अब या तो सेल्स जीएम राम द्विवेदी झूठ बोल रहें या ग्रुप जीएम नायडू या फिर सौरभ सिंह जीएम सर्विस शहडोल शुभ मोटर्स झूठ बोल रहें है कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है की शुभमोटर प्रबंधन बेहतर सर्विस के स्थान पर सिर्फ गोल मोल जवाब देकर प्रबंधन को बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रहा है।

## कानाफूसी



### भांग के मोह में मस्त साहेब...

**गजेन्द्र परिहार**

भोला का भांग से, साहब का भोला से अदभुत लगाव है वीडियो वायरल है मीडिया का दबाव है लेकिन साहब को तो भोला से लगाव है। रंजीत आयेगा झोला पहुंचायेगा पर सवाल यह है कि मेरी पार्टनरषिप नये तेज तर्रार बड़े साहब से कौन छुपायेगा अच्छा खासा पार्टनरषिप चल रहा था दबि में मै भी शराब में पकौड़े तल रहा था। पोल खुलने लगी इज्जत धुलने लगी खैर कहा सुनी माफी अभी के लिए इतना काफी।

## पुलिस की बड़ी सफलता अवैध रेत उत्खनन मे संलिप्त हाइवा एवं जे.सी.बी. जप्त

शहडोल। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि गुरूवार की रात्रि ब्यौहारी पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खुटेहरा मे अवैध रेत परिवहन कर विक्री हेतु जे.सी.बी. मशीन द्वारा अवैध रूप से हाइवा द्वारा रेत ट्रक मे लोड किया जा रहा है, सूचना पर ब्यौहारी पुलिस स्टाफ द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई तो पुलिस को आते हुए देखकर जे.सी.बी. का चालक एवं हाइवा ट्रक का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये जिनकी आस पास तलाश किया गया नही मिलने पर मौके से साक्षीगण के समक्ष बिना नम्बर की जे.सी.बी. मशीन एवं बिना नम्बर का रेत लोड हाइवा ट्रक जप्त किया गया है। उक्त जप्तशुदा हाइवा एवं जे.सी.बी. मशीन के इंजन एवं चेचिस नंबर के आधार पर क्रमशः वाहन स्वामियों का आर.टी.ओ. कार्यालय शहडोल से पता कराया जा रहा है। घटनाक्रम के संबंध मे अज्ञात हाइवा एवं जे.सी.बी चालक एवं मालिक के विरूद्ध थाना ब्यौहारी मे अपराध कायम कर धारा 303(2), 317(5) बीएनएस., 4/21 खान खनिज अधिनियम एवं एमव्हीएक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।



## पुलिस के द्वारा अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही

शहडोल। थाना बुड़ार क्षेत्रांतर्गत गुरूवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम टेड़िया की तरफ कुछ व्यक्ति रेत का अवैध उत्खन्न कर परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर बुड़ार पुलिस द्वारा सूचना स्थान पर पहुँचकर कुछ समय इंतजार करने के बाद एक ट्रेक्टर मय रेत लोड आते दिखा जोकि पुलिस रोड चेकिंग ट्रैक्टर को रोक कर पूंछताछ करने पर चालक ने अपना नाम जयप्रकाश पिता बाबूलाल साहू उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम टेड़िया टोला, चौकी केशवाही, थाना बुड़ार, उक्त वाहन की तलाशी लेने पर अवैध रेत लोड होना पाया गया, परिवहन के संबंध में कोइ भी वैध दस्तावेज न होना पाया गया। जिससे बुड़ार पुलिस द्वारा वाहन को मय रेत लोड जप्त कर आरोपी चालक एवं वाहन मालिक विरूद्ध बी.एन.एस एवं खनिज अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।




## जनकल्याण अभियान और प्रशासन गांव की ओर अभियान से आमजन हो रहे लाभान्वित

शहडोल। जिले के समस्त विकासखण्डों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सभी विकासखण्डों में 15 दिसम्बर से जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शासन के निर्देशों के अनुसार सुशासन सप्ताह में 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक प्रशासन गांव की ओर अभियान में भी लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से बड़ी संख्या में आमजन लाभान्वित हो रहे हैं। शिविरों के माध्यम से आमजनता को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। साथ ही हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रशासन गांव की ओर एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम छांटा एवं हरदी-32 में शिविर आयोजित किये गए जिसमें मैदानी अधिकारियों द्वारा लोगों के आवेदन प्राप्त कर यथा संभव निराकरण किया गया।

## नागरिकों को आसानी से प्राप्त हो रहा पासपोर्ट, अब तक में बने 2043 पासपोर्ट

शहडोल। संभागीय मुख्यालय शहडोल में पासपोर्ट कार्यालय खुलने से लोगों को पासपोर्ट बनवाने में काफी सहूलियत हो रही है। अब शहडोल संभाग के अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, जैसे अन्य क्षेत्रों के नागरिक बिना लंबी दूरी तय किए और बिना समय बर्बाद किए, अपने पासपोर्ट संबंधी कार्य आसानी से करवा रहें है। पासपोर्ट कार्यालय का उद्देश्य केवल पासपोर्ट जारी करना नहीं है, बल्कि नागरिकों को एक ऐसा प्लेटफार्म प्रदान करना है, जहाँ वे अपनी आवश्यकताओं को आसानी से पूरा कर सकें। पासपोर्ट कार्यालय के श्रीमती सोनल गुप्ता ने बताया कि पासपोर्ट कार्यालय में 02 मार्च से 2 नवम्बर 2024 अब तक की अवधि में कुल 2043 पासपोर्ट बनाए गए है। साथ ही पासपोर्ट हेतु दस्तावेज पेपरलेस है और तत्काल पार्सपोर्ट की जरूरत होने पर 24 घंटे के भीतर पासपोर्ट प्रदान किया जाता है। गौरतलब है कि संभागीय मुख्यालय शहडोल में पासपोर्ट खुल जाने से शहडोल, अनूपपुर, उमरिया व समीपवर्ती क्षेत्र के आमजनों को आवागमन में सुगमता हो रही है तथा पासपोर्ट कार्यालय खुल जाने से भोपाल, जबलपुर का चक्कर नही लगाना पड़ता है।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# प्रधान ने सरकारी धन को लगाया चुना,जारी आदेश हुए हवा–हवाई'

सीतापुर।सरकार द्वारा जारी शासनादेश को प्रधानो के द्वारा लगातार धाज्जिया उड़ाई जा रही है, प्रधान वित्तीय खातों में भेजी गई विकास कार्य की धनराशि को अपना निजी माल समझ कर अपने परिजनों के नाम बटवारा कर रहे है, सरकार द्वारा भेजी गई विकास कार्यो के लिए धनराशि को प्रधानों ने अपने निजी स्वार्थ के चलते परिजनों के नाम भुगतान कर बंदरबाँट कर रहे है, जिससे ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्य नही हो पा रहे है व ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है वही इतना भ्रष्टाचार होने के बावजूद भी जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी को भूल कर घोटाले से कमाई गयी नम्बर दो की रकम में अपना हिस्सा तलाश कर अपनी जेबे गरम कर रहे है। बताते चले कि विकास खंड बिसवां की ग्राम पंचायत बिसवां देहात में प्रधान इस्माइल में 15वे व 5वे वित्त में भेजी गई सरकारी धनराशि को अपने परिजनों के नाम भुगतान कर लाखो रुपये का घोटाला कर डाला है, प्रधान ने सरकारी धन को अपने पुत्रों के नाम,पत्नी के नाम पर भतीजे के नाम पर व अपने एक खास को लाखो का फर्जी कार्यो का भुगतान कर घोटाले को अंजाम दिया है, जैसे कि प्रधान ने अपने पुत्र आसिफ को वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 2 लाख 62 हजार 504 का भुगतान किया है वही वित्तीय वर्ष 2023-24 में 3लाख 48 हजार 210 का भुगतान किया है, इसी प्रकार से अपने अन्य पुत्रो इसराइल व आकिब के नाम पर भी भुगतान का फर्जीवाडा किया गया है व प्रधान इस्माइल ने अपनी पत्नी अंजुम बेगम व भतीजे एखलाख को भी भुगतान किए है। साथ ही साथ प्रधान ने अपने खास अना खान को मनमाने तरीके से लाखो का भुगतान कर फर्जीवाड़ा किया गया है। ग्राम पंचायत करीमपनाह में प्रधान वसीम खान ने भी सरकारी धन का दुरुपयोग कर अपने परिजनों के नाम भुगतान कर घोटाला किया है, प्रधान में अपने परिजन जमीर खान,हसीन खान व अपने नाम पर भी भुगतान किए है साथ ही साथ अपनी पत्नी के नाम पर प्रधान का मानदेय के नाम पर भुगतान कर फर्जीवाड़ा कर डाला है।जब इस सम्बंध में एडीओ पंचायत राजेश श्रीवास्तव से जानकारी के लिए बात की गई तो उन्होंने बताया कि हम जांच करवाते है क्या हकीकत है अनिमित्ता करने वालो को खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**प्रधान पुष्पा ने सचिव चन्दन के साथ मिलकर किया घोटाला**–विकास खंड बिसवां के ग्राम पंचायत महमदापुर में सचिव चंदन सिंह बिष्ट ने प्रधान पुष्पा देवी से सांठगांठ कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है, ग्राम पंचायत में 15वे व 5वे वित्त में आने वाली विकास कार्यो की धनराशि को प्रधान पुष्पा देवी ने सचिव मिलकर अपने परिवारीजनों के नाम भुगतान कर दिया है प्रधान ने चालू वित्तीय वर्ष में अपने परिवारीजन नीरज कुमार आर्य के नाम लगभग 11 हजार 717, पंकज कुमार आर्य के नाम 13 हजार 950, अनूप कुमार पुत्र शिवबरन लाल के नाम 7347, 4370, 3081, 7347 व 7110 इस प्रकार से लगभग 29 हजार 255 का भुगतान किया गया वही प्रधान पुष्पा देवी के नाम पर भी लगभग 8 हजार सौ 69 का भुगतान का घोटाला किया गया है।

## जिला संचालन समिति की बैठक सम्पन्न

सीतापुर। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला संचालन समिति का गठन किया गया है। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों को संचालन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया।समिति द्वारा सभी प्रकरणों पर गहनता पूर्वक विचार करते हुए निर्णय लिए गएबैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारित सुनिश्चित किया जाए। पीड़ितों को नियमानुसार देयराशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। लम्बित चार्जशीट समय से दाखिल कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। ।बैठक के दौरान संयुक्त निदेशक अभियोजन संजय विश्नोई, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार शुक्ला सहित सम्बंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे

## पति ने पत्नी को घर से निकाला मायके वालो ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

सीतापुर। दहेज की मांग पूरी न होने पर पति द्वारा लगातार पत्नी को प्रताड़ित कर दहेज की मांग पूरी करने का दबाव मायके पक्ष पर बनवाने का प्रयास किया जा रहा है। जब पति की मंशा पूरी नही हुई तो पति ने पत्नी को पिटाई कर उसको घर से निकाल दिया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार जनपद के थाना क्षेत्र रेउसा के फर्द गांव के मजरा कोडरी निवासी सूबी ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर केस दर्ज कर लिया गया। कोडरी निवासी सूबी ने बताया कि करीब सात वर्ष पहले पिपरी निवासी अशोक के साथ उसका विवाह हुआ था। पिता की ओर से दान व उपहार दिए गए थे। इससे पति व अन्य ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे। अक्सर अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे। दहेज न लाने पर पति दूसरा विवाह करने की धमकी देते थे। इस बीच उसने दो पुत्रियों को जन्म दिया।पुत्रियों को जन्म देने के कारण ससुरालीजनों की शह पर पति एक अन्य महिला को घर ले आया और उसको मारपीटकर घर से भगा दिया। इस दौरान ससुरालीजनों ने वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत थाना सकरन में करने के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इस पर उसने एसपी से फरियाद की। मामले में एसपी के आदेश पर बृहस्पतिवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## घटतौली का विरोध करने पर झोंकी फायर बाल बाल बचा किसान

महोली (सीतापुर)। प्रशासन की हर योजना में दलाल और दबंग सक्रिय होकर योजनाओं में पैसा खोजने लगते है। इस समय गन्ना सेण्टरों पर घटतौली का सिलसिला खुलेआम चल रहा है और हो हल्ला मच रहा है अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे है वह निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति कर रहे है। अगर निरीक्षण ईमानदारी से हो रहा होता तो विगत दिवस इस तरह की घटना सामने नही आती है। घटतौली पर किसान के विरोध करने पर केन्द्र प्रभारी ने किसान पर पिस्तौल निकालकर फायर झोंक दी। गोली कान के पास से निकल गई जिससे गन्ना किसान बाल बाल बच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। फिलहाल केन्द्र प्रभारी को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय महोली कोतवाली क्षेत्र में किसान का अधिक गन्ना कटौती का विरोध करने पर क्रय केंद्र प्रभारी ने किसान पर पिस्तौल तान दी। यही नहीं, धमकाने के लिए फायर भी झोंक दिया। गोली किसान के पास से गुजर गई। इस पर अन्य किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। डायल 112 पुलिस केंद्र प्रभारी को साथ ले गई। छेहेलिया क्रय केंद्र-ए पर बृहस्पतिवार सुबह करीब 8:30 बजे नेरी निवासी किसान आदित्य कुमार गौतम गन्ना लेकर गए थे। उन्होंने बताया कि क्रय केंद्र प्रभारी शिवप्रताप सिंह द्वारा तीन किलो प्रति क्विंटल की कटौती की जा रही थी। इसका विरोध किया तो प्रभारी ने उसका गिरेबान पकड़ लिया।यह देखकर अन्य किसान वहां जुट गए। आरोप है कि इसी दौरान प्रभारी ने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल तान दी और दहशत फैलाने के लिए फायर झोंक दिया। गोली किसान के कान के पास से निकल गई। इसके बाद वहां मौजूद किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया।घटना के बाद पीड़ित किसान के साथ अन्य किसान कोतवाली महोली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक को तहरीर दी। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी महोली विनोद मिश्रा ने कहा शिकाय पत्र दिया गया है फायरिंग नही की गई है। जांचोपरान्त कार्यवाही की जायेगी।

## प्रधान पर पड़ा मातृ शोक शुद्धिकरण हुआ सम्पन्न।

सीतापुर। विकास खण्ड मिश्रिख की ग्राम सभा फूलपुर झरिया के प्रधान सत्यपाल की माता की मृत्यु का गम से प्रधान व परिवार के अन्य सदस्यों की आंखो से आसूं थमने का नाम ही नही ले रहे हैं। संतावना देने वाला का सिलसिला जारी है प्रधान की स्व. मांता की तेरहवी संस्कार आज सम्पन्न किया गया।

## पुलिस के हत्थे चड़े चार खूखार पेशेवर अपराधी

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही एवम् वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 20.12.24 को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 प्रवीन रंजन सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोली आलोक प्रसाद के नेतृत्व में थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा मु0अ0सं0 252/24 धारा 109/115(2)/191(3)/191(2) में वांछित 04 शातिर अभियुक्तों रामकुमार शुक्ला पुत्र शारदप्रसाद शुक्ला .शैलेश शुक्ला पुत्र राजकुमार शुक्ला .अर्पित शुक्ला पुत्र विमलेश शुक्ला लोकेश पुत्र सत्य कुमार शुक्ला नि.गण कोरैया थाना इमलिया सुल्तानपुर सीतापुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 'अभियुक्त रामकुमार उपरोक्त अंतर्जनपदीय अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी हत्या,बल्वा,धोखाधड़ी,मारपीट,डकैती, चोरी,छेड़छाड़ आदि जैसे गंभीर अपराधों में सीतापुर सहित खीरी में भी करीब डेड़ दर्जन अभियोग पंजीकृत है तथा अभियुक्त अर्पित, शैलेश व लोकेश भी आपराधिक प्रवृत्ति के है जिन पर विभिन्न आपराधिक कृत्यो में कई अभियोग पंजीकृत हैं। 'दिनांक 23.09.24 को ग्राम उदयपुर कोरैया में चकबंदी प्रक्रिया के दौरान हुए विवाद के मामले में थाना इमलिया सुल्तानपुर पर पंजीकृत मु.अ.सं. 252/24 में करीब चार माह से वांछित चल रहे थे।' अभियुक्तों का चालान मा. न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

## प्रतियोगिता 24 दिसम्बर को

**सीतापुर जिला खेल कार्यालय सीतापुर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में खेल कार्यालय, महमूदाबाद सीतापुर द्वारा वर्ष 2024-25 में ताइ[ ंडो जूनियर बालक जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक-24 दिसम्बर 2024 को प्रातः 09.00 बजे से स्पोर्टस स्टेडियम महमूदाबाद में किया जा रहा है।प्रतियोगिता में विजेता/उपविजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।**

**महोली समाधान दिवस की अध्यक्षता करेगे डीएम**

**सीतापुर ।जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 21 दिसंबर 2024 दिन शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक तहसील में किया जाएगा। उक्त तिथि को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन प्रस्तावित है।**

## जनप्रतिनिधियों द्वारा दी गई निधि में दीपक का कार्य कर रहा नेडा

### चन्द समय में ही बंद हो रही सोलर लाइटे व हादसों को दावत दे रहे हिल रहे पोल

सीतापुर। आम जनमानस को राहत देने के लिये विभिन्न निधियों से ग्रामीण शहरी व आबादी वाले क्षेत्रों में सोलर लाइट स्थापित कराई जाती है जिससे हाट बाजार व दैनिक कार्यो से वापस आ रहे लोगो को रात्रि के समय प्रकाश मिल सके व हो रही बड़ी बड़ी अपराधिक घटनाओं को रोका जा सके। जन-जन के दरवाजों पर वोट मांगने के बाद चुने गये जनप्रतिनिधि जनहित में हर संभव प्रयास करते है जिससे आगामी भविष्य में जनता द्वारा उन्हे पुनः चुना जा सके। जिसके चलते जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी निधि से अपने अपने क्षेत्र में भारी मात्रा में सोलर लाइटे लगवाई जाती है दुर्भाग्यवश जनपद सीतापुर में जनप्रतिनिधियों की निधि से लगवाई जाने वाली सोलर लाइटे नेडा विभाग की जिम्मेदारी में सौपी जाती है लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा दी गई निधि में नेड़ा विभाग दीमक की तरह कार्य कर रहा है जिससे यहां यह लाइटे लगते ही कुछ समय में ही बंद हो जाती है वहीं दूसरी तरफ फिर वही पोल भविष्य में बड़ी घटनाओं को दावत दे रहे है। साथ ही कहीं कहीं भीड़ भाड़ के इलाकों में बंद लाइटे होने के कारण अपराधिक घटनाओं को भी बड़ावा मिल रहा है। बताते चले कि उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा विकास अभिकरण नेडा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के निजी लाभ व उदासीनता के चलते सरकारी निधि से लगाई जा रही सोलर लाइट सीतापुर जनपद में कई स्थानों पर बंद पड़ी है जो कि भ्रष्टाचार की भेंट चड़ती नजर आ रही है। जबकिं समय समय पर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिये जाते रहते है कि जनपद में हो रहे विकास कार्य भ्रष्टाचार मुक्त हो जिससे कार्य स्थाई व टिकाऊ हो सके। जारी आदेश के बाद भी नेड़ा विभाग की मनमानी व निजी लाभ के चलते जनपद में लगाई गई विभिन्न निधियों की लाइट में इस कद्र से भ्रष्टाचार किया गया है कि लगाई गई सोलर लाइटे मात्र शो पीस बनकर ग्रामीण क्षेत्रों में रह गई है जबकि जिम्मेदार निर्धारित प्रतिशत पर कार्य करके विभाग में चांदी कूट रहे है। हजारों रूपये की प्रति लाइट की लागत से लगी लाइटे बंद पड़ी है विभाग द्वारा कोई भी जिम्मेदार इन लाइटों की तरफ ध्यान नही दे रहा है व स्थापित के समय लगाई गई सामग्री में जिम्मेदारों द्वारा किये गये भ्रष्टाचार के कारण लगे पोल हवा के झोंके से हिल रहे है जो कि बड़ी घटना को दावत दे रहे है। उदाहरण के तौर पर ऐलिया परसेंडी विसवां खैराबाद आदि क्षेत्रों में लगी कई स्थानों पर लाइट बन्द पड़ी है।

इस सम्बन्ध में वरिष्ठ परियोजना अधिकारी प्रथम के नम्बर 9415609032 पर बात करने का प्रयास किया गया लेकिन जारी आदेशों के बाद भी सीयूजी नम्बर पर बात नही हो सकी।

## एक नजर...

### संयुक्त तत्वावधान में सिधौली ब्लाक सभागार में आयोजित हुआ जागरूकता शिविर

सीतापुर । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महिला आयोग के संयुक्त तत्वाधान में उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार- कुलदीप सक्सेना . जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा निर्गत दिशा निर्देश के अनुक्रम में नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, अपर जिला जजध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा विधान से समाधान महिलाओं के हित-संरक्षण सम्बन्धी साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन तहसील सिधौली विकास खण्ड कार्यालय सिधौली के सभागार कक्ष में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में आगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वयं सहायता समूह की महिलाऐं एवं अन्य महिलाऐं उपस्थित रही। उक्त कार्यक्रम को मुख्य अतिथि नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण , रिसोर्स पर्सन के रूप में विमल मोहन मिश्रा व भूपेन्द्र दीक्षित द्वारा एवं सुजीत बाजपेई, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम सीतापुर द्वारा महिलाओं को सम्बोधित करते हुए घरेलू हिंसा, चिकित्सीय अधिकार, गिरफ्तार एवं बन्दी के अधिकार, दहेज प्रताड़ना, लैंगिक उत्पीडन, कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न जैसे कानूनी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। वहाँ पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री व स्वयं सहायता से जुड़ी महिलाओं को बताया कि महिलाओं से सम्बन्धित कानूनों को घर-घर पहुँचाये जाने हेतु जागरूक किया गया, प्रचार सामग्री वितरित की गयी। उक्त कार्यक्रम में तहसील सिधौली से नायब तहसीलदार श्रीमती शशीबाला, खण्ड विकास अधिकारी सिधौली प्रवीन जीत, सहायक विकास अधिकारी (आई.एस.बी.) प्रेम नारायण, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) योगेश कुमार शर्मा, सहायक विकास अधिकारी (एस.टी.) अर्चना यादव तथा सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) हंस राज, इत्यादि द्वारा महिला कल्याण सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गयी। कार्यालय की ओर से लिपिक, रितिकेश श्रीवास्तव, सलीम अहमद व पी.एल.वी. महेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, नौशाद अली, मनोज कुमार, कल्पना, साधना दीक्षित इत्यादि उपस्थित रहे।

### निरीक्षण के दौरान जिला जज ने की बन्दियों से वार्ता

सीतापुर। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना'' द्वारा जिला कारागार सीतापुर का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय, अपर जिला जजध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, '' नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी'' तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गौरव प्रकाश उपस्थित रहे। जिला कारागार सीतापुर में जेल अधीक्षक '' सुरेश कुमार सिंह'' तथा जेलर, '' अरविन्द श्रीवास्तव'' सहित अन्य जेल अधिकारी भी उपस्थित रहें। जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना, द्वारा जिला कारागार सीतापुर मे महिला बैरक, किशोर बैरक एवं अन्य बैरकों का निरीक्षण कर, बन्दियों से वार्ता की गयी। जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला कारागार में स्थित अस्पताल तथा पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। सभी व्यवस्था दुरुस्त पाई गयी। जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया, जेल लीगल एड क्लीनिक पर मौजूद पी.एल.वी. से उसके कार्यो के बारे में व निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में पूछा गया तथा रजिस्टर जॉचे गये।''इसके साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाये जा रहे, वृद्ध व लाइलाज बीमारी से ग्रसित बन्दियों के सन्दर्भ में चल विशेष अभियान के अन्तर्गत समिति के अध्यक्ष, नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा समिति के समस्त सदस्यगणों के साथ समीक्षा बैठक की गयी।

### परीक्षा के दौरान अराजकतत्वों और संदिग्धों पर रखी जायेगी विशेष निगरानी

सीतापुर । उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2024 को सकुशल, सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने नगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर, राजा रघुवर दयाल इंटर कॉलेज, उजागर लाल इंटर कॉलेज सीतापुर, म्युनिसिपल इंटर कालेज, आर0एम0पी0 इंटर कॉलेज, आर0एम0पी0 पी0जी0 कॉलेज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पी0जी0 कालेज, निकट मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पहुंचकर की गई तैयारियों को देखा। कंट्रोल रूम, सी0सी0टी0वी0, कक्षो, स्ट्रांग रूम आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित को प्रदान किये। परीक्षा कक्ष में लगाए गए कक्ष निरीक्षकों की जानकारी लेकर लोक सेवा आयोग द्वारा जारी निर्देशों का शत प्रतिशत पालन कराने के निर्देश प्रदान किया। संबंधित कॉलेजों के सभी प्रधानाचार्य से वार्ता कर सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट, ब्रीफिंग आदि की जानकारी लेकर परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी का परिचय पत्र जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने प्रदान किये।पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने परीक्षा के दौरान सघन चेकिंग के साथ अराजक तत्वों संदिग्धों पर विशेष निगरानी बनाये रखने के निर्देश ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारियोंध्कर्मचारियों को प्रदान किये। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों से निर्धारित दूरी तक ही वाहनों का प्रवेश रहेगा, यह सुनिश्चित कर लिया जाये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पात्रो को योजनाओं का तत्काल मिले लाभ- डीएम

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बेटी बचाओ बेटी पड़ाओ, वन स्टॉप सेंटर टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं के लम्बित आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। बच्चों, किशोर तथा किशोरियों के हितों के संरक्षण के संबंध में आवश्यक निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुये योजनाओं से अधिक से अधिक पात्र बालकोंध्बालिकाओं को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त तहसील या ब्लॉक स्तर पर लंबित सत्यापन अतिशीघ्र कराए जाने के निर्देश भी दिये।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ग्राम व ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठकों का आयोजन नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाये। किशोर न्याय बोर्ड के स्तर पर लम्बित प्रकरण शीघ्र निस्तारित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। बाल विवाह पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट के अन्तर्गत जांच एवं कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा के द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य आदि की प्रगति के संबंध में अवगत कराया गया।

## एक नजर...

### उपचुनाव में निर्वाचन ड्यूटी पर लगाए गए कर्मियों को उनके ड्यूटी का नहीं मिला पैसा

**जिला प्रशासन को अपने कर्मचारियों की नहीं है सुध**

**कर्मचारी भी आखिर जाए तो कहां जाएं और किस के सामने करें फरियाद**

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।पिछ्ले माह हुए विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचन ड्यूटी पर लगाए गए कर्मियों को एक माह हो गया अभी तक उन कर्मचारियों को उनके ड्यूटी का पैसा नहीं मिला।जबकि कर्मचारीगण इसको लेकर कई बार जिला अधिकारी से मिलकर अपनी समस्या बता चुके हैं।फिर भी जिला प्रशासन को अपने कर्मचारियों की सुध नहीं है। यही कारण है कि कोई भी कर्मचारी चुनाव में ड्यूटी नहीं करना चाहता। उस समय तो कर्मचारियों को निर्वाचन ड्यूटी और ट्रेनिंग से अनुपस्थित रहने पर कार्यवाही की धमकी दी जाती है। परंतु एक बार ड्यूटी करवा ली फिर उनकी खैर खबर लेने वाला कोई नहीं होता। कर्मचारी भी आखिर जाए तो कहां जाएं किस के सामने फरियाद करें। जब पूरा सिस्टम ही ऐसा हो।

### नर्सिंग छात्रों ने लैंप लाइटिंग सेरेमनी में मरीजों की सेवा का लिया संकल्प

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।कॉलेज आफ नर्सिंग गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अंबेडकर नगर मे शुक्रवार को लैंप लाइटिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नर्सिंग कॉलेज के स्टूडेंट्स ने मरीजों की हमेशा सेवा करने का संकल्प लिया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज अंबेडकर नगर के प्रिंसिपल डॉक्टर आभास कुमार सिंह एवं उप प्रधानाचार्य डॉ उमेश वर्मा एवं कॉलेज आफ नर्सिंग गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अंबेडकर नगर के प्रधानाचार्य डॉक्टर इलकवाना भास्कर राज एवं को उप प्रधानाचार्य डॉक्टर सुमित कुमार शर्मा जी उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रियंका वर्मा ने बहुत ही सुचारू रूप से किया ।लैंप लाइटिंग समारोह में बीएससी नर्सिंग के तीसरे बैच में शपथ ग्रहण समारोह भी किया तथा संकल्प लिया की कभी किसी मरीज को कोई भी क्षति नहीं पहुंचाएंगे और सदैव मानवता की सेवा और मरीजों की देखभाल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए डॉ. आभास कुमार सिंह ने कहा कि आपलोग अपने स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूरी ईमानदारी व लगन से कार्य करें। पूरी निष्ठा से रोगी की इलाज करना चाहिये। और कहा कि देश के कोई कोने में जाएं, सेवा भावना से काम करें।एवं कॉलेज ऑफ नर्सिंग प्रिंसिपल डॉ ई भास्कर राज ने कहा कि फलोरिंस नाइटिंगेल को लेडी विद द लैंप के नाम से पुकारा जाता है। इन्होंने ही नर्सिंग पेशे को सम्मानित दर्जा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नर्सिंग का मकसद अपने बेहतर कामों से मरीज को नई जिंदगी देना है।

### मेधावियो का जरुरी है सम्मान... डॉ. सुमित शर्मा



**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।कॉलेज आफ नर्सिंग गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अंबेडकर नगर में आज शुक्रवार को लैंप लाइटिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मेधावी छात्रों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट देकर उन्हें सम्मानित किया गया जिसमें पिछ्ले साल आयोजित हुए दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवम राजपूत एवं द्वितीय स्थान विवेक वर्मा प्राप्त किया तथा पिछ्ले वर्ष आयोजित हुई परीक्षा में आलोक मोहन अग्रहरि ने प्रथम स्थान कायम किया इस मौके पर छात्रों को मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर आभास कुमार सिंह ने प्राइस और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया ।

ऐसे वैसों को नहीं मिलती है शोहरत दुनिया में मु?द्दर का नहीं यह तो मेरी रियाज़त का नतीजा है~डॉ0 तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु

### अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन जयपुर में इंडियन डायमंड डिग्निटी अवार्ड 20 24 से विभूषित हुए मोटिवेशनल स्पीकर डॉ0 तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर । ऐसे वैसों को नहीं मिलती है शोहरत दुनिया में । मु?द्दर का नहीं यह तो मेरी रियाज़त का नतीजा है । चर्चित कवि व मंच संचालक , मोटिवेशनल स्पीकर डॉ0 तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु का यह शेर व्यक्ति के आत्म विश्वास और उसके संघर्ष को बयां करता है । पेशे से परिषदीय शिक्षक डॉ0 जिज्ञासु आज किसी परिचय के मोहताज नहीं । कवि सम्मेलन / मुशायरे का मंच हो या फिर कोई महोत्सव , खेलकूद का मैदान हो या स्टेडियम , विद्यालय का वार्षिकोत्सव हो या पुलिस लाइन का गणतंत्र दिवस परेड हर ऐसी जगह पर शेरोङ्कशायरी के लहजे में खनकती हुई आवाज सुनाई पड़ती है । वह आवाज हुआ करती है कुशल मंच संचालक डॉ0 तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु की । अब तक जिज्ञासु के दर्जनों काव्य संग्रह जिसमे व्यक्तिगत और साझा काव्य संग्रह शामिल है , प्रकाशित हो चुके हैं । कई प्रतिष्ठित सामाजिक , साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा जिज्ञासु को सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र मिल चुके हैं । हाल ही में हिंदुस्तान की जानी-मानी संस्था भव्या फाउंडेशन एवं भव्या इंटरनेशनल की डायरेक्टर डॉ0 निशा माथुर / फाउंडर शैलेंद्र माथुर द्वारा जयपुर के अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में जिज्ञासु के शैक्षिक एवं साहित्यिक योगदान हेतु इंडियन डायमंड डिग्निटी अवार्डङ्क 24 से नवाजा गया । कार्यक्रम में मौजूद न होने के कारण जिज्ञासु को यह सम्मान कोरियर सेवा द्वारा प्रेषित किया गया । जिज्ञासु के सम्मान प्राप्ति पर शिक्षकों कवियों एवं साहित्यकारों द्वारा सोशल मीडिया पर बधाई एवं शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है ।

**अयोध्या-सुल्तानपुर सिक्स लेन के लिए भूमि का चिह्नांकन शुरू**

# एनएच की देखरेख में निजी कंपनी लगा रही सीमेंट के खंभे, 60 किमी मार्ग की स्वीकृति के बढ़े आसार

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

सुल्तानपुर। अयोध्या से सुल्तानपुर तक प्रस्तावित सिक्स लेन की भूमि का चिह्नांकन शुरू हो गया है। पीडब्ल्यूडी के राष्ट्रीय खंड की देखरेख में दिल्ली की एक कंपनी भूमि को चिह्नित कर सीमा पर सीमेंट के खंभे लगा रही है। भूमि चिह्नांकन शुरू होने से हाईवे निर्माण की जल्द स्वीकृति मिलने के आसार बढ़ गए हैं।प्रतापगढ़ से अयोध्या तक पहले मार्ग को फोरलेन बनाने की तैयारी चल रही थी। शासन ने इसे सिक्स लेन करने की मौखिक सूचना देकर पूर्व में हुए सर्वे को लंबित कर दिया। शासन की सूचना पर राष्ट्रीय राजमार्ग पीडब्ल्यूडी खंड नेप्रतापगढ़-अयोध्या मार्ग को सिक्स लेन बनाने के लिए करीब साढ़े पांच हजार करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है।इसमें चार लेन का मार्ग व दो लेन का सर्विस रोड पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की तर्ज पर बनाया जाना प्रस्तावित है। एनएच ने सुल्तानपुर शहर से करीब सात किमी पश्चिम से अयोध्या तक हाईवे का नक्शा तैयार किया है।

नक्शा व प्रस्ताव मिलने के बाद शासन ने केंद्र सरकार को भेज दिया है। प्रस्ताव मिलने के बाद केंद्र सरकार से हाईवे के निर्माण की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। केंद्र सरकार ने एनएच की देखरेख में भूमि चिह्नित करने के लिए दिल्ली की एक एनएच के अधिशासी अभियंता विकास कुमार ने बताया कि कंपनी की ओर से भूमि को चिहिनत किया जा रहा है। चिहनांकन के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। पहले चरण में अयोध्या-सुल्तानपुर तक मार्ग की स्वीकृति मिलने के आसार हैं।

जिले में पहुंचे कंपनी के कर्मियों ने पीडब्ल्यूडी के राष्ट्रीय राजमार्ग खंड की देखरेख में भूमि को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। करीब 90 मीटर चौड़ाई में भूमि को चिहिनत किया जा रहा है। कंपनी ने हसनपुर के पास के महाजितपुर गांव से कटावां, महमूदपुर गांव तक की भूमि को चिश्नित कर लिया है। एनएच के सहायक अभियंता अमरेंद्र राय ने बताया कि अयोध्या तक भूमि को चिह्नित करके दोनों सिरे पर सीमेंट का छोटा खंभा मजबूती के साथ लगाया जा रहा है। हाईवे की जल्द स्वीकृति मिलने के आसार बढ़ गए हैं। इंजीनियरों के मुताबिक, निर्माण की धनराशि केंद्र सरकार से मिलने की संभावना है। निर्माण एनएच से कराए जाने की उम्मीद है।

**रैनबसेरे को क्रियाशील करने के साथ ही अलाव जलवाना किया शुरू**

## सभासद आरती जायसवाल ने अलाव जलवाने तथा रैन बसेरे को क्रिया सील किए जाने की थी मांग

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अयोध्या।राहगीरों को ठंड से बचाने के लिए गोसाईगंज नगर पंचायत प्रशासन ने रैन बसेरे को क्रिया सील करने के साथ ही गुरुवार से कस्बे के चुनिंदा आधा दर्जन स्थानों पर अलाव जलवाना शुरू कर दिया है।इस कारण रात में इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को जहां रैन बसेरे में रुकने वालों को सहूलियत मिलनी शुरू हो गई है वहीं तेलियागढ़,भीटी चौराहा, बस स्टेशन,रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले राहगीर अलाव के आस पास बैठकर हाथ सेकते देखे जा रहे हैं।नगर पंचायत प्रशासन का दावा है कि जैसे जैसे ठंड बढ़ती जाएगी वैसे वैसे अलाव जलवाने वाले स्थलों में बढ़ोतरी की जाएगी।मालूम हो कि बीते 29 नवंबर को गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीताराम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य आरती जायसवाल ने पंचायत प्रशासन को पत्र लिखकर कस्बे में जल्द से जल्द अलाव जलवाने तथा रैन बसेरे को क्रिया सील किए जाने की मांग की थी।नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उत्कर्ष शेखर जयसवाल ने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय पर आधा दर्जन महिला एवं सुभाषालय में दस पुरुषों को रैन बसेरे मे रुकने के लिए क्रिया सील करने के साथ ही रेलवे स्टेशन,तेलियागढ़,बस स्टेशन, दीन दयाल चौक,भीटी चौराहे के साथ साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अलाव सफाई नायक जैसराज गौड की देख रेख में जलवाया जा रहा है।ईओ सीमा रॉय ने बताया कि जैसे जैसे ठंड बढ़ती जाएगी वैसे वैसे अलाव जलवाने वाले स्थलों की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी।

## श्रवण धाम मेले से लापता बच्ची परी सुरक्षित बरामद, पुलिस का सराहनीय प्रयास

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।श्रवण धाम मेले में सोमवार रात 8 वर्षीय परी नाम की बच्ची के लापता होने से मचे हड़कंप के बाद पुलिस के सतर्क प्रयासों और स्थानीय लोगों की मदद से बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। परी, जो मेले में अपने परिवार के साथ चाट की दुकान पर मौजूद थी, अचानक लापता हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी राहुल पांडे और पुलिस टीम ने पूरी रात बच्ची की तलाश की। सघन जांच और खोजबीन अभियान के दौरान आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और स्थानीय लोगों से मदद ली गई। बुधवार सुबह बच्ची रामापुर के जंगल से स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मिली, जो उसे लेकर पुलिस चौकी श्रवण क्षेत्र पहुंचे। बच्ची की सुरक्षित बरामदगी से परिवार और मेले के अन्य लोग राहत की सांस ले सके। इस सराहनीय कार्य के लिए चौकी प्रभारी राहुल पांडे और उनकी टीम की प्रशंसा की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने पूरे चौकी स्टाफ की तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। बच्ची के परिजनों ने भी पुलिस और स्थानीय लोगों के प्रति आभार प्रकट किया है।यह घटना पुलिस और स्थानीय समुदाय के संयुक्त प्रयास की मिसाल है, जिसने एक मासूम की सुरक्षा सुनिश्चित की।

## विकसित भारत के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा- सीएम योगी

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

अयोध्या।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार अपने एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या में आगमन हुआ।मुख्यमंत्री के अयोध्या आगमन पर रामकथा पार्क हेलीपैड पर जनपद प्रभारी मंत्री/कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, खाद्य रसद मंत्री सतीश शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री मंयकेश्वर शरण सिंह, मण्डलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ हनुमानग?ी पहुंचकर दर्शन-पूजन किया और प्रदेश की सुख-शांति की कामना की। तत्पश्चात श्रीरामलला के दरबार में पहुंचकर आरती की और मंदिर परिसर की परिक्रमा कर राम मंदिर निर्माण की प्रगति का जायजा लिया, जहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उन्हें निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और आगामी योजनाओं से अवगत कराया। सीएम योगी हनुमानग?ी व रामलला के दर्शन करने के बाद अशर्फी भवन के समीप पंच नारायण महायज्ञ में शामिल हुये, जहां उन्होंने महायज्ञ में पूज्य जगतगुरू रामानुजचार्य स्वामी श्रीधराचार्य सहित अन्य संत धर्माचार्यो के साथ महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित की। तत्पश्चात अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत कथा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे, जहां पर उपस्थित साधु संतों व पदाधिकारियों ने उनको स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। सीएम ने मंच से सम्बोधन देते हुये संत महंतों एवं जनप्रतिनिधियों सहित इस आयोजन के अवसर पर देश भर से पधारे सभी लोगों का हृदय से अभिनन्दन करता हूं। सीएम ने कहा कि सनातन धर्म की हमारी मान्यता है कि सम्पूर्ण सृष्टि के जो संचालक है गौरक्षक है और जो पालक है वह श्रीमन नारायण साक्षात सूर्यदेव है उन्हीं की कृपा से सब कुछ संचालित होता है उनकी कृपा के बिना कुछ भी सम्भव नही है और आज सब यहां अयोध्या धाम में आये है पंच नारायण महायज्ञ से जु?ने का उत्तर एवं दक्षिण के विद्वानों के संयुक्त प्रयासों से चल रहे आत्मशुद्धि का, इस भूमि की शुद्धि का,पर्यावरण की शुद्धि का, इस पवित्र महायज्ञ के साथ जु?ने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है और यह भी रामकोट में, श्री हरि विष्णु के ही एक पवित्र अवतार मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जन्मभूमि पर उनके पावन धाम पर, तो स्वाभाविक रूप से यज्ञ की सफलता अवश्य है। उन्होंने कहा कि 05 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री मोदी जी के कर कमलों से 500 वर्षो के संघर्ष के पश्चात अयोध्या में रामजन्मभूमि पर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ और 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीरामलला फिर से विराजमान हुये। सीएम योगी ने अयोध्या में निरन्तर हो रहे विकास कार्यों को बताते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या के वैभव को पुनः स्थापित करने का कार्य किया है। रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण और अयोध्या धाम का विकास इसका जीवंत उदाहरण है। सीएम ने कहा कि यह यज्ञ न केवल आत्मशुद्धि और पर्यावरण शुद्धि का माध्यम है, बल्कि यह सनातन धर्म की रक्षा और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार भी करता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन मां सरयू के पवित्र अंचल और भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर हो रहा है, जो इस यज्ञ को और भी विशेष बनाता है। पंच नारायण महायज्ञ इसी भाव के साथ, पर्यावरण की भी शुद्धि हो, भारत की रक्षा हो, सनातन धर्म फिर से हम सबके संरक्षण का आधार बने और हम अपने धर्म की सुरक्षा का आधार बने इस भाव के साथ आज यहां पर पवित्र अयोध्या श्रीरामलला के पावन धरा पर मां सरयू की इस आंचल में आज यहां पर आयोजित हो रहा है इसके लिए पूज्य जगतगुरू रामानुजचार्य स्वामी श्रीधराचार्य जी महाराज और उनकी पूरी टीम को जो इस पूरे आयोजन से जु? हुये सभी का हृदय से अभिनन्दन करता हूं और विश्वास व्यक्त करता हूं कि यज्ञ का पुण्य पूरे भारतवासियों को सनातन धर्मावलम्बी को प्राप्त हो आप सबके के प्रति मेरी शुभकामनाएं है। सीएम योगी अशर्फी भवन में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात सरयू अतिथि गृह रामकथा पार्क में पहुंचे जहां उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## श्रवण धाम मेले से लापता बच्ची परी सुरक्षित बरामद, पुलिस का सराहनीय प्रयास



**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।श्रवण धाम मेले में सोमवार रात 8 वर्षीय परी नाम की बच्ची के लापता होने से मचे हड़कंप के बाद पुलिस के सतर्क प्रयासों और स्थानीय लोगों की मदद से बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

परी, जो मेले में अपने परिवार के साथ चाट की दुकान पर मौजूद थी, अचानक लापता हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी राहुल पांडे और पुलिस टीम ने पूरी रात बच्ची की तलाश की। सघन जांच और खोजबीन अभियान के दौरान आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और स्थानीय लोगों से मदद ली गई।

बुधवार सुबह बच्ची रामापुर के जंगल से स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मिली, जो उसे लेकर पुलिस चौकी श्रवण क्षेत्र पहुंचे। बच्ची की सुरक्षित बरामदगी से परिवार और मेले के अन्य लोग राहत की सांस ले सके।

इस सराहनीय कार्य के लिए चौकी प्रभारी राहुल पांडे और उनकी टीम की प्रशंसा की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने पूरे चौकी स्टाफ की तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। बच्ची के परिजनों ने भी पुलिस और स्थानीय लोगों के प्रति आभार प्रकट किया है।

यह घटना पुलिस और स्थानीय समुदाय के संयुक्त प्रयास की मिसाल है, जिसने एक मासूम की सुरक्षा सुनिश्चित की।

### कार्यदायी संस्था की लापरवाही के चलते मार्ग पर कीचड़ व जल भराव की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

लहरपुर सीतापुर । ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की सुविधा मुहैया कराये जाने के लिये घर घर जल सप्लाई का कार्य किया जा रहा है जिसकी जिम्मेदारी कार्यदाई संस्थाओं को दी गई है। साथ ही कार्यदाई संस्थाओं को यह भी निर्देश दिये गये है कि हो कार्यो में ग्रामीण हितों का विशेष ध्यान रखा जाये लेकिन जारी आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए विकास खण्ड लहरपुर की ग्राम पंचायत टकेली में कार्यदाई संस्था की लापरवाही के कारण पेयजल पाइप लाइन लीकेज होने से मुख्य मार्ग पर जल भराव की समस्या से ग्रामीण व राहगीर काफी परेशान है। जिस कारण आये दिन पाइप लाइन में लीकेज बनी रहती है जिसके चलते मुख्य मार्गो पर कीचड़ व जल भराव की समस्या रहती है। जब इस संबंध में जल निगम अवर अभियंता सिद्धार्थ सोनी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जानकारी प्राप्त हुई है जल्द ही समस्या का निस्तारण होगा।

# पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के एजेंट का रूप धारण कर ट्रक लूट करने वाले गैंग का किया भंडाफोड़

**लूट के 5 आरोपी गिरफ्तार ,ट्रक को जीपीएस से ट्रैक कर पकड़ा, फाइनेंसर बनकर करते थे लूट**

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर । जिले में पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के एजेंट का रूप धारण कर ट्रक लूट करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक दिन पहले लूटे गए ट्रक को बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। सभी को जेल भेज दिया गया है।सीओ सदर देवेंद्र कुमार ने बताया कि एक दिन पहले अकबरपुर थाना क्षेत्र के न्योतरिया इलाके में ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट कर ट्रक लूट की घटना हुई थी। पीआरबी से मिली सूचना पर तुरंत अकबरपुर पुलिस, स्वाट टीम, और सर्विलांस पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। ट्रक में लगे जीपीएस की मदद से पुलिस ने कलवारी पुल, थाना अलीगंज के पास से लूटी गई ट्रक को बरामद किया।पुलिस ने मौके से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें शिवम दुबे, अविनाश वर्मा, विकास श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार और रिया नाम की एक महिला शामिल हैं। पकड़े गए मुख्य आरोपी शिवम दुबे ट्रक चला रहा था।सीओ ने बताया कि यह गैंग फाइनेंस कंपनियों की गाड़ियों पर नजर रखता था। वे ऐप के माध्यम से ऐसी गाड़ियों की जानकारी प्राप्त करते, जिनकी किस्तें बकाया होती थीं।

**पुलिस मामले की जांच में जुटी**-खुद को फाइनेंस कंपनी का एजेंट बताकर ये गैंग गाड़ियों को लूट लेता था। ट्रक लूट की घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। हालांकि, पुलिस की तत्परता से ट्रक और आरोपियों को पकड़ लिया गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ देवेंद्र कुमार ने कहा कि इस गैंग के नेटवर्क और अन्य संभावित मामलों की जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने किया दैनिक जशपुरांचल की रजत जयंती स्मारिका का विमोचन



रायपुर / मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में दैनिक जशपुरांचल की रजत जयंती स्मारिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने दैनिक जशपुरांचल के 25 वर्ष पूर्ण होने पर जशपुरांचल के संपादक श्री विजय त्रिपाठी सहित समाचार पत्र से जुड़े सभी लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दैनिक समाचार पत्र जशपुरांचल ने 25 वर्षों की इस यात्रा में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आशा है कि जशपुरांचल इसी तरह उत्कृष्ट पत्रकारिता द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक करता रहेगा। मुख्यमंत्री श्री साय को जशपुरांचल के संपादक श्री विजय त्रिपाठी ने बताया कि 1999 में स्थापित दैनिक जशपुरांचल ने इस वर्ष 25 वर्ष का सफर तय किया है। इसी उपलक्ष्य में जशपुरांचल की रजत जयंती स्मारिका प्रकाशित की गयी है। इस रजत जयंती स्मारिका में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पिछले 1 साल में किये गए जनकल्याण के विविध कार्यों पर केंद्रित आलेखों का संकलन किया गया है। साथ ही स्मारिका में जशपुर अंचल की संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक स्थल, एडवेंचर स्पोर्ट्स, जनजातीय विशेषता आदि से सम्बंधित रुचिपूर्ण जानकारी शामिल की गयी है । इस अवसर पर श्रीमती प्रियंवदा सिंह जूदेव, विधायक श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनि भगत, विधायक श्रीमती भावना बोहरा, भूपेंद्र सिंह सवन्नी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी.दयानंद

# देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून जरूरी,हिंदुओं की कश्मीर राज्य के जैसी होगी स्थिति



**केसरिया हिंदुस्तान**
**विक्रम बाली बुलंदशहर**

बुलंदशहर--- बुलंदशहर के सिकंदराबाद में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। जिसमें कथा के बाद प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता के दौरान कथावाचक अनिरुद्ध आचार्य महाराज ने कहा कि बिहार और झारखंड में योगी बाबा को मुख्यमंत्री होना चाहिए। जिससे वहां भी सुधार हो जाए। भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस पर शीघ्र कानून बनाए। अगर जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बनाया गया तो हिंदुओं का कश्मीर राज्य के जैसा हाल होगा।आज के युवाओं के बारे में बताते हुए अनिरुद्ध आचार्य महाराज ने कहा आज का युवा पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित होकर अपने संस्कारों को खो रहा है इसके लिए कहीं ना कहीं उनके माता-पिता भी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि सभी माता- पिताओं की पूर्ण जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों के अंदर संस्कार पैदा कर उनको संस्कारी बनाएं और अपनी संस्कृति से उनको परिचित कराएं।अनिरुद्ध आचार्य महाराज ने आगे कहा कि जब से उत्तर प्रदेश में योगी की सरकार बनी है तब से प्रदेश की कानून व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं में भी बहुत सुधार हुआ है। संविधान और मनुस्मृति पर अपनी प्रक्रिया देते हुए अनिरुद्ध आचार्य ने कहा कि संविधान और मनुस्मृति पर वह लोग ज्ञान देते हैं जिन्होंने आज तक उनको पढ़ भी नहीं है।अखंड भारत की परिकल्पना पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए बांग्लादेश का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग रहा है। बांग्लादेश को भारत में मिलाकर अखंड भारत बनाया जाए। राजनीतिक सीमाओं से परे अखंड भारत की परिकल्पना केवल एक भौगोलिक एकीकरण नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है। उनके अनुसार अखंड भारत का विचार हमारे सांस्कृतिक उत्थान का मार्ग है। अब समय आ गया है, हम सबको एक हो जाना चाहिए।

# गुड़ शेफर्ड विद्यालय का मनाया गया वार्षिकोत्सव




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी**

बाराबंकी। तहसील रामसनेही घाट शिक्षा क्षेत्र बनीकोडर अंतर्गत छंदवल व अहमदपुर के बीच स्थित गुड़ शेफर्ड विद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को हर वर्ष की तरह वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रबंधक सुरेश कुमार राना ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रचलित कर किया गया। श्री राणा ने संबोधित करते हुए लोगों को बताया कि जिस तरह माता-पिता अपने बच्चों की खुशी के लिए समर्पित रहते तमाम संघर्ष करते हैं ठीक उसी तरह प्रभु यीशु ने अपने आप को क्रूस पर बलिदान कर दिया। सभी इंसानों के पाप स्वयं पर ले लिए थे । ताकि हमें आपको सभी को जीवन मिले शांति मिले। यीशु ईश्वर के अवतार हैं।यीशु मसीह संसार में किसी की धर्म जाति, बदलने के लिए नहीं आया था ना ही किसी को ईसाई बनाने आया

# हाइटेंशन तार शिफ्टिंग को लेकर पहुंचे एसडीओ, ग्रामीणों का भारी विरोध

## आबादी क्षेत्र से नई लाइन ले जाने पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



निचलौल (महराजगंज)ठूठीबारी कस्बे के शांतिनगर मुहल्ले के आबादी क्षेत्र से नई लाइन शिफ्टिंग को लेकर पहुंचे एसडीओ निचलौल सहित विद्युत विभाग की टीम को ग्रामीणों का भारी विरोध का सामना करना पड़ा। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शिफ्टिंग कार्य को तत्काल रुकवा दिया। जिसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। ग्राम प्रधान अजय कुमार सहित ग्रामीण शकीला, हुस्ना खान, संपाती साहनी, संदीप कसेरा, जय निगम, सुरेंद्र द्विवेदी, गुड्डू मिर्जा, कन्हैया प्रसाद, निजामुद्दीन, रतन कसेरा, रहीम, महेश कुमार, गोपी चंद, विवेक कुमार, प्रकाश, वीरेंद्र आदि लोगो ने बताया करीब 30, 35 वर्षों से संचालित 11 हजार वोल्ट के हाइटेंशन तार को हटाया जा रहा है। जबकि इस रास्ते से प्रति दिन सैकड़ों माल वाहक वाहन सहित हजारों लोगों का आवागमन होता है। ग्रामीणों मांग किया है कि हाइटेंशन तार को पहले की तरह रखा जाय। किसी भी सूरत में नई लाइन का कार्य नहीं होने दिया जाएगा। भारी हंगामा के दौरान जाम की स्थिति बन गया गया। इस बाबत विद्युत एसडीओ आशीष विष्ट ने बताया कि नई लाइन लगाने पर ग्रामीणों में काफी विरोध है।काम रोक दिया गया है।समाधान होने के बाद कार्य होगा। उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

# प्रधान के नेतृत्व में शीत लहर के चलते थाना अध्यक्ष सहित समाज सेवियों ने बाटे कम्बल




**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान (जालौन)से सुयश पाण्डेय की रिपोर्ट**

कुठौंद जालौन। जिलाधिकारी के कुशल निर्देश के बाद जहां प्रशासन शीत लहर के चलते हर संभव कार्य कर रहा है। गरीबों को ठंड में कम्बल वितरण किए जा रहा है ।वही जिला अधिकारी से प्रेरित होकर आज ग्राम पंचायत सलेमपुर- कालपी में थाना अध्यक्ष कृष्ण पाल (सरोज) के साथ समाज सेवी पवन शर्मा ग्राम प्रधान दिलीप दुहौलिया ने गांव के अत्यंत गरीब और असहाय लोगों कम्बल वितरण किया कम्बल पा कर लोगों के चारे खिल उठे और बुजुर्गों ने अपने दोनों हाथ उठा कर आशीर्वाद दिया बुजुर्गों का कहना हैं हमारे ग्राम प्रधान सबका ख्याल रखते है। कार्यक्रम में पांच सास बहुओं को भी कम्मल दे कर सम्मानित किया गया ।गांव की ऐसी सास बहुओं को सम्मानित किया गया जो कि 40 से 50 वर्ष होने के बाद भी कभी तक आपस में तू तू मैं मैं नहीं हुई उनको सम्मानित कर गांव को संदेश दिया गया यदि हर घर की सास और बहुएं ऐसे ही सम्मानित होती रहे तो हर घर में राम राज्य स्थापित होने से कोई नहीं रोक सकता। कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष कृष्ण पाल (सरोज) ने ग्रामीणों से निवेदन कर के कहा कि यदि आप लोग एक दूसरे का सम्मान करें और कभी एक दूसरे को तुरंत जवाब न दे तो लड़ाई झगड़े से बचा जा सकता है ।और गांव में शांति का माहौल बना रहता है। जो कि सबके लिए अच्छा होता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से थाना अध्यक्ष ग्राम प्रधान दिलीप दुहौलिया, पवन शर्मा , ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अरुण कुमार के साथ दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# पारा हाजी गांव में पीपे की पुल की मांग, बढ़ती गलन में भी धरना जारी।




**केसरिया हिंदुस्तान, संगीता दीक्षित, बाराबंकी।**

बाराबंकी। पारा हाजी गांव में पीपे की पुल की मांग को लेकर लगातार 39 वे दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन, धरने पर बैठे ग्रामीणों और किसानों की एक ही मांग है। जब तक पीपे के पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं होगा तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। यदि इस भयंकर ठंड में धरने पर बैठे किसान को कोई घटना घटित हुई तो कौन जिम्मेदार होगाड़ किसानों की मांग को लेकर 39 वे दिन भी कोई सम्बन्धित अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा । आखिर कौन किसानों की मांग को करेगा पूरा ड़ आपको बता दे कि पारा हाजी गांव का संसदीय क्षेत्र अयोध्या, विधानसभा क्षेत्र रुदौली, तहसील रामसनेही घाट व जिला बाराबंकी है। बढ़ती ठंड में बच्चे, किसान, महिलाएं सभी पीपा पुल की मांग कर रहे है जिससे इन्हे पंद्रह किलोमीटर की दूरी के लिए मात्र तीन किलोमीटर चलना पड़ेगा। ग्रामीणों का आवगमन सरल हो जायेगा। साथ ही इससे लाखों राहगीरों की यात्रा सुगम होगी। इस उपलब्धि से आस-पास के गांव भी लाभांवित होंगे। चुनाव के दौरान ग्रामीणों से किए वादे को पूर्ण न होने से ग्रामीणों ने अपनी मांग को लेकर महीनों से पारा हाजी के बाजपुर घाट पर पीपे की पुल की मांग को लेकर नदी के किनारे धरना दे रहे है। धरना दे रहे किसानों में अशोक कुमार, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के तहसील अध्यक्ष सरदार अजय पटेल, तहसील उपाध्यक्ष प्रवेश वर्मा, तहसील सचिव सर्जन लाल, ग्राम पंचायत अध्यक्ष राम प्रताप साहू, राजाराम, राम प्रकाश, लालता प्रसाद, अमरचंद, अरविन्द कुमार, शिवानंद , निर्मल शर्मा, अजय शर्मा , पतिराम, गुलई, तुलसीराम , खुशीराम, राजाराम यादव, आदि सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## एक नजर...

# उपचुनाव में भाजपा सपा कांटे के मुकाबले में भाजपा की हुई 1422वोटसे जीत



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

बांदा/बबेरू -भाजपा प्रत्याशी ने बबेरू नगर पंचायत उपचुनाव में मारी बाजी। नगर पंचायत उपचुनाव को लेकर के भाजपा सपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों में रही कांटे की टक्कर। बबेरू नगर पंचायत उपचुनाव को लेकर 17 दिसंबर को पड़े थे मतदान। 46त्न मतदान होने के उपरांत आज 19 दिसंबर को काउंटिंग के दौरान भाजपा प्रत्याशी ने जीत की हासिल। बबेरू नगर पंचायत उपचुनाव पर सपा ने 3287, कांग्रेस ने 2132, तथा भाजपा ने 4709 मत प्राप्त किया।। कुल मिलाकर बीजेपी कैंडिडेट विवेकानंद गुप्ता ने 1422 वोटो से जीत हासिल की। बबेरू नगर पंचायत उपचुनाव में भाजपा के जीतने के उपरांत भाजपायों में हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। बबेरू नगर पंचायत अध्यक्ष सूर्यपाल यादव की मौत होने के उपरांत हुई थी सीट रिक्त। समाजवादी पार्टी से सूर्यपाल यादव की पत्नी बसदेइया यादव लड़ रही थी उपचुनाव। भाजपा के विजई उम्मीदवार विवेकानंद गुप्ता के बाद दूसरे नंबर में समाजवादी पार्टी की बसदेइया यादव रही।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बनी पिंकी द्विवेदी




**कोसीकला**
**केसरी हिंदुस्तान संवाददाता सुनील अंनत**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी विस्तार को लेकर राष्टीय अध्यक्ष अध्यक्ष संदीप बंसल और प्रदेश मंत्री संजय गर्ग बठेनिया व जिला अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा ने वृंदावन की पिंकी द्विवेदी को महिला जिला अध्यक्ष अध्यक्ष चुना है। कोसीकला आगमन पर पिंकी द्विवेदी का अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं ने माला 1 दुपट्टा पहना कर भव्य स्वागत किया। भगवत अचार वालों की निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में पिंकी द्विवेदी ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह व्यापार मंडल के उत्थान व्यापारियों की समस्याओं तथा संगठन को आगे बढ़ाने एवं महिलाओं को भी एक उचित स्थान दिलाने को लेकर कर्मठता से कार्य करेंगी। उन्होंने सभी को साथ लेकर चलने की बात कही स्वागत करने वालों में व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री संजय बठेनिया सुनील अनंत राहुल शर्मा महेश पाल पदम अग्रवाल टिंकू अग्रवाल यश जिंदल नगर अध्यक्ष डीके शंकर बंसल पवन बंसल विकास अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधानों व अध्यापकों हेतु संगोष्ठी उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाई जा रही




नगीना। विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम संगोष्ठी में मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथियों ने भी योजनाओं के बारे में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों व अध्यापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।शुक्रवार को एक बैंकट हॉल में ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधानों व अध्यापकों हेतु संगोष्ठी उन्मुखीकरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ आमजन को भी मिल रहा है इसी के साथ विशिष्ट अतिथियों के रूप में एसडीएम मांगेराम चौहान ने कहा कि अच्छी भावना से किया गया कार्य हमेशा सफल होता है इसलिए अब परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर शिक्षकों व ग्राम प्रधानों के सहयोग से बदल रही है ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधानों व अध्यापकों हेतु संगोष्ठी व उन्नयन कार्यक्रम खण्ड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह के निर्देशन व वरिष्ठ शिक्षक अशोक कुमार के संचालन में आयोजित किया गया जिसमें परिषदीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा स्वागत गीत सरस्वती वंदना के बाद वक्ताओं ने निपुण भारत मिशन, मिशन कायाकल्प, डीबीटी, एमडीएम, आउट ऑफ स्कूल बच्चे और उनकी उपस्थिति आदि विषयों पर प्रकाश डालते हुए उन्नयन किया गया। इस मौके पर 270 के लगभग ग्राम प्रधानों व शिक्षकों ने प्रतिभाग किया मुख्य अतिथि गन्ना समिति नगीना के चेयरमेन अनिल राणा सहित विशिष्ट अतिथि एसडीएम मांगेराम चौहान व बीडियो मानवीर सिंह सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान आलोक कुमार प्रधान को इस अवसर पर अपनी ग्राम पंचायत में विद्यालयों में बेहतरीन कार्य करने को लेकर सम्मानित भी किया गया। इसी क्रम में क्षेत्र के दर्जनों ग्राम प्रधानों को उनकी पंचायतों में अच्छे कार्य को देखते हुए उन्हें सर्टिफिकेट देकर सम्मानित कर आवश्यक निर्देश दिए उधर खण्ड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने सभी का आभार व्यक्त कर अतिथियों को बैज लगाकर सम्मानित किया। संगोष्ठी में खण्ड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह, एडीओ एग्रीकल्चर मुकेश शर्मा, डायट मेंटर प्रीति रानी, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गर्वित चौधरी के साथ साथ क्षेत्र के लगभग 270 ग्राम प्रधान जिसमें डेविड कुमार, मुकेश कुमार, रोहित शर्मा, पुनीत शर्मा व उमा रानी तथा दर्जनों प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन

## – एमएसएमई विभाग की तरफ से मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज में लगाया गया शिविर




नूंह, नीरज सोनी दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत - एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम विभाग) की तरफ से वीरवार को मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज, पल्ला, नूह में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

डीसी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों योजना के अंतर्गत जिला में ज्यादा से ज्यादा - खाद्य यूनिट बन सके, इसके लिए लोगों को योजना के बारे में जागरूक किया जाए। इसके लिए संबंधित विभाग लोगों को जागरूक करने के लिए जिला स्तर, खंड स्तर व कलस्टर स्तर पर ऐसे जागरूकता शिविरों का आयोजन निरंतर करते रहें। शिविर के दौरान विभाग के उपनिदेशक गौरव लाठर ने बताया कि एमएसएमई विभाग के माध्यम से खाद्य यूनिट को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा टर्म लोन पर 35 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है, जोकि अधिकतम 10 लाख रुपए तक है। 18 वर्ष की आयु से ऊपर कोई भी व्यक्ति विभाग द्वारा दी जा रही इन योजनाओं का लाभ उठा सकता है। इस शिविर में कृषि एवं कल्याण विभाग, बागवानी विभाग, एलडीएम, नाबार्ड और एनआरएलएम के अधिकारियों नेवी विद्यार्थियों को विभागों द्वारा चलाई जारी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# साहू बने प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारणी अध्यक्ष क्षेत्रवासियों ने दी बधाई

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
कमलेश रजक

बलौदाबाजार == साहू समाज के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूती प्रदान करते हुए, बलौदाबाजार जिले के ग्राम रेंगाडीह निवासी धन्नू साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश कार्यकारणी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू और राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू एवं पवन साहू के मार्गदर्शन में की गई। धन्नू साहू को उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से नवाजा गया है।धन्नू साहू की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। जिला अध्यक्ष सुनील साहू रेवाराम साहू धनंजय साहू तहसील अध्यक्ष रोहित साहू मनहरन साहू गणपत साहू, पुनीत राम साहू, सीताराम साहू केशव साहू अरुण साहू अर्जुन साहू कमलेश साहू, पारसमणी साहू सहित अन्य गणमान्य लोगों ने



उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। धन्नू साहू ने इस अवसर पर कहा मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसके लिए मैं पूरे साहू समाज का आभार व्यक्त करता हूं। मैं समाज की उन्नति और युवा शक्ति को एक नई दिशा देने के लिए पूरी लगन और निष्ठा के साथ कार्य करूंगा।

**युवा प्रकोष्ठ के गठन से समाज को नई ऊर्जा**–प्रदेश साहू संघ ने युवा प्रकोष्ठ की स्थापना कर समाज में नई ऊर्जा का संचार करने की योजना बनाई है। इस प्रकोष्ठ का उद्देश्य युवाओं को समाजसेवा, नेतृत्व और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय रूप से जोड़ना है। धन्नू साहू के अध्यक्ष बनने से इस पहल को और गति मिलेगी।

**नेताओं ने जताया विश्वास**–प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू और राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू ने धन्नू साहू की नियुक्ति पर भरोसा जताते हुए कहा कि उनका अनुभव और नेतृत्व समाज के युवाओं को संगठित करने और समाज की उन्नति में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने धन्नू साहू को बधाई देते हुए संगठन को सशक्त बनाने की उम्मीद जताई।

**समाज की ओर से समर्थन और सम्मान**–बलौदाबाजार क्षेत्र के नागरिकों ने धन्नू साहू को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया और कहा कि उनके
नेतृत्व में साहू समाज को नई दिशा मिलेगी। युवा वर्ग के लिए यह प्रेरणा का स्रोत है। इस नियुक्ति से पूरे क्षेत्र में साहू समाज की सक्रियता और एकजुटता को लेकर नई उम्मीदें जगी हैं। धन्नू साहू ने इस जिम्मेदारी को समाज के लिए समर्पित करते हुए सबको भरोसा दिलाया कि वे सभी की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।

## एक नजर...

### क्या पूर्व और वर्तमान विधायक के वर्चस्व की लड़ाई में नहीं हो पाई जरही मंडल की नियुक्ति

जब संगठन के नेताओं को लिफाफा में अपने पसंदीदा व्यक्ति को ही मंडल अध्यक्ष बनाना था तो रायसुमारी कराने का प्रकिया का क्या मतलब – प्रतापपुर

क्या जिले के अधिकांश मंडलों में जिम्मेदार उच्चनेताओं के पसंदीदा चेहरा को मंडल अध्यक्ष बनाने से टूट के बनेंगे कारण.

क्या जिम्मेदार आगामी नगर पंचायत चुनाव के हार और पार्टी में टूट के अंदाजा से नहीं कर पा रहे जरही मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान उदित ठाकुर

सूरजपुर/बीते 19 दिसंबर को जिले 13 मंडलों में भाजपा नये मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई वही जरही मंडल अध्यक्ष के नाम पर खींचातानी चल रहा है। सूत्रों की माने तो क्षेत्रीय विधायक अपने चहेते को मंडल अध्यक्ष बनाने के लिए संगठन में दबाव बना रही हैं और मंण्डल के भाजपा कार्यकर्ता पूर्व विधायक के समर्थक व सक्रिय एक कार्यकता को मंडल अध्यक्ष बनाना चाह रहे हैं। ऐसे में विरोध की स्थिति बनी हुई हैं। वहीं प्रतापपुर मंडल अध्यक्ष के नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी देखीं जा रही हैं जिसका विरोध सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो देखा जा रहा है।सोशल मीडिया में हो रहे विरोध के वायल वीडियो में साफ साफ देखा जा सकता है कि प्रतापपुर मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति के दौरान मंडल प्रभारी राजेश अग्रवाल (महलवाला) से तर्क वितर्क करते दिख रहे हैं जिसमें एक कार्यकर्ता यह कह रहा हैं की 7 दिसंबर को हुए रायसुमारी के दौरान आप जिस रजिस्टर में बुथ अध्यक्ष व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मत जानकर नाम लिखें तो उस रजिस्टर को कार्यकर्ताओं के सामने दिखाया जाए जिससे हम कार्यकर्ताओं को पता चल सके की आप जिसे अध्यक्ष नियुक्त कर रहे हैं उस नाम पर कितने लोगों की सहमति है।प्रतापपुर मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं के बीच हो रहे नोक झोंक के बीच मंडल प्रभारी राजेश महलवाला भड़क गए और कार्यकर्ताओं को संगठन का सिस्टम बताते हुए यह कहते नजर आ रहे है की जब कांग्रेस से भाजपा में आए चिंतामणि महाराज को सांसद बनाया जा सकता है तो फिर मंडल अध्यक्ष पर सवाल उठाना गलत है।प्रतापपुर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा जब संगठन के नेताओं को लिफाफा में अपने पसंदीदा व्यक्ति को ही मंडल अध्यक्ष बनाना था तो रायसुमारी कराने का प्रकिया का क्या मतलब था जहा कार्यकर्ताओं के विरोध के बावजूद भी प्रतापपुर में मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति कर दिया गया

## नगर पंचायत रामसनेही घाट में लगा गंदगी का अंबार जिम्मेदार कर रहे अनदेखा

**नगर पंचायत में साफ सफाई व्यवस्था ध्वस्त कर्मचारी काट रहे मलाई**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता
रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी

बाराबंकी। तहसील रामसनेही घाट अंतर्गत नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 में लगा गंदगी का अंबर सफाईकर्मी ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसको लेकर वार्ड वासियों में आक्रोश है मिली जानकारी के मुताबिक रामसनेहीघाट क्षेत्र के नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 में कचरा के ढेर और बदबू से जीना बेहाल है जिसके कारण लोगों को यहां काफी परेशानी उठानी पड़ रही है जहां तक कूड़ा सड़कों तक बेदर्दी ढंग से गंदगी पसरी हुई है गंदगी के कारण संक्रमण रोग फैलने का भी खतरा लोगों को सता रहा है नतीजन नगर पंचायत स्वच्छता के मामले में वार्ड वासियों के उम्मीद पर खरा नहीं उतर रहा है वार्ड नंबर 13 के निवासी जगन्नाथ चौरसिया, गौरी शंकर शुक्ला, श्रीधर शुक्ला,



मुकेश चौरसिया, उमेश राठौर, सेमटी कई लोगों ने बताया कि यहां पर गंदगी के वजह से बुरा हाल है सफाई कर्मी रोड और सड़क पर तो आ जाते हैं लेकिन हम लोगों की गलियों में आना मुनासिब नहीं समझते जिसके कारण यहां पर लगे कचरे के ढेर और बदबू में जीवन यापन हम लोग कर रहे हैं उक्त लोगों ने बताया कि कचरे का उठाव करने वाली गाड़ी भी यहां तक नहीं आती है जिसके कारण स्थित बद से बदतर होती जा रही है साथ ही मक्खी मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है और यहां पर कूड़ा दान भी उपलब्ध नहीं है जिसके नतीजतन कूड़ा कचरा जहां-था फेंक दिया जा रहा इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश यादव से बात की तो उन्होंने बताया कि आपके द्वारा मामला प्रकाश में आया है सफाई कर्मियों को तुरंत भेज कर स्वच्छता साफ-सफाई कराई जाएगी एवं कचरा दान भी वहां रखवाया जाएगा

## 68 बी संत शिरोमणि महाराज की पुण्यतिथि मनाई

संत गाडगे महाराज की 68वी पुण्यतिथि पर विश्व रजक महासंघ राजस्थान श्री धोबी युवा शक्ति मंच राजस्थान के तत्वाधान में छोटी चौपड़ पर संत गाडगे बाबा के उपदेश नशा मुक्ति शिक्षा संगठन एवं संघर्ष को ध्यान में रखकर दूध वितरण कार्यक्रम एवं पुष्पांजलि का कार्यक्रम साय 6=15 बजे आयोजित किया गया करीब 168 किलो दूध का वितरण किया गया कार्यक्रम में महिलाओं बच्चों ने इस सर्दी के मौसम में गरम-गरम ड्राई फ्रूट मिक्स दूध का सेवन कर संत गाडगे बाबा की जयकार लगे कार्यक्रम में राजेंद्र वर्मा पवार संयोजक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान धोबी महासभा संस्थान एवं पूर्व खादी बोर्ड सदस्य राजस्थान सरकार सीताराम नरनोलिया संयोजक राजस्थान धोबी महासभा संस्थान गजेंद्र अखरिया प्रदेश अध्यक्ष विश्व रजक महासंघ राजस्थान राजेश तंवर पूर्व प्रत्याशी जयपुर सांसद बहुजन समाज पार्टी प्रमोद दिवाकर जिला प्रभारी बहुजन समाज पार्टी मनीष थुनिया श्री धोबी युवा शक्ति मंच राजस्थान सुरेश ढोलीवाल श्री धोबी बसीठा समाज संस्था रामजीलाल बसेठा मालवीय नगर मोहन पवार जवाहर नगर सुनील चौधरी सुनील सांखला गोपाल राम वर्मा सेवानिवृत पुलिस अधीक्षक राजस्थान धोबी महासभा संस्थान रोहित दिवाकर समाजसेवी भूपेंद्र अखरिया ऋषि सैनी विक्की गढ़वाल विजय टाक सुशील पूनिया इत्यादि शामिल थे

## महापौर हुए अटल भूषण अवार्ड से सम्मानित



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी

मथुरा। आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्रहालय में अटल फाउंडेशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मथुरा वृन्दावन महापौर विनोद अग्रवाल को अटल भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया कि उनको इस सम्मान से सम्मानित किया जाना उनके लिये बहुत गौरव की बात है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित स्व.आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं। अटल जी के नेतृत्व में हुए सफल परमाणु परीक्षण ने विश्व पटल पर भारत देश की एक अलग पहचान बनाई। स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के द्वारा अनेक ऐसे उत्कृष्ट कार्य किये गये जिनके लिये उनको आज भी ससम्मान याद किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यप्रकाश जटिया, अटल फाउंडेशन के सेक्रेटरी मनोज सिंह, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर मेयर सौम्या गुर्जर, लेखराज माहेश्वरी, अनीता शाह, अंकुर अग्रवाल समेत देश और विदेश के विभिन्न जगहों से अपने-अपने प्रतिभा के क्षेत्र में निपुण महानुभाव उपस्थित थे।

## जटेरी धाम डीग राजस्थान में संत समागम महाकुंभ महोत्सव का चल रहा आयोजन

**गंधमादन पर्वत की तलहटी में 23 दिसंबर को होगा भंडारा**

केसरिया हिन्दुस्तान

मथुरा। नीरज चतुर्वेदी। रसिक संत अनन्य दास एवं मनोहर दास के निकुंज उत्सव के उपलक्ष्य में श्री राधा हसन बिहारी महाराज जटेरी धाम सेवा ट्रस्ट द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समूचा कार्यक्रम विपिन बिहारी दास महाराज मुखिया जी के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत भक्तमाल कथा का आयोजन निरंतर जारी रहा है। जिसमें राजस्थान हरियाणा पंजाब दिल्ली उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश आदि स्थानों से काफी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त कथा श्रवण एवं दर्शन के लिए जटेरी धाम पहुंच रहे हैं। ब्रज 84 कोस के अंतर्गत जटेरी धाम आता है। जटेरी धाम में प्रतिदिन शाम को रासलीला का आयोजन हो रहा है। जिसमें काफी बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोग हिस्सा ले रहे हैं। संत समागम महोत्सव कार्यक्रम में देश के



जाने-माने संत महंत महामंडलेश्वर और विभिन्न अखाड़ों के संत आचार्य भागवत वक्ता पहुंच रहे हैं।कार्यक्रम में राजनेता समाजसेवी एवं पुलिस प्रशासन के अलावा न्यायपालिका के आला अधिकारी भी संतों का आशीर्वाद लेने के लिए जटेरी धाम आ रहे हैं। श्रीमद् भागवत महापुराण के प्रथम अध्याय में बताया गया है कि ब्रह्मा जी के मानस पुत्र और भगवान के अवतार सनक संदन सनातन सनत कुमार ऋषि से मिलने नारद जी आए थे। और नारद मुनि का मिलन हुआ था। यहां पर राधा हसन बिहारी जी के श्री विग्रह के अलावा सनक संदन सनातन सनत कुमार एवं नारद मुनि का भी प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर विद्यमान है। पास में ही सरोवर है। इस शांत और रमणीक स्थल में काफी बड़ी संख्या में मोर तोता आदि के अलावा तमाम जीव जंतु दर्शन देते देखे जा सकते हैं। इस रमणीक स्थल में आकर श्रद्धालु भक्तों को आत्म शांति का एहसास होता है।

## पच्चीस-पच्चीस हजार के दो ईनामी बदमाश मुठभेड़ में पकड़े



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी

मथुरा। राया थाना पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में राया कट के समीप से पुलिस ने 25 -25 हजार के इनामी दो बदमाशों को मुठभेड़ में चेकिंग के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से दो अवैध तमंचा दो घटनाओं कारतूस दो खोखा एक लेपटॉप एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुयी है।पुलिस और स्वाट टीम ने राया कट से मुठभेड़ के दौरान बदमाश अंकित चौधरी पुत्र राजवीर सिंह निवासी गांव सारस थाना राया और पुष्पेंद्र चौधरी उर्फ बिट्टू पुत्र देवेंद्र सिंह उर्फ कलुआ ठेकेदार निवासी धर्मा वाली गली कस्वा राया को गिरफ्तार किया गया है। एसपी देहात त्रिगुन बिसेन ने बताया कि विगत दिनों राया क्षेत्र में दो लूट की घटनाओ में इन दो बदमाशों के नाम प्रकाश में आये थे। पुलिस को सूचना मिली कि आज फिर कोई बारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। सूचना पर स्वाट टीम और राया पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बाइक पर दो बदमाश आते दिखाई दिए पुलिस ने उन्हें रोकने का इशारा किया। इस दौरान बदमाशो में पुलिस पर गोलियां चला दी पुलिस ने आत्मरक्षा हेतु जवाव में गोलियां चलाई इस दौरान पुलिस की गोली से दोनों बदमाश घायल हो गए। घायल बदमाशो को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस दोनों अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी करने में जुटी हुयी है।

## आशकारण अटल को 'अटल सम्मान' दिए जाने पर साहित्यकारों का विरोध।

ग्वालियर। गत दिवस ग्वालियर जिले की अनेक साहित्यिक संस्थाओं के साहित्यकारों एवं प्रतिनिधियों ने एकत्रित होकर ग्वालियर कलेक्ट्रेट में पहुंच कर,नगर निगम ग्वालियर द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम पर स्थापित ÷ अटल सम्मान ÷ विभिन्न मंचों पर उनकी शारीरिक अक्षमता, सामाजिक जीवन और व्यक्तिगत चरित्र पर अनर्गल टिप्पणी , उपहास करने वाले हास्य कवि आशकरण अटल को दिये जाने के निर्णय के विरोध में ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर महोदय के प्रतिनिधि के तौर पर मुरार एस डी एम श्री अशोक चौहान ने ज्ञापन लिया और उचित कार्यवाही किये जाने का आश्वासन भी दिया।

ज्ञापन देने वाले विशिष्ट साहित्यकारों में ÷प्रेमचंद सृजन पीठ उज्जैन ÷ के पूर्व निदेशक जगदीश तोमर , अटल सम्मान से विभूषित और ÷साहित्य साधना संसद ÷के महामंत्री शैवाल सत्यार्थी , ÷लोक-मंगल ÷पत्रिका के प्रधान संपादक और ÷ ग्वालियर साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ .भगवान स्वरूप चैतन्य , मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा के अध्यक्ष डॉ कुमार संजीव , ÷गीत यामिनी÷ के संस्थापक और अध्यक्ष ब्रजेश चंद्र श्रीवास्तव , ÷भगवत भट्ट साहित्य परिवार ÷के अध्यक्ष अनंगपाल सिंह भदौरिया ,÷ स्वरधारा साहित्य संस्था के संस्थापक और अध्यक्ष विजय सेठी अकेला जी, म0प्र0 लेखक संघ ग्वालियर के उपाध्यक्ष आलोक शर्मा , ÷म0प्र0 काव्यधारा मंच÷ के संस्थापक और अध्यक्ष नयन किशोर श्रीवास्तव , तरुणोदय संस्था के अध्यक्ष हेमन्त त्रिवेदी , ÷धरातल ÷संस्था के संस्थापक और अध्यक्ष देवेन्द्र ÷राही÷ , ÷संगम साहित्य संस्था÷ के सचिव अमित चितवन , डॉ अन्नपूर्णा भदौरिया न्यास के रवीन्द्र रवि , हिन्दी साहित्य सभा के प्रचार प्रसार मंत्री रामचरण ÷रुचिर ÷, नवगीतकार प्रदीप पुष्पेन्द्र व अनेक साहित्यकार व कविगण उपस्थित रहे। सभी ने आशकरण अटल को ÷अटल सम्मान ÷दिये जाने और इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में स्थानीय कवियों के रूप में उर्दू के दो शायरों को सम्मिलित किए जाने की कड़ी भर्त्सना की।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् सारणी, जिला- बैतूल (म.प्र.)

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

E Mail: cmosarni@mpurban.gov.in, Fax/Phone: 07146-256400

क्रं. /न.पा./राज/2024/1172/1173 सारनी दिनांक 03/12/2024

### -: ई निविदा आमंत्रण सूचना :-

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रमाणी में शासन के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से आनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_UAD_385807_1 | वाहन पार्किंग स्टैण्ड वसूली कार्य | दिनांक 12.01.2025 से 22.01.2025 76000 | 1000.00 1520 | 21.12.2024 |
| 2 | 2024_UAD_385757_1 | प्लाट वसूली कार्य | दिनांक 12.01.2025 से 22.01.2025 221000 | 1000.00 2210 | 21.12.2024 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् , सारनी